फाल्गुन कृष्ण पक्ष, द्वितीया
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 26 फरवरी 2024
वर्ष 4, अंक 9, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अनंत-राधिका का प्री वेडिंग सेलिब्रेशन 1 से 3 मार्च तक 14

करीना और तब्बू की फिल्म 'क्रू' का टीजर रिलीज 13

## हादसा टला : बिना ड्राइवर के 78 किमी. तक दौड़ी मालगाड़ी

होशियारपुर, एजेंसी



- कठुआ में ड्राइवर बदलने के दौरान चल पड़ी मालगाड़ी
- पंजाब में ऊंची बस्सी के पास बोरियां लगाकर रोकी गई

पंजाब में जम्मू-जालंधर रेल खंड पर ऊंची बस्सी (मुकेरिया) के पास बिना लोकोमोटिव पायलट के चल रही एक मालगाड़ी के रुक जाने से रविवार को एक बड़ी दुर्घटना टल गई। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, बिना लोकोमोटिव पायलट के चल रही क्रशर से भरी मालगाड़ी को आज ऊंची बस्सी के पास रोक दिया गया।

मानवरहित ट्रेन ने बिना पायलट के 78 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की थी। रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के कठुआ में ड्राइवर बदलने के दौरान मालगाड़ी ढलान वाली पटरी पर लुढ़कने लगी। पंजाब के ऊंची बस्सी के पास रेत की बोरियों की मदद से ट्रेन को सफलतापूर्वक रोका गया। घटना की गहन जांच अभी चल रही है और जिम्मेदार लोगों पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# कांग्रेस में नहीं थी इच्छाशक्ति, हमने बदल दी देश की तस्वीर

द्वारका (गुजरात), एजेंसी



- देश के सबसे लंबे केबल स्टे ब्रिज सहित कई परियोजनाओं का किया लोकार्पण
- स्कूबा डाइविंग कर समुद्र में डूबी द्वारका नगरी के दर्शन व पूजा-अर्चना भी की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने देश के सबसे लंबे केबल स्टे ब्रिज सहित विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। पंचकुई समुद्र तट पर स्कूबा डाइविंग की और पानी में डूबी भगवान कृष्ण की प्राचीन द्वारका नगरी के दर्शन करने के साथ ही वहां पूजा-अर्चना भी की। उन्होंने जनसभा में कहा कि मैंने गहरे समंदर के भीतर जाकर प्राचीन द्वारका जी के दर्शन किए जो मेरे लिए एक दिव्य अनुभव था। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि पिछली सरकार में जमकर घोटाले हुए। कहा कि आपने 2014 में मुझे दिल्ली की गद्दी पर बैठाया, जिसके बाद से देश विकास के पथ पर चल पड़ा। पहले की सरकार में इच्छाशक्ति नहीं थी, आज चारों दिशाओं में निर्माण कार्य चल रहा है।

मोदी ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की कर्मभूमि द्वारका धाम को मैं श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि हमने वो दिन भी देखे हैं, जब सौराष्ट्र के लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए संघर्ष करते थे। जब मैं कहता था कि जिन नदियों में साल भर पानी रहता है, उनका पानी सौराष्ट्र और कच्छ में लाया जाएगा, तो कांग्रेस मेरा मजाक उड़ाती थी, लेकिन आज सौनी योजना ने सौराष्ट्र का भाग्य बदल दिया है। 1300 किमी से अधिक लंबी पाइपलाइन बिछाई गई है, जो इतनी चौड़ी है कि उसमें से एक कार गुजर सकती है, सैकड़ों गांवों में अब पानी पहुंच गया है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- स्कूबा डाइविंग के दौरान दिव्य अनुभव हुआ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि स्कूबा डाइविंग कर द्वारका नगरी में प्रार्थना करना बहुत ही दिव्य अनुभव था। सफेद डाइविंग हेलमेट और गेरुआ वस्त्र पहने मोदी समुद्र तल पर पालथी मारकर बैठे और हाथ जोड़कर भगवान की प्रार्थना की। इस दौरान नौसेना के गोताखोरों ने उनकी इसमें मदद की। इससे पहले मोदी हाथ में मोर पंख लिए वहां पहुंचे और उसे भगवान कृष्ण को अर्पित किया। पानी से बाहर आने के बाद मोदी ने कहा कि साहस से कहीं अधिक, यह आस्था था। स्कूबा डाइविंग बेट द्वारका द्वीप के पास द्वारका के तट पर कराई जाती है, जहां लोग पुरातत्वविदों द्वारा खोजी गई समुद्र में डूबी प्राचीन द्वारका के मौजूद अवशेषों को देख सकते हैं। मोदी ने बाद में यहां एक सभा को संबोधित करते हुए अपने अनुभव साझा किए।

### ओखा-बेट द्वारका को जोड़ता है सुदर्शन सेतु

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में ओखा और बेट द्वारका को जोड़ने वाले 978.93 करोड़ रुपये के अनुमानित खर्च से निर्मित देश के सबसे लंबे केबल-आधारित ब्रिज 'सुदर्शन सेतु' का रविवार को लोकार्पण किया। मोदी ने शिला पट्टिका का अनावरण कर 'विकसित भारत, विकसित गुजरात' के संकल्प को साकार करने वाले और देवभूमि द्वारका जिले सहित गुजरात की विशिष्ट पहचान बनने वाले इस सुदर्शन सेतु को आम लोगों के लिए खोला। भगवान द्वारकाधीश की पावन भूमि के सर्वांगीण विकास की गति को तेजी देने वाले सुदर्शन सेतु के थ्री-डी मॉडल को देखकर उन्होंने विस्तृत जानकारी हासिल की। इस अवसर पर राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल उनके साथ मौजूद रहे।




# युवाओं के साथ खिलवाड़ राष्ट्रीय पाप, दोषी न घर के रहेंगे न घाट के

## पुलिस भर्ती परीक्षा में कथित प्रश्नपत्र लीक मामले में मुख्यमंत्री ने दी चेतावनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- योगी बोले, ऐसी कठोर नजीर पेश करेंगे कि लोग याद रखेंगे
- मुख्यमंत्री की मौजूदगी में 18 सौ चयनितों को दिया नियुक्ति पत्र

**अमृत विचार** : पुलिस भर्ती परीक्षा में कथित प्रश्नपत्र लीक मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐसे तत्वों को खुली चेतावनी दी है जो युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने से बाज नहीं आ रहे हैं। योगी ने दो टूक कहा है कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना राष्ट्रीय पाप है और इसमें लिप्त लोगों को ऐसा सबक सिखाया जाएगा कि वो ना घर के रहेंगे ना घाट के। ऐसे तत्वों के खिलाफ होने वाली कार्रवाई भविष्य के लिए नजीर के रूप में याद रखी जाएगी।

रविवार को लोकभवन में विभिन्न विभागों में करीब 18 सौ पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। योगी ने यहां कहा कि हमारा पहले दिन से ही संकल्प है कि नियुक्ति की प्रक्रिया अगर ईमानदारी से आगे नहीं बढ़ पा रही है तो ये युवाओं के साथ खिलवाड़ है और अपनी प्रतिभा को पलायन के लिए मजबूर करता है। अगर युवा के साथ अन्याय होता है तो यह राष्ट्रीय पाप है।

मुख्यमंत्री के मुताबिक, हम सभी तकनीक का उपयोग करते हैं, इसी तरह ऐसे तत्व भी तकनीक का उपयोग गलत कार्य के लिए करते हैं। कई बार सोचता हूं कि वो लोग तकनीक का इस्तेमाल करके अच्छे काम करते तो आगे बढ़ते और खुशहाल होते। मगर अब वे न घर के रहेंगे न घाट के और सरकार की कार्रवाई ऐसी होगी कि जो दूसरों के लिए नजीर बनेगी। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, एके शर्मा, राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र, मयंकेश्वर शरण सिंह, दिनेश खटीक, रामकेश निषाद आदि मौजूद रहे।

### इन अभ्यर्थियों को योगी ने सौंपे नियुक्ति पत्र

सिंचाई विभाग में अवर अभियंता पद पर लखनऊ के शुभम वर्मा, हरदोई की अनीता राजपूत को। आवास विकास परिषद् में अवर अभियंता पद पर अमर वर्मा और मैनपुरी की कामिनी कमल को। आयुष विभाग में आयुर्वेद चिकित्साधिकारी पद पर डॉ. विजया लक्ष्मी, डॉ .रेनू यादव को। दंत चिकित्सक अनिमेष त्रिपाठी और डॉ.आशुतोष श्रीवास्तव को। समीक्षा अधिकारी सचिवालय प्रशासन में पंकज कुमार को। प्रशासनिक सुधार विभाग में निरीक्षक पद पर प्रशांत श्रीवास्तव को। पॉवर कॉपोरेशन में टेक्नीशियन इलेक्ट्रिकल पद पर नीलम गौतम और हर्षित सिंह चौहान को। गृह विभाग में सहायक अभियोजन अधिकारी ऋचा सोनकर और अनुज तिवारी को मुख्यमंत्री ने अपने हाथों नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

### इन विभागों में इतने पदों पर चयनित हुए अभ्यर्थी

उप्र. लोक सेवा आयोग, उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग एवं विद्युत सेवा आयोग द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत 1782 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया है। इसमें पावर कॉरपोरेशन के विभिन्न पदों पर 852, दंत चिकित्सक के लिए 141, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी के लिए 391, समीक्षा अधिकारी हिंदी/उर्दू (सचिवालय) के लिए 14, सहायक अभियोजन अधिकारी के 42, अवर अभियंता (आवास विभाग) के लिए 123, अवर अभियंता (सिंचाई) के लिए 210, निरीक्षक (राजकीय कार्यालय निरीक्षणालय, प्रयागराज) के लिए 9 पदों पर अभ्यर्थियों का चयन हुआ है।

## सिंघू और टीकरी सीमा को अस्थायी तौर पर खोला गया

**नई दिल्ली/चंडीगढ़।** किसानों के राष्ट्रीय राजधानी की ओर प्रस्तावित मार्च को रोकने के बाद दिल्ली पुलिस ने रविवार को सिंघू और टीकरी सीमाओं पर अवरोधकों के एक हिस्से को हटाकर यात्रियों के लिए एक मार्ग की व्यवस्था की। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम यात्रियों के लिए पॉइंट-ए से पॉइंट-बी तक बैरियर का एक हिस्सा हटा रहे हैं। पुलिस और अर्धसैनिक बलों की तैनाती से 24 घंटे कड़ी निगरानी सुनिश्चित होगी। बल की तैनाती यथावत रहेगी। फिलहाल वाहनों की आवाजाही की अनुमति नहीं होगी। दूसरी ओर किसानों के दिल्ली चलो आंदोलन के मद्देनजर हरियाणा के सात जिलों में करीब दो सप्ताह पहले निलंबित की गई मोबाइल इंटरनेट सेवा को रविवार को बहाल कर दिया गया।

शहर की पुलिस ने रविवार को उन यात्रियों के लिए दो विशाल सीमेंट अवरोधक हटा दिए, जो सिंघू और टीकरी सीमाओं पर एक छोटे मार्ग का उपयोग करके दिल्ली की ओर आते हैं। अवरोधक के कारण लोगों को हर दिन एक किलोमीटर से अधिक की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है।

# यूपी में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, आठ की मौत

संवाददाता, प्रयागराज/कौशांबी



विस्फोट के बाद लगी आग को बुझाने का प्रयास करते अग्निशमनकर्मी।

- जनपद के कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे का मामला
- धमाके से कई मकानों में भी आईं दरारें, 12 मजदूर घायल

**अमृत विचार** : कौशांबी जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में भरवारी कस्बे में रविवार सुबह 11:30 बजे एक पटाखा फैक्ट्री में जोरदार विस्फोट हुआ। जिसके चलते फैक्ट्री में भीषण आग लग गई, जिसमें फैक्ट्री मालिक शराफत समेत आठ लोगों की मौत हो गई। जबकि एक दर्जन से ज्यादा मजदूर झुलस गए। विस्फोट तेज होने के चलते आसपड़ोस के कई मकानों में भी दरारें आई हैं। सूचना मिलने पर एडीजी व एसपी समेत पुलिस के आला-अफसर मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू की।

पुलिस के मुताबिक कौशांबी के कोखराज थाना क्षेत्र में भरवारी कस्बे के वार्ड नंबर 23 में खलीलाबाद के रहने वाले शराफत अली ने अपने घर के पास पटाखा फैक्ट्री लगाई है। यह फैक्ट्री शराफत अली न्यू रंगोली फायर वर्क्स के नाम से है। फैक्ट्री में सुबह करीब 11:30 बजे जब 18-20 मजदूर पटाखा बनाने में व्यस्त थे। इसी बीच जोरदार विस्फोट हुआ। धमाके से कई लोगों के चीथड़े उड़ गए। आसपास के खेतों में उनके शरीर के अंग बिखरे मिले। चार घंटे तक रुक-रुककर धमाका होता रहा। धमाके की वजह से फैक्ट्री में आग लग गई। सूचना मिलते ही एडीजी प्रयागराज जोन भानु भास्कर और एसपी कौशांबी बृजेश श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे। हादसे में फैक्ट्री मालिक शराफत अली और उसके एक बेटे सहित आठ लोगों की मौत हुई है। वहीं बबलू पटेल, दीना पटेल, अशोक पटेल समेत एक दर्जन से अधिक झुलसे लोगों का इलाज स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज में चल रहा है।

## एक नजर

### सीएम करेंगे एम्युनेशन कांप्लेक्स का लोकार्पण

**कानपुर।** साढ़ में स्थापित डिफेंस कॉरिडोर में अडाणी समूह द्वारा स्थापित किए गए एम्युनेशन कांप्लेक्स का सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडेय उद्घाटन करेंगे। वे 3.45 बजे साढ़ स्थित हेलीपैड पर पहुंचेंगे और वहां से 4.50 बजे रवाना हो जाएंगे। मुख्यमंत्री और सेनाध्यक्ष यहां बनने वाले उत्पादों की जानकारी लेंगे। यह एशिया का सबसे बड़ा एन्युमेशन कॉम्प्लेक्स होगा।

### हीरानंदानी समूह के प्रवर्तकों को किया तलब

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन मामले में रियल एस्टेट डेवलपर हीरानंदानी समूह के प्रवर्तकों निरंजन हीरानंदानी और उनके बेटे दर्शन हीरानंदानी को पूछताछ के लिए 26 फरवरी को तलब किया है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को बताया कि निरंजन एवं दर्शन हीरानंदानी को केंद्रीय एजेंसी के मुंबई स्थित कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया है।

### वन्यजीव तस्करों पर होगी समन्वित कार्रवाई

**नई दिल्ली।** भारत, बांग्लादेश, थाईलैंड, मलेशिया और इंडोनेशिया ने आपराधिक खुफिया जानकारी साझा करके और वित्तीय संसाधनों के प्रवाह को रोक कर अपने-अपने क्षेत्रों में वन्यजीव तस्करी के सरगनाओं के खिलाफ समन्वित कार्रवाई की योजना बनाई है। हाल ही में यहां सीबीआई और इंटरपोल द्वारा विदेशी प्रजातियों की तस्करी पर आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय जांच और विश्लेषणात्मक मामले की बैठक में विशेषज्ञों ने विदेशी प्रजातियों को एक से दूसरे स्थान पर पहुंचाने के लिए तस्करों की ओर से इस्तेमाल किए जाने वाले चार महत्वपूर्ण मार्गों पर विचार-विमर्श किया।

# पशुपालकों की समृद्धि का लें संकल्प

ब्यूरो, देहरादून



दुग्ध उत्पादक संघ के निर्वाचित पदाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

- मुख्यमंत्री ने दुग्ध संघों के निर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को सात जनपदों अल्मोड़ा, चंपावत, पिथौरागढ़, ऊधमसिंह नगर, देहरादून, चमोली एवं पौड़ी के दुग्ध उत्पादन समिति के नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।

मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि सभी पदाधिकारी मिलकर उत्तराखंड में न सिर्फ दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने की दिशा में काम करेंगे बल्कि गांवों में रहने वाले किसानों और दुग्ध उत्पादकों की समृद्धि भी सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर पशुपालन एवं दुग्ध विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों और पशुपालकों की समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए संकल्पित हैं। उनके कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में राज्य सरकार भी किसानों और पशुपालकों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से समृद्ध, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है।

# राज्य को मिलीं 37.13 करोड़ की स्वास्थ्य परियोजनाएं

ब्यूरो, देहरादून

- प्रधानमंत्री मोदी ने राजकोट से किया वर्चुअली लोकार्पण
- 20.35 करोड़ के एक क्रिटिकल केयर ब्लॉक का शिलान्यास

**अमृत विचार** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गुजरात के राजकोट में अपने दौरे के दौरान देशभर में 11,391.79 करोड़ की स्वास्थ्य परियोजनाओं का वर्चुअल लोकार्पण/शिलान्यास किया। इनमें राजकोट सहित देश के 05 राज्यों को मिले अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान यानी एम्स शामिल हैं। साथ ही देश के अन्य राज्यों में लगभग 200 स्वास्थ्य परियोजनाओं का भी उन्होंने राजकोट से शिलान्यास/लोकार्पण किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उत्तराखंड के लिए 37.13 करोड़ लागत की स्वास्थ्य परियोजनाएं का भी वर्चुअल शिलान्यास/लोकार्पण किया गया। इनमें खाद्य सुरक्षा अवसंरचना की 02 इकाइंया, प्रधानमंत्री आयुष्मान हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर की 06 इकाइयां और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की दो परियोजनाएं शामिल हैं। 87.4 लाख की खाद्य सुरक्षा अवसंरचना की जिन 02 इकाइयों का लोकार्पण किया गया, उसमें मोबाइल फूड टेस्टिंग की 02 इकाइयां शामिल हैं। इसके आलावा प्रधानमंत्री आयुष्मान हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर के तहत 20.35 करोड़ के एक क्रिटिकल केयर ब्लॉक का शिलान्यास और 4.05 करोड़ के 05 ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का शिलान्यास भी किया।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 1.98 करोड़ का स्वास्थ्य अधिकारियों के लिए एक ट्रांजिट हॉस्टल का शिलान्यास और 9.88 करोड़ का अर्बन कम्यूनिटी हेल्थ सेंटर का लोकार्पण प्रधानमंत्री ने किया।

### आज प्रधानमंत्री करेंगे काशीपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य की वर्चुअल माध्यम से शुरूआत

**काशीपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज (सोमवार) काशीपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य का वर्चुअली शुभारंभ करेंगे। इज्जतनगर मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि 10.7 करोड़ की अनुमानित लागत से काशीपुर प्लेटफार्म पर वाटर कूलर भी लगाए जाएंगे। प्रतीक्षालय कक्ष में मॉड्यूलर दीवार रैक लगाए जाएंगे। यात्रियों को ट्रेनों के आगमन-प्रस्थान की जानकारी देने के लिए स्वचालित घोषणा प्रणाली लगाई जाएगी। प्लेटफार्म 2 व 3 पर जीपीएस घड़ी, प्रवेश-निकास द्वार और प्लेटफार्म पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे

# कर्मचारियों की हड़ताल पर छह माह के लिए लगाई रोक

संवाददाता, हल्द्वानी

- पेयजल निगम व जल संस्थान कर्मियों को दी एस्मा की चेतावनी

**अमृत विचार** : शासन ने जल संस्थान व पेयजल निगम के कर्मचारियों के हड़ताल करने पर रोक लगा दी है। दोनों विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों पर छह माह के लिए एस्मा लगा दी गई है। जल संस्थान व पेयजल निगम कर्मचारी राजकीयकरण एवं एकीकरण की मांग को लेकर मुखर हैं। दोनों महकमों के अधिकारी-कर्मचारियों ने इन मांगों को लेकर जनवरी में धरना प्रदर्शन किया था। तब शासन ने निर्णय के लिए 24 फरवरी तक का समय मांगा था, हालांकि इस पर कोई भी फैसला नहीं लिया गया। इसके बाद दोनों ही विभागों के कर्मचारी दफ्तरों पर धरना प्रदर्शन कर रहे थे। 27 फरवरी से कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी थी। ऐसे में सरकार ने हड़ताल पर रोक लगा दी है। शनिवार देर रात पेयजल सचिव अरविंद सिंह ह्यांकी ने एस्मा के आदेश जारी किए हैं। जल निगम जल संस्थान संयुक्त मोर्चा के संयोजक विजय खाली ने कहा कि 27 फरवरी को विधानसभा घेराव के बाद भी यदि मांग पूरी नहीं की जाती तो 28 फरवरी से बेमियादी हड़ताल के अतिरिक्त कोई विकल्प नहीं है।

(संबंधित खबर पेज-3 पर)

## सुरक्षाकर्मियों से मुठभेड़, छत्तीसगढ़ में तीन नक्सली मारे गए

**कांकेर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में रविवार सुबह तीन नक्सली मारे गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। कांकेर के पुलिस अधीक्षक इंदिरा कल्याण एलिसेला ने बताया कि सुरक्षा कर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर थी, तभी कोयलीबेड़ा थाना क्षेत्र के तहत भोमरा-हुरतराई गांवों के बीच एक पहाड़ी पर सुबह करीब आठ बजे मुठभेड़ हुई। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों को भोमरा, हुरतराई और मिच्छेबेड़ा गांवों में माओवादियों की कंपनी नंबर 5 के कैडर की मौजूदगी की जानकारी मिली थी।

# पूर्व संयुक्त सचिव व जेई के फर्जी हस्ताक्षर कर बनाया नक्शा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- विकास प्राधिकरण ने जालसाज के खिलाफ पुलिस को दी तहरीर
- नक्शे का नवीनीकरण कराने भवन स्वामी पहुंचा तो खुलासा

> वर्ष 2019 में जिला विकास प्राधिकरण के संयुक्त सचिव पंकज उपाध्याय के फर्जी हस्ताक्षर एवं मुहर लगाकर फर्जी नक्शा बनाया गया था। जब भवन स्वामी नक्शे का नवीनीकरण कराने पहुंचा तो इसका खुलासा हुआ। जिसने फर्जी नक्शा बनाया है, उसके खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंप कर एफआईआर दर्ज कराई जा रही है।
>
> -**ऋचा सिंह**, सिटी मजिस्ट्रेट हल्द्वानी/संयुक्त सचिव जिला विकास प्राधिकरण

**अमृत विचार** : जालसाज ने जिला विकास प्राधिकरण के पूर्व संयुक्त सचिव पंकज उपाध्याय व अवर अभियंता (जेई) के फर्जी हस्ताक्षर और मुहर लगाकर नक्शा पास कर दिया। जब भवन स्वामी पांच साल बाद नक्शे का नवीनीकरण कराने पहुंचा तो फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। प्राधिकरण अधिकारियों ने जालसाज के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी है।

विकास प्राधिकरण अधिकारियों के अनुसार राम सिंह पुत्र शोभन सिंह निवासी करायल जौलासाल ने भवन नक्शे के नवीनीकरण के लिए सिटी मजिस्ट्रेट/संयुक्त सचिव कार्यालय में आवेदन किया। यह नक्शा 18 जनवरी 2019 को स्वीकृत किया गया था।

जब उक्त नक्शे का प्राधिकरण के दस्तावेजों से मिलान किया गया तो कोई भी रिकॉर्ड नहीं मिला। इस पर प्राधिकरण कर्मचारियों का माथा ठनका और गहनता से जांच की तो पता चला कि नक्शे में पूर्व संयुक्त सचिव पंकज उपाध्याय (वर्तमान में एडीएम प्रशासन/नजूल ऊधम सिंह नगर के पद पर तैनात हैं) और जेई के फर्जी हस्ताक्षर और मुहर लगाकर नक्शा बनाया गया था।

प्राधिकरण अधिकारियों ने इस बाबत राम सिंह से पूछताछ की तो पता चला कि गणेश पटकी निवासी भट्ट निवास सरस्वती विहार लाल डांठ रोड ने उक्त नक्शा पास कराया था। फर्जीवाड़ा करने पर प्राधिकरण अधिकारियों ने गणेश पटकी के खिलाफ कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायत देकर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

### आठ साल तक कराना होता है नक्शे का नवीनीकरण

जिला विकास प्राधिकरण के नियमों के अनुसार, भवन का नक्शा पांच साल, फिर एक-एक साल के अंतराल पर तीन बार नक्शे का नवीनीकरण कराना होता है। इस तरह आठ साल तक नवीनीकरण कराना अनिवार्य होता है। भवन स्वामी पांच साल होने पर नक्शे का नवीनीकरण कराने पहुंचा था, तब फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ।

### इससे पहले भी हो चुका है फर्जीवाड़ा

जिला विकास प्राधिकरण में फर्जी हस्ताक्षर कर नक्शा बनाने का मामला नया नहीं है। इससे पूर्व भी जेई कविता के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर नक्शा पास किया गया था। जब बैंक वाले लोन देने से पूर्व नक्शे की सत्यता जांचने पहुंचे तो इसका खुलासा हुआ था।

## सार-संक्षेप



मंडलायुक्त को मांग के संदर्भ में ज्ञापन देते ओखलकांडा के जनप्रतिनिधि।

### खनस्यूं तहसील में बने मैरिज सर्टिफिकेट

**भीमताल :** खनस्यूं तहसील में जन सुविधा केंद्र और सप्ताह में 1 दिन मैरिज सर्टिफिकेट बनवाने के लिए ओखलकांडा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मदन परगाई के नेतृत्व में ग्रामीणों ने मंडलायुक्त दीपक रावत से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मदन परगाई ने कहा कि जन सुविधा केंद्र खुलने से कई सारे काम तहसील में हो जाएंगे। इससे लोगों के धन व समय की बचत होगी। अवगत कराया कि मैरिज सर्टिफिकेट बनाने के लिए ओखलकांडा ब्लॉक के लोगों को तहसील धारी में जाना पड़ता है अगर सप्ताह में भी एक दिन मैरिज सर्टिफिकेट बनाने के लिए यहां पर अधिकारी बैठे तो उससे ओखलकांडा क्षेत्र की जनता को काफी फायदा होगा। आयुक्त ने जल्द ही जन सुविधा केंद्र खुलवाने एवं मैरिज सर्टिफिकेट खनस्यूं तहसील में बनाने का आश्वासन दिया।

### छोटा कैलाश मानस खंड मंदिर माला मिशन में शामिल हो

**भीमताल :** आदि कैलाश मंदिर को मानसखंड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत शामिल किए जाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। आदि कैलाश विकास समिति के अध्यक्ष उमेश पलडिया ने सरकार को लिखे पत्र में कहा कि भीमताल विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पिनरौ स्थित आदि कैलाश मंदिर पौराणिक धार्मिक स्थल के रूप में विख्यात है। यहां पर वर्ष भर श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। मूलभूत सुविधाओं के अभाव के चलते उन्होंने पत्र में आवागमन के लिए प्रमुख मोटर मार्ग जंगलिया गांव कैलाश मार्ग 12 किलोमीटर के अत्यंत खराब होने, आना बानना बबियाड़ मार्ग भटेलिया तक 16 किलोमीटर में 7 किलोमीटर लंबाई में सुधार कार्य किए जाने, भटेलिया से कैलाश मार्ग में सुरक्षात्मक कार्य रेलिंग लगाए जाने की मांग की है। बताया है कि अमृतपुर से भटेलिया से जंगलिया गांव तक कहीं भी यात्री विश्रामगृह होमस्टे नहीं होने यात्री परेशान होते हैं।

### वक्फ बोर्ड की संपत्तियों की जांच को लेकर लिखा पत्र

**नैनीताल :** उत्तराखंड में सरकारी जमीनों पर बने मस्जिद मदरसों समेत वक्फ बोर्ड की संपत्ति की जांच को लेकर नैनीताल निवासी नितिन कार्की ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया कि नैनीताल में वक्फ बोर्ड की बहुत सारी संपत्ति, जिसमें से कुछ संपत्ति सरकारी जमीन पर है और जो वक्फ अधिनियम 1954 की धारा 4 का उल्लंघन करती है। कहा कि इसकी जांच होना नितांत आवश्यक है।



फूड टेक्नोलॉजी एंड न्यूट्रिशन पर आयोजित संगोष्ठी में मौजूद अतिथि।

### खाद्य तकनीक के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी पर दिया जोर

**भीमताल :** कुमाऊं विश्वविद्यालय के भीमताल स्थित कम्युनिटी कॉलेज के तत्वावधान में फूड टेक्नोलॉजी एंड न्यूट्रिशन विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रो. दीवान सिंह रावत ने खाद्य तकनीक के क्षेत्र में नवीन विधाओं और प्रौद्योगिकी पर जोर दिया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के एमेरिटस प्रोफेसर चंद्रशेखर मथेला और भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानकीकरण ब्यूरो की उपनिदेशक मोनिका पूनिया ने उपभोक्ता केंद्रित नीतियों पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भीमताल परिसर के निदेशक प्रो. एलके सिंह ने की। इस मौके पर प्रो. केके पांडे, प्रो. दिव्या उपाध्याय, उत्तराखंड राज्य होटल मैनेजमेंट संस्थान टिहरी के निदेशक यशपाल नेगी, राष्ट्रीय माइक्रोबायोलॉजी संस्थान करनाल के प्रभारी वैज्ञानिक अनिल कुमार पुनिया उपस्थित रहे।

### ऑल सेंट्स कॉलेज में शिक्षक विकास कार्यशाला

**नैनीताल :** ऑल सेंट्स कॉलेज में शिक्षक विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। क्राइस्ट कॉलेज, गाजियाबाद की मनोविज्ञान की प्रो. हेमा और प्रो. ए साबू जॉन ने इस कार्यशाला का संचालन किया। ऑल सेंट्स कॉलेज की शिक्षिका सुनीता चौहान ने प्रशिक्षकों को प्रतीक चिन्ह भेंट किए।

### सेमिनार में स्वरोजगार की जानकारी दी

**बेतालघाट :** उद्यमिता विकास के तहत स्वरोजगार को लेकर खेमचंद डौर्बी राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट 12 दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। प्रभारी एवं अनुदेशक आरपी पांडे ने कौशल विकास की भूमिका एवं संचार के माध्यम से स्वरोजगार कैसे करें इस संबंध में जानकारी दी।

### चिल्ड्रन पार्क का काम पूरा, गोद लेने वालों की तलाश




**नैनीताल :** डीएसए मैदान के समीप लंबे समय बाद चिल्ड्रन पार्क के सौंदर्यीकरण का काम पूरा हो गया है। पार्क में पेड़-पौधे दूब घास लगाई गई है। साथ ही बैठने के लिए बैंच और झूले इत्यादि लगाए गए हैं। साथ ही पार्क को चलाने के लिए पालिका किसी संस्था की तलाश कर रही है। जो भी संस्था पार्क को चलाएगी उसे आय का लगभग 25 प्रतिशत हिस्सा पालिका को देना होगा। अधिशासी अधिकारी (आईएएस) राहुल आनंद ने बताया कि पार्क को चलाने के लिए संस्था की तलाश की जा रही है। व्यापार मंडल नैनीताल से बातचीत चल रही है लेकिन व्यापार मंडल की ओर से अभी कोई जवाब नहीं आया है।

### सामाजिक संस्था कराएगी निर्धन कन्याओं का विवाह



रामनगर में पत्रकार वार्ता करते संस्था के लोग।

**रामनगर :** 11 मार्च को रामनगर में सामाजिक संस्था 1 स्टेप एन वी प्राउड द्वारा स्थानीय अग्रवाल सभा भवन में पांच निर्धन कन्याओं का विवाह कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संस्था द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। इस संबंध में रविवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में आयोजक शुभांकर शर्मा ने बताया कि उनकी संस्था द्वारा पिछले 4 वर्षों की भांति इस बार पांचवें वर्ष भी पांच निर्धन कन्याओं का विवाह हिंदू रीति रिवाज के साथ संपन्न कराया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान वर और कन्या पक्ष के 20-20 लोग शामिल होंगे। पांचो दूल्हों की बैंड बाजे के साथ संयुक्त रूप से बारात भी निकाली जाएगी। इस दौरान रोहित मित्तल, आदित्य बेलवाल, गौरव अग्रवाल, शुभांकर शर्मा, सौरभ मित्तल, विकास अग्रवाल, निशांत शर्मा, हर्षित वर्मा आदि मौजूद रहे।




रामनगर में जनसंपर्क करते आइसा कार्यकर्ता।

### दिल्ली यंग इंडिया रैली में शामिल होंगे आइसा कार्यकर्ता

**रामनगर :** दिल्ली में होने वाली यंग इंडिया रैली को लेकर आइसा ने रामनगर के ग्रामीण इलाकों में जनसंपर्क अभियान चलाया और ग्राम ढेला में बैठक की। बैठक में तय किया गया कि रैली में रामनगर से भी कार्यकर्ता शिरकत करेंगे। इस दौरान सुमित कुमार, प्राची बंगारी, हिमानी बंगारी, खुशी बिष्ट, अमन कुमार मौजूद रहे।

# हिमालयी संस्कृति को बचाने के लिए लोगों से आगे आने की अपील

## समारोह में दारमा घाटी की महान वीरांगना जसुली बूढ़ी शौक्याणी को किया गया याद

कार्यक्रम

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** वरिष्ठ कथाकार-पत्रकार स्व. आनंद बल्लभ के 11वें स्मृति समारोह में हिमालयी संस्कृति को बचाने की मुहिम में जुटने की अपील की गई। कार्यक्रम में जन सरोकारों से जुड़े 12 लोगों को आनंदश्री सम्मान भी दिया गया। पीलीकोठी स्थित हरगोविंद सुयाल इंटर कॉलेज के सभागार में रविवार को राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई।

संगोष्ठी का शुभारंभ रेलवे के सेवानिवृत्त अधिकारी मंगल सिंह कुटियाल, प्रदेश के उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. सीडी सूंठा ने दीप प्रज्जवलन व पुष्पांजलि कर किया। कार्यक्रम में हिमालय संगीत शोध समिति के कलाकारों ने सरस्वती वंदना के बाद श्रीनिवास मिश्र की रचनाओं का बहुत शानदार समूह गायन किया। उत्तराखंड उच्च शिक्षा के प्रथम निदेशक प्रो. पीसी बाराकोटी, मुख्य अतिथि मंगल सिंह गर्ब्याल, श्रीराम सिंह धर्मशक्तू सहित अन्य वक्ताओं ने स्व. आनंद बल्लभ उप्रेती को याद करते हुए कहा कि उन्होंने निडरता के साथ जनपक्षीय पत्रकारिता की और हिमालय की संस्कृति के लिये कभी समझौता नहीं किया।

इसके साथ ही दारमा घाटी की महान दानवीरांगना जसुली बूढ़ी शौक्याणी को भी याद किया। कार्यक्रम में मुनस्यारी हाउस की ओर से पर्वतीय उत्पादों के स्टाल लगाये गये, जिसमें प्रयाग रावत सहित सहयोगियों ने जड़ी-बूटियों, ऊनी वस्त्रों, रिंगाल व काष्ठ की बनी सामग्रियों के बारे में जानकारी दी। राजकीय महाविद्यालय मालधन के प्रो. जीसी पंत ने संगोष्ठी के विषय हिमालयी संस्कृति और लला जसुली पर कहा कि आर्यों के आने से पहले से शौका समुदाय लगभग पूर्व वैदिक काल से ही हिमालय की गोद में भीषण भौगोलिक परिस्थितियों में रहता था। मारछा, तोलछा, रोंगपा, जाड़ और शौका समुदाय ने प्रकृति से सामंजस्य स्थापित करते हुए इस क्षेत्र में एक समानांतर सभ्यता को यहां विकसित किया।

स्वतंत्रता से पूर्व पं. नैन सिंह, किशन सिंह और मणिकंपासी जैसे सरवेयर इसी माटी में पैदा हुए। दान वीरांगना जसुली देवी शौक्याण, जिन्होंने लगभग 300 धर्मशालाएं कुमाऊं, गढ़वाल और नेपाल के पैदल रास्तों में बनवाई। गौरा देवी, बछेंद्री पाल, चन्द्रप्रभा एतवाल तथा गंगोत्रा गर्ब्याल ने हिमालय की गोद का मान बढ़ाया है। इस मौके पर डॉ. पंकज उप्रेती, फली सिंह दताल, धीरज उप्रेती, प्रो. चंद्रा खाती, डॉ.अनीता जोशी, देवेन्द्र सिंह धर्मशक्तू, मनोहर सिंह मर्तोलिया, गोपाल सिंह मर्तोलिया, डॉ. आशा, डॉ. जयश्री, डॉ. मीना, एनसी तिवारी, प्रो. अतुल जोशी आदि उपस्थित रहे।



आनंद बल्लभ उप्रेती सम्मान समारोह में उपस्थित बच्चे और महिलाएं। ● अमृत विचार

**इन्हें मिला आनंदश्री सम्मान**

डा. सीडी सूंठा, निदेशक, उच्च शिक्षा उत्तराखंड, अशोक गर्ब्याल, सहायक आयुक्त, सेलटेक्स, बागेश्वर, लक्ष्मण सिंह डांगी, अध्यक्ष, भूपू. सैनिक वेलफेयर सोसाइटी, बेरीनाग, राम सिंह सोनाल, सेनि. अधिकारी, जीवन सिंह सीपाल, लोक संस्कृति संरक्षण में अग्रणी, चंद्र सिंह सीपाल, ऐतिहासिक फोटो संकलककर्ता, प्रो. दीपा गोबाड़ी, पत्रकार, भूपेश रावत, विनोद कांडपाल, संदीप मेवाड़ी, मोहन भट्ट, चंदन बंगारी।

**पुस्तकों का विमोचन हुआ**

समारोह में प्रो. पूर्णिमा भटनागर की कहानी संग्रह 'अनछुए दरीचे', 'जिंदगी', प्रो. दीपा गोबाड़ी के कहानी संग्रह 'च्येली' और लेखक अमृता पांडे का उपन्यास 'सांझ का सूरज' का विमोचन किया गया।

**आयोजन**

- 11वां आनंद बल्लभ उप्रेती स्मृति समारोह पीलीकोठी में आयोजित
- जन सरोकार से जुड़े 12 लोगों को दिया गया आनंदश्री सम्मान



डैम का निरीक्षण करते वैज्ञानिक और अधिकारी। ● अमृत विचार

# भीमताल डैम में लीकेज रोकने का कार्य शुरू

संवाददाता भीमताल

**अमृत विचार :** भीमताल डैम के प्रति चिंता रखने वालों के लिए सुखद समाचार है। सिंचाई विभाग द्वारा भीमताल डैम से रिसाव को समाप्त करने के लिए कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों, वैज्ञानिकों ने सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में डैम का निरीक्षण किया और कार्य को किस प्रकार से संपादित करना है पर चर्चा की।

सहायक अभियंता सिंचाई विभाग दिनेश रावत ने बताया कि चार वर्ष पहले क्षेत्र के विधायक राम सिंह कैड़ा ने विधानसभा सत्र में डैम के रिसाव के प्रति चिंता व्यक्त की थी। इस पर कुछ दिनों बाद डैम सेफ्टी रिव्यू पैनल ने संभावना तलाशी थी और अपनी विस्तृत रिपोर्ट शासन को प्रेषित की थी। उसके बाद सिंचाई विभाग ने 199 लाख का प्रोजेक्ट बना कर शासन में भेजा था। इसी के तहत रिसाव को समाप्त करने का कार्य प्रारंभ किया गया है। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता दिनेश रावत, सामाजिक कार्यकर्ता पूरन वृजवासी, अवर अभियंता शंकर आर्या, नरेश भगत धीरज पंत आदि साथ थे।



मेरी विधान सभा की महत्वपूर्ण झील को रिसाव से खतरा था। इसके लिए मैं हर विधानसभा सत्र में इसको उठाते आया हूं। मैं मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करता हूं। -**राम सिंह कैड़ा**, विधायक



कई बार शासन प्रशासन और प्रधानमंत्री कार्यालय को पत्राचार किया। कार्य हो रहा है। झील से रिसाव कम होगा और झील से खतरा समाप्त होगा। -**पूरन वृजवासी**, सामाजिक कार्यकर्ता



क्षेत्र की महत्वपूर्ण मांग थी। हर मंच में इस समस्या को उठाया गया। झील के विषय में प्रधानमंत्री कार्यालय ने मेरे पत्र पर सचिव सिंचाई विभाग को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया था। -**मनोज भट्ट**

**बोले अधिकारी**

कार्य को प्रारंभ कर दिया गया है। जहां जहां से रिसाव हो रहा है। उन पर कार्य किया जा रहा है। -**दिनेश रावत**, सहायक अभियंता सिंचाई विभाग

# हल्दूचौड़ में सीएचसी का शुभारंभ

संवाददाता, हल्दूचौड़

**अमृत विचार:** बहुप्रतीक्षित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हल्दूचौड़ का रविवार को विधायक डॉ. मोहन बिष्ट और पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल ने संयुक्त रूप से शुभारंभ किया। सोमवार से यहां ओपीडी शुरु हो जाएगी और आपातकालीन चिकित्सा सुविधाओं का लाभ भी हर वक्त मिलेगा। वर्तमान में शासन ने यहां पर चिकित्सकों के चार पद के अलावा दो फार्मासिस्ट, दो लिपिक, एक लैब टेक्नीशियन, पांच स्टाफ नर्स, एक पर्यावरण मित्र की नियुक्ति कर दी गई है।

इसके अलावा कुछ अन्य पदों को अटैच किया गया है। आज एक भव्य समारोह के बीच विधायक डॉ. मोहन बिष्ट ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ करते हुए कहा कि उक्त सीएचसी से इस क्षेत्र के ही नहीं बल्कि आसपास के 25 से 30 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोगों को भी लाभ मिलेगा।



सीएचसी का शुभारंभ करते पूर्व मंत्री दुर्गापाल और विधायक डॉ. बिष्ट। ● अमृत विचार

पूर्व मंत्री हरिश्चंद्र दुर्गापाल ने कहा कि वर्ष 2014 में जनभावना का सम्मान करते हुए उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए जमीन उपलब्ध कराने के बाद यहां शिलान्यास कराया था। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर श्वेता भंडारी ने बताया कि शीघ्र ही एक्सरे तथा अल्ट्रासाउंड सुविधा यहां पर शुरू हो जाएगी।

चंदन डायग्नोस्टिक सेंटर हल्द्वानी से जांच के लिए टाइअप किया गया है लिहाजा चिकित्सकों के परामर्श के बाद संबंधित लोगों को निशुल्क जांच उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर खंड चिकित्साधिकारी डॉ. हरिश्चंद्र पांडे, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डॉ. सुधीर कन्याल के अलावा विधायक प्रतिनिधि चंद्रिका बिष्ट, हेमवती नंदन दुर्गापाल, ग्राम प्रधान संगठन की ब्लॉक अध्यक्ष रुक्मणी नेगी, ग्राम प्रधान मीना भट्ट, आरटीआई कार्यकर्ता गोविंद बल्लभ भट्ट, ग्राम प्रधान हरीश बिरखानी, देवेंद्र बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# पटरी पर लौटने लगा पर्यटन कारोबार

**नैनीताल:** वीकेंड के मौके पर सरोवर नगरी पर्यटकों से गुलज़ार रही। पर्यटकों ने चिड़ियाघर, स्नोव्यू, हिमालय दर्शन, केव गार्डन में जमकर मस्ती की।

पर्यटकों के नैनीताल आने से स्थानीय पर्यटन कारोबारी भी खुश नजर आए। पंजाब किसान आंदोलन और हल्द्वानी में मचे उपद्रव के बाद नैनीताल आने वाले पर्यटकों की संख्या में गिरावट दर्ज की गई थी। अब दोनों जगह हालात सामान्य होते ही पर्यटक घूमने के लिए नैनीताल समेत आसपास के पर्यटक स्थलों का रुख कर रहे हैं। हालांकि बीते महीनों की अपेक्षा नैनीताल आने वाले पर्यटकों की औसत संख्या कम है।

अपेक्षा से कम पर्यटक आने से शहर के होटल और अधिकांश कार पार्किंग खाली रहे। अब कारोबारियों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में पर्यटक नैनीताल की ओर बड़ी संख्या में पहुंचेंगे।

**पाठकों हेतु सूचना**

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

# आस्था : 300 महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

संवाददाता, बेतालघाट

**अमृत विचार:** बेतालेश्वर सेवा समिति ने कमलेश्वर महादेव मंदिर ढिनाई डेरी में आयोजित सवा करोड़ शिवलिंग पार्थिव पूजन शिवलीला व शिव महाकुंभ का रविवार को आयोजन किया। करीब 300 महिलाओं ने कुमाउनी परिधान से सज-धज कर कलश यात्रा निकाली। 8 मार्च को शिवरात्रि के मौके पर सवा लाख शिवलिंगों का जलाभिषेक किया जाएगा।

बेतालेश्वर सेवा समिति अध्यक्ष राहुल अरोरा ने बताया कि बीते सात माह से शिवलिंग निर्माण का कार्य किया जा रहा है। कहा कि 8 मार्च शिवरात्रि तक प्रतिदिन सुबह गणेश पूजा व पूर्वांग पंचांग पूजन, कथा प्रवचन,तथा भजन संध्या व जागरण का आयोजन किया जाएगा और 8 मार्च शिवरात्रि को सवा करोड़ शिवलिंगों का जलाभिषेक किया जाएगा। कहा कि एक करोड़ 10 लाख शिवलिंगों का निर्माण हो चुका है। मंदिर के पुजारी बंशीधर भट्ट ने बताया कि 3600 स्क्वायर फीट के स्थान में सवा करोड़ पार्थिव लिंग सजाए गए हैं।



कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं।

# विश्राम गृह के जीर्णोद्धार के लिए 6.50 लाख जारी

**नैनीताल:** पाइंस श्मशान घाट के विश्राम गृह का जल्द जीर्णोद्धार किया जाएगा। इसमें विश्राम हॉल, किचन व बैठने के लिए बैंच स्थापित की जाएगी। नगर पालिका ने जीर्णोद्धार कार्य के लिए 6.50 लाख रुपये जारी कर दिए हैं। जल्द ही लोगों को विश्राम गृह में सुविधाएं मिल पाएंगी। बता दें कि नैनीताल व समीपवर्ती क्षेत्रों के लोग शवदाह के लिए पाइंस श्मशान घाट जाते हैं। कुछ वर्ष पूर्व शमशान के विश्राम गृह में आग लग गई थी, जिससे भवन पूरी तरह जल गया था। बीते दिनों भाजपा कार्यकर्ता भूपेंद्र बिष्ट ने नगर पालिका ईओ को ज्ञापन सौंप विश्राम स्थल के जीर्णोद्धार की मांग की थी। अब नगर पालिका ने जीर्णोद्धार कार्य के लिए 6.50 लाख का बजट जारी कर दिया है। ईओ राहुल आनंद ने बताया कि उक्त बजट से पूर्व में आग की चपेट में आकर जर्जर हो चुके भवन को दुरुस्त किया जाएगा। इसमें विश्राम सभागार, किचन व लोगों के बैठने के लिए बैंच स्थापित की जाएगी।



# जेल में दंगाइयों से अलग, सीसीटीवी की निगरानी में मलिक

## हल्द्वानी में अन्य 81 दंगाइयों के साथ नहीं रखा गया अब्दुल मलिक, शनिवार रात पुलिस ने मलिक को नैनीताल जेल में दाखिल किया

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिस अब्दुल मलिक को बनभूलपुरा दंगे का मास्टर माइंड बताया जा रहा है, उसे अन्य दंगाइयों से अलग नैनीताल जेल में रखा गया है। मलिक जेल की सबसे मजबूत बैरक और 24 घंटे सीसीटीवी की निगरानी में है हालांकि उसे अन्य कैदियों व बंदियों की तरह ही ट्रीट किया जा रहा है। पुलिस को 18 दिन बाद भी मलिक के बेटे मोईद की तलाश है।

लाइन नंबर 8 बनभूलपुरा निवासी अब्दुल मलिक को पुलिस ने शनिवार को दिल्ली से गिरफ्तार किया था। मलिक 8 फरवरी को बनभूलपुरा में हुए दंगे के बाद से ही फरार था। जिसके बाद इस मामले के आरोपी 81 लोगों को गिरफ्तार किया गया और सभी को उप कारागार हल्द्वानी में रखा गया। उम्मीद जताई जा रही थी कि मलिक को भी हल्द्वानी में ही अन्य दंगाइयों के साथ रखा जाएगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं।

गिरफ्तारी और कोर्ट में पेश करने के बाद अब्दुल मलिक को पुलिस ने शनिवार रात जिला जेल नैनीताल में दाखिल किया। मलिक को यहां बैरक नंबर एक में रखा गया है। ये जेल की सबसे बड़ी और सबसे मजूबत बैरक है। इस बैरक में मलिक के साथ 71 और बंदी व कैदी है।



### हत्यारों और तस्करों के बीच है अरबपति मलिक

**हल्द्वानी :** मलिक के लिए पुलिस का खेल नया नहीं है। इससे पहले भी मलिक पर हत्या का आरोप लगा, जिसका मामला आज भी विचाराधीन है। इस मामले में मलिक पर एनएसए भी लगाया गया था, लेकिन बाद में इसे हटा लिया गया। नैनीताल की जिस बैरक नंबर एक में मलिक को रखा गया है, उस बैरक में खूंखार बंदी और कैदियों को रखा जाता है। नंबर एक बैरक में बंद अधिकांश हत्या और एनडीपीएस के आरोपी या सजायाफ्ता हैं।

### बोले जेल अधीक्षक

अब्दुल मलिक को सुरक्षित बैरक में रखा गया है। बैरक में लगे सीसीटीवी से भी लगातार निगरानी की जा रही है। जो भोजन अन्य बंदी व कैदियों को दिया जा रहा है, वही मलिक को भी दिया गया। फिलहाल वह सामान्य है।
**- संजीव हयांकी**, जेल अधीक्षक नैनीताल

# अब्दुल मलिक जेल में, तहसील कैसे कराए नोटिस की तामीली

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**चिंता**

- प्रशासनिक अधिकारी जेल में बंद कैदी को नोटिस तामीली से वसूली की विधिक प्रक्रिया की जानकारी लेने में जुटे

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा हिंसा का मास्टर माइंड अब्दुल मलिक पुलिस गिरफ्त में तो आ गया है लेकिन तहसील प्रशासन की चिंता अभी भी कम नहीं हुई है। अब तहसील प्रशासन जेल में बंद कैदी को नोटिस तामील कराने और वसूली को लेकर कानूनी दावपेच की जानकारी जुटा रहा है।

बीती 8 फरवरी को बनभूलपुरा में हुई हिंसा के बाद नगर निगम ने सरकारी वाहन, उपकरण आदि के नुकसान की भरपाई के लिए अब्दुल मलिक की 2.44 करोड़ की आरसी काटी थी। जिला प्रशासन की संस्तुति के बाद दो-तीन दिन पूर्व आरसी तहसील पहुंची है। तहसीलदार व अमीन अब्दुल मलिक को नोटिस तामील कराने के लिए तलाश कर रहे थे। वहीं, अब्दुल मलिक की चल संपत्ति पुलिस ने पूर्व में ही कुर्क कर ली है। अचल संपत्ति नजूल भूमि पर है, जो वैध संपत्ति है ट्रस्ट के नाम पर है। ऐसे में तहसील प्रशासन मलिक की नई चल व अचल संपत्तियों का पता लगाने में जुटा हुआ था। अभी इस समस्या का समाधान नहीं हुआ था कि पुलिस ने मलिक को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। अब तहसील प्रशासन के सामने जेल में बंद कैदी को वसूली नोटिस तामील कराने की विधिक प्रक्रिया की समस्या खड़ी हो गई है। जेल मंद बंद कैदी को जेल प्रशासन के जरिए नोटिस तामीली, जवाब आदि को लेकर तरह-तरह के संशय खड़े हो गए हैं। इसको देखते हुए तहसील अधिकारी कानूनी दांवपेच जानने में जुट गए हैं ताकि वसूली भी हो जाए और कानूनी अड़ंगा नहीं लगे।

तहसीलदार सचिन कुमार ने बताया कि जेल में बंद कैदी को नोटिस तामीली वगैरह को लेकर विधिक प्रक्रिया जानने की कार्यवाही की जा रही है, जल्द ही वसूली की जाएगी।

### रात हलक से नहीं उतरा निवाला, सुबह खाया कढ़ी-चावल

**हल्द्वानी :** पुलिस ने शनिवार रात अब्दुल मलिक को नैनीताल जेल में दाखिल किया। सात बैरकों वाली इस जेल की पहली बैरक में उसे स्थान दिया गया। शनिवार रात जेल प्रशासन ने उससे खाने के लिए पूछा, लेकिन मलिक ने इंकार कर दिया। सुबह अन्य कैदियों व बंदियों की तरह व्यवहार किया गया। सोमवार सुबह जेल मैन्यु में कढ़ी-चावल था। अन्य की तरह उसे भी यही परोसा गया। सभी की तरह उसने में लाइन में खड़े होकर खाना लिया।

**दंगे का दंश**

# बनभूलपुरा हिंसा में घायल ने 17 दिन बाद दम तोड़ा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**दुखद**

- लाइन नंबर 17 में लाल मस्जिद के बाद हुआ था हमला
- धारदार हथियार से हुआ था हमला, जांच में जुटी पुलिस

**अमृत विचार :** दंगे की रात बनभूलपुरा में किसी ने सब्जी बेचने वाले युवक पर कातिलाना हमलाकर दिया। धारदार हथियार से उसका पेट फाड़ डाला, जिससे उसकी आंतें बाहर आ गईं। आनन-फानन में परिजन उसे एसटीएच ले गए। 17 दिन चले इलाज और कई ऑपरेशन के बाद भी उसकी जान नहीं बच सकी। घटना किन परिस्थितियों में और किसने की, पुलिस इसकी जांच कर रही है।

नई बस्ती ताज मस्जिद बनभूलपुरा निवासी 18 वर्षीय अलबशर पुत्र अब्दुल माजिद सब्जी बेचता था। बनभूलपुरा में ठेले से फेरी लगाकर परिवार की आर्थिकी में सहयोग कता था। लाइन नंबर 16 नई बस्ती में रहने वाले अलबशर के चाचा मो. नाजिम ने बताया, दंगे की रात करीब 8 बजे अलबशर ठेला लेकर घर लौट रहा था। तभी किसी ने खबर दी कि अलबशर लाल मस्जिद के पास घायल पड़ा है। उसका पेट फटा है और आंतें बाहर आ गई हैं।

आनन-फानन में अब्दुल माजिद मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल हो चुके बेटे अलबशर को डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय लेकर पहुंचे। आनन-फानन में अलबशर का उपचार शुरू किया गया, लेकिन उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ और रविवार सुबह उसने दम तोड़ दिया। अलबशर के चाचा नाजिम का कहना है कि उस पर हमला किसने किया, कुछ नहीं पता। इधर, मौत की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सोमवार को मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

अलबशर की मौत पेट में धारदार हथियार के वार से हुई है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों का पता चलेगा। **-प्रहलाद नारायण मीणा**, एसएसपीनैनीताल

### फिर होश में नहीं आया अलबशर

**हल्द्वानी :** हादसे की रात जब अलबशर को एसटीएच लाया गया तो उसका काफी खून बह चुका था और वह होश में नहीं था। उसका पेट फटा था और अलबशर की जान बचाने के लिए चिकित्सकों ने करीब छह ऑपरेशन किए। बावजूद इसके न तो अलबशर एक भी बार होश में आया और न ही जान बच सकी।

### सब्जी बेचकर पाल रहा था परिवार

**हल्द्वानी :** अलबशर के घर में उसके माता-पिता के अलावा एक बड़ी बहन और एक छोटा भाई है। चाचा नाजिम ने बताया कि अलबशर ही पूरे परिवार का इकलौता सहारा था। सब्जी बेचकर जो कमाई होती थी, उसी से गुजारा होता था। अलबशर के पिता लोहे की अलमारी बनाने का काम करते हैं। उसके जाने के बाद परिवार सदमे में है।

# अब पुलिस को छका रही मलिक की पत्नी साफिया

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**तलाश**

- पूछताछ के लिए हाजिर नहीं हुई तो जारी होगा नोटिस
- साफिया पर सरकारी भूमि खुर्द-बुर्द करने का है आरोप

**अमृत विचार :** जिसे दंगे का मास्टर माइंड कहा जा रहा है, वो तो पुलिस की गिरफ्त में आ गया है, लेकिन उसकी बीवी साफिया मलिक का कोई अता-पता नहीं है। चार दिन पहले ही साफिया और साथियों के खिलाफ भी एक मुकदमा नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त की ओर से दर्ज कराया गया था। इस मामले में अगर वह जल्द बयान देने के लिए हाजिर नहीं होती तो फिर पुलिस नोटिस जारी करेगी।

बीती 22 फरवरी को सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट ने अब्दुल मलिक, उसकी पत्नी साफिया, अख्तरी बेगम, नबी रजा खां, गौस रजा खां और अब्दुल लतीफ के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। बता दें कि साफिया का भी दंगे के दिन कोई पता नहीं है। पहले माना जा रहा था कि वह अपने पति अब्दुल मलिक के साथ फरार हुई है।

हालांकि मलिक अब पुलिस के कब्जे में है और साफिया का कोई पता नहीं है। सहायक नगर आयुक्त की ओर से दर्ज मामले में आरोप है कि मलिक का बगीचा (कंपनी बाग) स्थित भूखंड पर मृत व्यक्ति के दस्तावेज लगाकर फर्जी तरीके से पहले कब्जा किया गया और फिर 10 व 100 रुपये के स्टांप पर टुकड़े-टुकड़े कर बेच दी गई।

इस मामले की जांच एसएसआई महेंद्र प्रसाद कर रहे हैं। साफिया मलिक जल्द ही बयान दर्ज कराने पुलिस के सामने नहीं आती तो फिर उसे पुलिस नोटिस जारी करेगी। कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि साफिया मलिक सहित सभी आरोपियों के बयान दर्ज किए जाने हैं। नामजदों में कौन कहां और किस हालत में है, पता किया जा रहा। साफिया हाजिर नहीं होती तो फिर नोटिस जारी किया जाएगा।

# अब्दुल मलिक ने शान से काटा फरारी का वक्त

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अपराध**

- फरारी के दौरान कोठियों में गुजरे अब्दुल मलिक के रात और दिन
- किनकी थी कोठियां और कितना है इन लोगों का दंगे में हाथ

**अमृत विचार :** मलिक तो सलाखों के पीछे और अब उसके मददगारों का नंबर है क्योंकि 8 फरवरी से लेकर 23 फरवरी तक मलिक जहां भी रुका, वो उसके जानने वाले करीबी और रसूखदार लोग थे। फरारी के दिन और रात मलिक ने करोड़ों की कोठियों में गुजारे। इन रसूखदार मददगारों ने लुकआउट नोटिस जारी होने और कुर्की के बावजूद मलिक न सिर्फ मलिक की मदद की, बल्कि आसरा भी दिया।

लाइन नंबर 8 बनभूलपुरा निवासी अब्दुल मलिक दंगे के दिन से फरार था। 16 दिन बाद वो पुलिस के हत्थे चढ़ा।

पुलिस ने बताया कि उसे दिल्ली से गिरफ्तार किया गया, लेकिन कहां से ये नहीं बताया। बहरहाल, हल्द्वानी से फरार होने के बाद मलिक ने दिल्ली, गुजरात, चंडीगढ़ और भोपाल फरारी काटी। सूत्रों का कहना है कि वह कहीं छिप कर नहीं रहा, बल्कि वह जिस राज्य और शहर में गया, वहां उसे आलीशान इंतजाम और रहने के लिए कोठियां मिलीं। करोड़ों की ये कोठियां कुछ बड़े बिजनेस मैन और कुछ राजनीतिक गलियारों में हनक रखने वाले बड़े लोगों की हैं। मलिक को राजनीतिक शरण का भी अनुमान लगाया जा रहा है और इसकी वजह राजनीतिक गलियारों में उसकी ऊंची पहुंच है।

बहरहाल, पता लगा है कि दिल्ली, भोपाल और गुजरात के बड़े लोगों ने उसकी मदद की। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि रसूखदार मददगारों को बनभूलपुरा दंगे से तो कोई कनेक्शन नहीं है। पुलिस ने इन सभी पहलुओं पर जांच शुरू कर दी है। एसओजी और पुलिस टीम को पनाह देने वालों की कुंडली खंगालने के निर्देश दिए गए हैं।

### बोले एसएसपी

आरोपी जिन-जिन जगहों पर छिपा था उसका रिकॉर्ड पता किया जा रहा है। उसकी मदद किसने और कैसे की इसकी जानकारी जुटा रहे हैं। पनाह देने वालों पर भी कार्रवाई की जाएगी। **-प्रह्लाद नारायण मीणा**, एसएसपी नैनीताल

### मलिक को रिमांड पर लेगी पुलिस

**हल्द्वानी।** पुलिस अब्दुल मलिक को पूछताछ के लिए जल्द पुलिस रिमांड में लेगी। अभी मलिक को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। शनिवार को उससे करीब पांच घंटे पूछताछ की गई थी, लेकिन यह नाकाफी थी। पुलिस के पास अभी कई सवाल हैं, जिसमें मलिक की संपत्ति, घटना के दिन वह कहां था, उसने फंडिंग की या नहीं आदि। सूत्रों की मानें तो सोमवार या मंगलवार को पुलिस कोर्ट से मलिक की रिमांड मांग सकती है।



भाईचारा की बैठक में बैठे विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग। ● अमृत विचार

# बनभूलपुरा में सांप्रदायिक सौहार्द बनाने पर जोर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** विभिन्न सामाजिक संगठनों ने सांप्रदायिक सौहार्द कायम करने के लिए भाईचारा बैठक की। इसमें बीती 8 फरवरी को बनभूलपुरा में हुए बवाल के बाद सांप्रदायिक सौहार्द नहीं बिगड़ पाए इस पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि हल्द्वानी सदैव कौमी एकता की मिसाल था और हमेशा रहेगा। उन्होंने शहरवासियों से आपसी भाईचारा और प्रेम बनाने की अपील की। साथ ही कहा कि किसी भी वर्ग को डराना-धमकाना समाज के हित में नहीं होता है। बैठक का संचालन महेश व रजनी ने किया। इसमें क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन, प्रगतिशील महिला एकता केंद्र, मजदूर सहयोग केंद्र, जनवादी लोक मंच, भाकपा (माले), परिवर्तनकामी छात्र संगठन, समेत कई संगठन शामिल हुए। इस दौरान नसीम, प्रेमप्रसाद आर्या, कैलाश पांडे, रोहित, मनोज पांडे, सुरेंद्र रावत, आनंद पांडे मौजूद रहे।

# पहले किया जाए राजकीयकरण

संवाददाता, हल्द्वानी

**निर्णय**

- पेयजल तकनीकी फील्ड कर्मचारी संगठन ने संयुक्त मोर्चे से समर्थन लिया वापस

**अमृत विचार:** पेयजल तकनीकी/ फील्ड कर्मचारी संगठन ने जल संस्थान व पेयजल निगम संयुक्त मोर्चे के धरने से अपना समर्थन वापस ले लिया है। संगठन का कहना है कि पहले जल संस्थान का राजकीयकरण किया जाए। इसके बाद जल संस्थान और पेयजल निगम के एकीकरण पर विचार किया जाए।

संगठन के प्रांतीय महामंत्री रामपाल कंडारी ने बताया कि जल संस्थान अपनी आय से कार्मिकों के वेतन, भत्ते, पेंशन, ग्रेच्युटी, बोनस आदि का भुगतान कर रहा है।

उन्होंने कहा कि बिना राजकीयकरण किये एकीकरण किया गया तो कार्मिकों के सामने वेतन, भत्ते, पेंशन, ग्रेच्युटी, बोनस आदि की समस्या पैदा हो जाएगी। इसके साथ ही कार्मिकों की वरिष्ठता में विवाद उत्पन्न होगा।

कहा कि पेयजल निगम अपने कार्मिकों को समय से वेतन आदि का भुगतान नहीं कर पा रहा है। जल संस्थान को इसके साथ एकीकृत करने से वह भी चौपट हो जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि मंगलवार को जल भवन से विधानसभा सचिवालय तक निकाली जाने वाली रैली में उनके संगठन की कोई भागीदारी नहीं है।

# पर्यवेक्षक की भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण हुई

**हल्द्वानी :** एडीएम प्रशासन/परीक्षा नोडल अधिकारी फिंचाराम चौहान ने बताया कि लोक सेवा आयोग की राजकीय दुग्ध पर्यवेक्षक एवं गन्ना पर्यवेक्षक की भर्ती परीक्षा-2023 खालसा नेशनल बालिका इंटर कॉलेज में दो सत्रों में हुई। इसमें पहले सत्र में 430 परीक्षार्थी में से 365 उपस्थित और 65 अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरे सत्र में 566 में से 484 परीक्षार्थी उपस्थित और 82 अनुपस्थित रहे। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई।

# दमुवाढूंगा में पेड़ से गिरकर श्रमिक की मौत

कार्यालय संवादादाता, हल्द्वानी

**दुर्घटना**

- पुलिस वाले ने घर के पास लगे पेड़ की लॉपिंग के लिए बुलाया था
- कई फीट की ऊंचाई से गिरने की वजह से मौके पर हो गई मौत

**अमृत विचार :** पुलिस वाले के बुलाने पर सेमल के पेड़ लॉपिंग करने गया श्रमिक कई फीट की ऊंचाई से गिरकर मर गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

गफूर बस्ती बनभूलपुरा निवासी अमीर अहमद (37 वर्ष) पुत्र वाहिद मजदूरी करता था और यहां पत्नी व तीन बच्चों के साथ रहता था। बीते शनिवार को उसे पुलिस के एक सिपाही ने घर के पास लगे सेमल के पेड़ की लॉपिंग करने के लिए बुलाया था। बताया जाता है कि शनिवार शाम विशालकाय पेड़ में चढ़कर अमीर पेड़ की छटाई कर रहा था, तभी अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और कई फीट की ऊंचाई से वह नीचे जमीन पर गिर गया। जिसकी वजह से वह बुरी तरह घायल हो गयाा। आनन-फानन में पुलिस कर्मी अमीर अहमद को नैनीताल रोड स्थित एक निजी अस्पताल ले गए, लेकिन अमीर की हालत देख एडमिट करने से इंकार दिया। जिसके बाद उसे फौरन एसटीएच ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को मॉर्चरी भेज दिया और रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि दमुवाढूंगा में पुलिस में तैनात एक पुलिस कर्मी ने वन विभाग से सेमल के पेड़ की लापिंग कराने की परमिशन ली थी। कहा कि पेड़ में गिरने से अमीर नामक युवक की मौत हो गई।


अमीर अहमद। (फाइल फोटो)

**जेल में खेल** — बसंत पंचमी पर जेल में आयोजित हुई कैरम प्रतियोगिता में हराए प्रतिद्वंद्वी, बनी कैरम क्वीन

# कारोबारी को कोबरा से डसवाने वाली माही का जेल में जलवा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कारोबारी अंकित चौहान को कोबरा से डसवा कर मौत के घाट उतारने वाली माही उर्फ डॉली का जेल में भी जलवा बरकरार है। साथी बंदियों और कैदियों के बीच मशहूर माही के सिर पर अब कैरम क्वीन का ताज भी सज गया है। उसने जेल के अपने सभी निकट प्रतिद्वंद्वियों को हरा कर पहला स्थान हासिल किया है।

शांति विहार गोरा पड़ाव में रहने वाली माही उर्फ डॉली बगैर नौकरी और किसी व्यापार के न सिर्फ आलीशान घर बनाया, बल्कि अच्छी खासी रकम भी जमा कर ली। जल्द आगे बढ़ने की यही लालसा उसे जेल तक ले आई। माही पर युवा कारोबारी अंकित चौहान की हत्या का आरोप है। उसने अपने अपनी नौकरानी ऊषा देवी, नौकरानी के पति रामअवतार, प्रेमी दीप कांडपाल और सपेरे रमेशनाथ के जरिये कोबरा से डसवा कर मार डाला और शव को तीनपानी में उसी की कार में छोड़ आए थे।

बहरहाल, तब से ही माही जेल में है और जेल में भी बाहर की तरह ही चर्चित है। जेल प्रशासन ने बताया कि बसंत पंचमी के अवसर पर उप कारागार में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया। महिला कारागार में भी प्रतियोगिताएं और अंकित की हत्यारोपी माही ने कैरम प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। उसने एक के बाद एक अपने प्रतिद्वंदी को हराया और प्रथम विजेता बन गई।



**आरोप**

- प्रेमी और दोस्तों के साथ मिलकर की थी कारोबारी अंकित चौहान की हत्या

बसंत पंचमी पर जेल में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। महिला जेल में आयोजित हुई प्रतियोगिताओं में से एक कैरम प्रतियोगिता में माही ने हिस्सा लिया और वह प्रथम आई। **- प्रमोद पांडेय**, जेल अधीक्षक

### 50 हजार की इनामी थी माही

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अंकित की हत्या की योजना बेहद सटीक थी और पहली बार में तो पुलिस भी इसे हत्या नहीं बल्कि हादसा मान रही थी, लेकिन जब पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जहर की पुष्टि हुई तो पुलिस पशोपेश में पड़ गई।

फिर भी यही माना जा रहा था कि संभवतः लघु शंका के लिए उतरे अंकित को सांप ने डस लिया होगा, लेकिन सवाल खड़ा हुआ कि सांप दो पैरों में क्यों डसेगा और क्यों अंकित कार की पिछली सीट पर बैठेगा। विस्तृत जांच हुई तो कड़ियां खुलने लगीं और माही का चेहरा सामने आया। फरार माही पर पुलिस ने 50 हजार का इनाम घोषित किया था।

# ट्रैकिंग कर रहे दो पर्यटक पहाड़ी से गिरे

**नैनीताल:** पुलिस के अनुसार, आगरा निवासी विजय चौहान व आदि तोमर घूमने के लिए नैनीताल आए हुए थे। रविवार को वे दोनों ट्रैकिंग के लिए चाइना पीक गए थे। देर शाम वापसी में दोनों ने मुख्य रास्ते के बजाए शार्टकट रास्ता चुना। इस बीच पीछे चल रहे विजय अनियंत्रित होकर पांच से छह मीटर गहरे गड्ढे में गिर गए। लुढ़कने के दौरान उसका दोस्त भी चपेट में आ गया। दोनों को गिरता देख कुछ स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और दोनों को तत्काल बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया। डॉ. हिमांशु ने बताया कि विजय चौहान को गंभीर चोटे होने के कारण हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। आदि तोमर को मामूली चोटे आई हैं।

# खतरा अभी टला नहीं ढेला में फिर दिखा बाघ

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** ढेला गांव में अभी भी बाघ का खौफ अभी टला नहीं है। शनिवार की रात गांव की सीमा से सटे खेतों के पास बाघ फिर दिखाई देने से लोगों में दहशत है। रात में फसलों की पहरेदारी कर रहे ग्रामीणों ने शोरगुल कर बाघ को जंगल की ओर भगाया।

गौरतलब है कि बीते दिनों ढेला गांव की कला देवी की मौत के बाद अगले दिन रात में बाघ गांव के भीतर घुस आया था। ग्रामीण धन गिरी ने बताया कि उसके खेत जंगल की सीमा से सटे हैं। रात में वह पहरेदारी कर रहे थे कि खेत की सीमा पर लगी सोलर फेंसिंग के पास बाघ आ गया। उसकी गुर्राहट से गांव में दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने टॉर्च की रोशनी के साथ शोर मचाकर उसे गांव की ओर बढ़ने से रोका। बाद में ग्रामीणों के आने और शोर मचाने पर बाघ जंगल की ओर लौट गया।

रेंजर अजय ध्यानी ने बताया कि बाघ गांव के भीतर नहीं बल्कि जंगल की सीमा पर था। ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए टीमें लगातार गश्त कर रही हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अनुरोध किया है फिलहाल सुरक्षा की दृष्टि जंगलों में नहीं जाएं। वनकर्मी बराबर ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए गश्त कर रहे है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## सार-संक्षेप



चित्रशिला घाट पर साफ-सफाई करते संत निरंकारी मिशन के सदस्य।

### संत निरंकारी मिशन ने चलाया विशेष सफाई अभियान

**हल्द्वानी :** संत निरंकारी मिशन ने रविवार को प्रोजेक्ट अमृत के तहत रानीबाग चित्रशिला घाट में विशेष सफाई अभियान चलाया। अभियान शुभारंभ निवर्तमान मेयर डॉ. जोगेंद्र रौतेला व मिशन के जोनल इंचार्ज जसविंदर सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि मिशन के ऐसे अभियानों से सभी को शिक्षा लेनी चाहिए। जल स्रोत और नदियां जीवन के लिए उपयोगी हैं। उन्हें हमेशा स्वच्छ व संचित रखना चाहिए। अभियान के दौरान निरंकारी सेवादल के भाई-बहनों, एसएनसीएफ के वॉलंटियर व साध-संगत के सदस्यों ने गार्गी नदी व घाट के आसपास फैले कूड़े को एकत्र किया। मिशन के मंडल सचिव जोगिंदर सुखीजा व संयोजक सुभाष अरोरा ने अभियान का सफल बनाने के लिए सभी का आभार जताया।

### आपसी भाईचारा बनाए रखने में सहयोग की अपील



**हल्द्वानी :** भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व अल्पसंख्यक मोर्चा के लोकसभा प्रभारी जियाउद्दीन कुरैशी ने लोगों को सबेबारात के मौके पर बधाई दी। साथ ही शहर में अमन व शांति के लिए दुआ करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनता किसी भी तरह से किसी के बहकावे में न आये। शहर के अंदर शांति व्यवस्था बनाने में मदद करें। आपसी भाईचारा बनाने में सहयोग करें।



कानूनी जानकारी देते जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य।

### बाल विकास समिति के सदस्यों को दी कानूनी जानकारी

**नैनीताल :** नैनी महिला एवं बाल विकास समिति सूखाताल में विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें प्राविधिक स्वयं सेवक अंबिका ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली तथा 29 फरवरी तक चलने वाले विशेष अभियान साइबर अपराध को लेकर जानकारी दी और कहा गया यदि किसी भी व्यक्ति के साथ साइबर अपराध हो जाता है तो वह सर्वप्रथम 1930 नंबर पर संपर्क कर अपनी प्रथम सूचना दे सकता है। जिला नैनीताल लेखपाल नीमा परिहार ने मनरेगा से संबंधित जानकारी दी। विधिक जागरूकता शिविर में नैनी महिला एवं बाल विकास समिति सूखाताल अध्यक्ष शैलजा सक्सेना, सचिव - सुनीता आर्या, जिला उपभोक्ता आयोग की सदस्य विजय लक्ष्मी थापा, रेनू कोहली, हंसी रावत, पार्वती उप्रेती, किरन, मोहनी देवी, ललिता, अंजू, भावना, प्रियंका रावत मौजूद रहे।

## कैबिनेट से स्वीकृति के इंतजार में नहीं हो पाया था टेंडर जारी, इसके बाद प्रक्रिया पूरी करने में लगेंगे करीब 5-6 महीने

# कैबिनेट से स्वीकृति, अब चुनावी मझधार में फंसा जमरानी का टेंडर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** जमरानी बांध परियोजना को नेता महत्वाकांक्षी योजना बताते हैं लेकिन यह हिचकोले ले-लेकर आगे बढ़ रही है। कभी बांध टेंडर के लिए कैबिनेट की स्वीकृति का इंतजार होता है तो कैबिनेट की मंजूरी के बाद टेंडर चुनावी मझदार में फंसता नजर आ रहा है। बांध के लिए 2400 करोड़ रुपये का टेंडर जारी होना है।

अब विभाग को लोकसभा चुनाव की आचार संहिता से पहले टेंडर जारी करना होगा, ताकि आगे की प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके। बांध निर्माण के लिए बड़ा टेंडर होने से इसकी प्रक्रिया पूरी करने में 5-6 माह का समय लगेगा।



अधिकारियों के मुताबिक, टेंडर में बड़ी-बड़ी कंपनियों का मूल्यांकन करने व अन्य कार्यों में समय लगेगा। आचार संहिता से पहले विभाग को टेंडर जारी करना होगा, ताकि समय पर सभी प्रक्रिया पूरी की जा सके।

अधिकारियों का यह भी कहना है कि एक सप्ताह के भीतर टेंडर जारी करने का प्रयास किया जा रहा है। बांध निर्माण के टेंडर की प्रक्रिया को मानसून से पूर्व पूरा करने की बात कही जा रही है, जिससे अक्टूबर से बांध का निर्माण शुरू किया जा सके।

जमरानी बांध परियोजना से 42.7 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी प्रतिवर्ष मिलेगा। भविष्य की जरूरतों को देखते हुए बांध से 2051 तक हल्द्वानी की लगभग 10.65 लाख आबादी को पानी मिलेगा। बांध का प्रमुख उद्देश्य पेयजल उपलब्ध कराना है। साथ ही, किसानों को सिंचाई के लिए भरपूर पानी उपलब्ध होगा। इससे 57065 हेक्टेयर भूमि उत्तर प्रदेश और हल्द्वानी की 9458 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई का लाभ मिलेगा। परियोजना के अंतर्गत पहले से ही कैनाल सिस्टम बना हुआ है। अब क्षतिग्रस्त कैनालों की मरम्मत की जाएगी। साथ ही, कुछ नए कैनाल भी बनाए जाएंगे। बांध को 2030 तक पूरा करने का प्रस्ताव है।

### वैकल्पिक टूर डेस्टिनेशन के तौर पर होगा विकसित

बांध का निर्माण डूब क्षेत्र से 10 किमी. आगे तक किया जाएगा। इसकी ऊंचाई 130 मीटर है। इसमें डूब क्षेत्र में 6 गांव आ रहे हैं, जिनमें उड़वा, कनियागोड़, मुरकुड़िया बनराड़, पसतोला व तिलवाड़ी शामिल हैं। परियोजना में पेयजल निगम भी पेयजल आपूर्ति से संबंधित कार्य करेगा, जिसमें हल्द्वानी को शीतलाहाट से सीधे ग्रेविटी वाटर उपलब्ध कराया जाएगा। बांध को एक वैकल्पिक टूरिस्ट डेस्टिनेशन के तौर पर विकसित किया जाएगा। बांध बनने के बाद यहां कुमाऊं की सबसे बड़ी झील होगी। भारी बरसात होने पर कई बार किच्छा व अन्य तराई वाले क्षेत्रों में बाढ़ आने का खतरा रहता है। बांध एक तरह से बाढ़ सुरक्षा का काम भी करेगा। परियोजना पूरी होने पर स्थानीय रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा, जिसमें मुख्यत: हैड़ाखान, खनस्यू और पतलोट के लोगों को रोजगार मिलेगा।

> सड़क चौड़ीकरण और कॉलोनी निर्माण के लिए टेंडर निकाल दिए हैं। अब बांध निर्माण का टेंडर निकाला जाएगा। टेंडर निकालने के बाद मूल्यांकन में समय लगेगा। - **ललित कुमार**, उप महाप्रबंधक, जमरानी बांध परियोजना

# प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की हल्दूचौड़ नगर इकाई के चुनाव रद्द

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी की कार्यशैली पर उठे सवाल, जल्द नए सिरे से होगा चुनाव, सदस्य रहेंगे वैध

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला नैनीताल की हल्दूचौड़ इकाई के चुनाव रद्द हो गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी की कार्यशैली पर उठे सवालों के चलते जिला कार्यकारिणी ने यह फैसला लिया है। जल्द ही नए सिरे से चुनाव प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

संगठन के जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता की अध्यक्षता में रविवार को हल्दूचौड़ चुनाव की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें नामांकन के दिन जिला निर्वाचन अधिकारी रामपाल गंगोला, जिला संयुक्त महामंत्री कौशलेंद्र भट्ट, जिला युवा कार्यकारी अध्यक्ष पंकज उप्रेती व नगर इकाई हल्दूचौड़ प्रभारी रविंद्र बोरा ने चुनाव प्रक्रिया को असंवैधानिक करार दिया। उन्होंने मुख्य निर्वाचन अधिकारी की कार्यशैली पर सवाल उठाए और चुनाव निष्पक्ष न होने की बात कही। साथ ही सहायक चुनाव अधिकारी का चुनाव कार्यक्रम में उपस्थित न होने तथा कार्यक्रम के कार्यों का लेखा-जोखा सही न पाये जाने की भी पुष्टि की। जिस पर जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता, जिला महामंत्री हर्षवर्द्धन पांडे, जिला निर्वाचन अधिकारी रामपाल सिंह गंगोला ने हल्दूचौड़ इकाई की चुनाव प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से रद्द करने की घोषणा की।



प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता। ● अमृत विचार

### व्यापार संगठन से नवीन वर्मा होंगे मेयर प्रत्याशी

**हल्द्वानी :** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की एक बैठक रविवार को संपन्न हुई। जिसमें आगामी नगर निगम चुनाव में संगठन की ओर से प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा को मेयर प्रत्याशी बनाने का प्रस्ताव रखा गया। जिसे सभी ने सर्वसम्मति के साथ ध्वनिमत से पारित किया। जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता और कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद गोयल के प्रस्ताव पर सभी सदस्यों ने नवीन वर्मा को मेयर का चुनाव लड़ाने और भारी मतों से विजयी बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करने की बात कही। प्रदेश मंत्री शांति जीना, रूपेंद्र नागर, नवनीत राणा, मदन फर्त्याल, हितेंद्र भसीन, महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा सहित प्रदेश पदाधिकारियों ने प्रस्ताव का समर्थन किया। इससे पूर्व बैठक में प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने सभी जिलाध्यक्षों और जिला महामंत्रियों की कार्यशाला कराने का दायित्व जिला नैनीताल कार्यकारिणी को दिया। जिसे जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता व महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा ने सहर्ष स्वीकार किया। कार्यशाला के लिए 17 मार्च की तिथि निर्धारित की गई। जिसमें जिले के सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। 19 जिलाध्यक्ष एवं जिला महामंत्रियों का 16 मार्च को हल्द्वानी पहुंचने पर स्वागत किया जाएगा। कार्यशाला के लिए हर्षवर्द्धन पांडे और रूपेंद्र नागर को संयुक्त रूप से कार्यक्रम संयोजक बनाया गया है। इस दौरान जिला कोषाध्यक्ष नंदकिशोर जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष मुरली मनोहर मुलानी, जिला महिला महामंत्री उर्वशी बोरा, महानगर महामंत्री मनोज जायसवाल, उपाध्यक्ष सचिन गुप्ता, संगठन मंत्री उपेन्द्र कनवाल, प्रचार मंत्री संदीप सक्सेना, महानगर महिला अध्यक्ष विनीता शर्मा, रेनू टंडन, मंजू पाठक मौजूद रहे।

उन्होंने बताया कि जल्द ही नये चुनाव अधिकारी मनोनीत कर नये सिरे से चुनाव प्रक्रिया शुरू की जाएगी। चुनाव निष्पक्ष व पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया जाएगा। बताया कि संगठन के जो सदस्य बने हैं वह वैध रहेंगे। इसके अतिरिक्त नए सदस्यों को भी जोड़ा जाएगा। जिन लोगों ने नामांकन कराया है उनका नामांकन शुल्क निवर्तमान मुख्य चुनाव अधिकारी वापसी का लिखित प्रमाण रखकर वापस करेंगे।

# असंतुलित होकर रपटी स्कूटी, एक गंभीर घायल

संवाददाता, गरमपानी

**हादसा**

▸▸ **बारात से शामिल होकर लौट रहे थे वापस**

**अमृत विचार :** बारात से शामिल होकर लौट रहे बारातियों की स्कूटी असंतुलित होकर रपट गई। दुर्घटना में घायल दो लोगों को उपचार के लिए सीएचसी गरमपानी पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया। एक व्यक्ति को बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर हल्द्वानी रेफर कर दिया गया है।

समीपवर्ती मलौना गांव निवासी हीरा सिंह तथा जीवन सिंह म्यूं गांव से बारात में शामिल होकर वापस खैरना बाजार की ओर रवाना हुए। स्कूटी में सवार दोनों लोग चापड़ गांव के समीप पहुंचे ही थे की एकाएक स्कूटी असंतुलित होकर सड़क पर रपट गई। स्कूटी रपटने से हीरा सिंह व जीवन सिंह भी सड़क पर जा गिरे। दुर्घटना की आवाज सुन आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तथा निजी वाहन से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गरमपानी पहुंचाया गया। जहां डा.अनिल गंगवार ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया। हीरा सिंह को अधिक चोट होने पर बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर हल्द्वानी रेफर कर दिया गया जबकि जीवन सिंह को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। अस्पताल प्रबंधन ने घायलों के स्वजनों को भी घटना की सूचना भेज दी है।

# लोकतंत्र को मजबूत करेंगे

**गरमपानी :** बेतालघाट ब्लॉक के गांवों में मतदाता जागरुकता अभियान तेज हो गया है। गांव गांव लोगों को मतदान का महत्व बता अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की गई। स्वीप की टीम ने आगामी चुनावों में मतदान कर लोकतंत्र में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर लोकतंत्र को मजबूत करने का आह्वान किया। बकायदा लोगो को शपथ भी दिलाई गई।

मतदाता जागरुकता अभियान के तहत मतदाता प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से बेतालघाट ब्लॉक के जीतुवापीपल, ढोलगांव, खलाड़, बिनाकोट, डोमा, च्यूनी, घंघरेठी आदि गांवो में विशेष अभियान चलाया गया। खंड शिक्षा अधिकारी तारा सिंह ने कहा कि वोटर लिस्ट में सभी अर्ह वोटरों का पंजीकरण सुनिश्चित किए जाने व मतदान के प्रति मतदाताओं खासतौर पर दिव्यांग, युवा व महिलाओं को जागरुक किया जाना है साथ ही मतदाताओं को जोड़ने के लिए भी प्रेरित कर उनसे फार्म भरवाए जा रहे है। स्वस्थ लोकतंत्र में मतदान का महत्व भी समझाया। कर्मचारियों से भी जागरुकता अभियान में भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

# लहसुन सस्ता होने से लौटा खाने में तड़के का जायका

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार:** साढ़े पांच सौ रुपये किलो तक की कीमत में पहुंचने के बाद अब लहसुन के तेवर ढीले पड़ गए हैं। कीमत घटने से अब दालों में तड़के का स्वाद लौट आया है। बाजार में लहसुन तीन सौ रुपये किलो में उपलब्ध होने से होटल व्यवसाईयों व स्थानीय लोगों को राहत मिलने लगी है। कोसी घाटी के गरमपानी, खैरना, बेतालघाट, सुयालबाड़ी बाजार में अब लहसुन फिर दिखाई देने लगा है। साढ़े पांच सौ रुपये किलो तक भाव बढ़ने से स्थानीय दुकानदारों ने भी हल्द्वानी व रामनगर मंडी से लहसुन मंगाना छोड़ दिया था।

उधर, महिलाएं भी लहसुन का मोह त्याग रेडिमेड गार्लिक पेस्ट से दाल व सब्जियों में लहसुन की कमी पूरा कर रही थीं। पर अब किलो में दो सौ रुपये घटने से खरीदारों को राहत मिली है।



स्वराज आश्रम में नारी न्याय सम्मेलन में उपस्थित महिला कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### नारी न्याय सम्मेलन में बताई कांग्रेस की रीति-नीति

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** महिला कांग्रेस ने रविवार को स्वराज आश्रम में नारी न्याय सम्मेलन किया। इसमें महिलाओं को कांग्रेस की ओर से महिलाओं के लिए चलाए गए कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई।

महानगर अध्यक्ष मधु सांगुड़ी ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा व प्रदेश अध्यक्ष ज्योति गैरोला के आह्वान पर नारी न्याय सम्मेलन किया गया है। इसमें महिलाओं को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने के लिए समूहों का गठन, शोषित-पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए संगठित होकर संघर्ष करना, एक दान देश की बेटी के नाम समेत कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के बारे में बताया गया। साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उन्हें इनकी जानकारी घर-घर तक महिलाओं को देने का आह्वान किया गया। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, जया कर्नाटक, भागीरथी बिष्ट, शोभा बिष्ट, शशि वर्मा, राधा चौधरी, राधा आर्य, मुन्नी पंत, चम्पा चिलवाल, सुनीता टम्टा, हेमा पंत, सविता गुरूरानी, गीता बहुगुणा, मोनिका सती, रोशन जहां, कनक जीना, प्रीति आर्या, मीमांशा आर्या, मंजू दानू आदि मौजूद रहीं।



भाजपा संभाग कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करते लोग। ● अमृत विचार

**अव्यवस्था** कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि वह यहां से सिर्फ हवाई सेवा का संचालन कर रहे हैं

# मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट पर अधिकारियों की लापरवाही

ललित पांडे, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी राज्य के भीतर व अन्य महत्वपूर्ण स्थानों के लिए हवाई सेवा को लेकर काफी उत्साहित हैं और इस ओर सक्रियता से कार्य कर रहे हैं लेकिन उनके ड्रीम प्रोजेक्ट पर अधिकारियों की लापरवाही कहीं भारी न पड़ जाए। बीते गुरुवार से हल्द्वानी से चंपावत, मुनस्यारी व पिथौरागढ़ के लिए हवाई सेवा शुरू हो चुकी हैं, लेकिन गौलापार स्थित हेरिटेज एविएशन कार्यालय के बेहद करीब बिजली के तार हवा में झूल रहे हैं, जो कभी भी हादसे का सबब बन सकते हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, बीते दिनों हवाई सेवा शुरू करने को लेकर व्यवस्थाएं जांची जा रही थीं तो इन तारों को लेकर भी अधिकारियों के बीच चर्चा हुई। तब इन्हें शिफ्ट या अंडर ग्राउंड करने की बात उठी लेकिन इस काम में पैसा व समय ज्यादा खर्च होने के चलते फिलहाल इस पर प्लास्टिक की दर्जनों रंगीन गेंद बांध दी गईं, ताकि उड़ान के समय पायलट को जानकारी मिल जाए कि यहां खतरा है। हालांकि, अस्थाई रूप से की गई इस व्यवस्था से हादसा होने की आशंका हमेशा बनी रहेगी। गर्मियों में प्लास्टिक की गेंदों का रंग फीका पड़ने पर ये आसानी से पायलट को नहीं दिखेंगी।

विद्युत विभाग की ओर से मिली जानकारी के अनुसार, हेरिटेज एविएशन कार्यालय के आसपास चार स्पानों (करीब 200 मीटर) का सिंगल तार है। यदि इसे अंडर ग्राउंड (डबल सर्किट) किया जाएगा तो करीब 50 लाख रुपये का खर्च आएगा।

इधर, हेरिटेज एविएशन के अधिकारी यह स्वीकार करते हैं कि सुरक्षा के मद्देनजर रंगीन गेंदें लगाई गई हैं लेकिन बिजली के पोलों की ऊंचाई कम होने की बात कहकर वे अपना बचाव भी करते हैं। उनका कहना है कि लोक निर्माण विभाग ने परिसर का निर्माण किया व उनकी कंपनी सिर्फ यहां से हवाई सेवा का संचालन कर रही है लेकिन मापदंडों के बारे में पूछने पर वह कुछ नहीं कहते। बता दें कि हेरिटेज एविएशन व यूकाडा ने हवाई सेवा का ट्रायल किया व डीजीसीए के फाइनल ट्रायल के बाद उड़ान की स्वीकृति प्रदान की गई थी।



हेरिटेज एविएशन कार्यालय के करीब हवा में झूलते बिजली के तार।

**बोले अधिकारी**

> आधिकारिक तौर पर अभी तक कोई जानकारी नहीं मिली है कि बिजली के पोल वहां से हटाए जाएंगे या नहीं। - **प्रदीप कुमार**, ईई, विद्युत विभाग

> सुरक्षा के लिए गेंदें लगाई हैं। हम यहां से सिर्फ संचालन कर रहे हैं। इस जानकारी के लिए स्थानीय प्रशासन से संपर्क कीजिए। - **रोहित माथुर**, सीईओ, हेरिटेज एविएशन

**सतर्कता**

▸▸ **खर्च व समय ज्यादा लगने के कारण अस्थायी व्यवस्था के तहत तारों पर बांध दी गईं रंगीन गेंदें**

# कांग्रेस के विधि प्रकोष्ठ के पूर्व अध्यक्ष समेत सैकड़ों ने भाजपा की सदस्यता ली

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव से पूर्व भाजपा का सदस्यता अभियान जोर पकड़ रहा है। रविवार को मुखानी कुमाऊं संभाग कार्यालय में सदस्यता अभियान के संयोजक गोविंद सिंह बिष्ट व प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा ने कांग्रेस के विधि प्रकोष्ठ के पूर्व अध्यक्ष सुरेश चंद्र भट्ट समेत दर्जनों अधिवक्ताओं को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई।

इसके अलावा अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष भुवन आर्या के सहयोग से अनुसूचित वर्ग के 105 लोगों ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सभी का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। बिष्ट ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन है।

राष्ट्रहित सर्वोपरि की भावना से काम करने वाले कार्यकर्ताओं की बदौलत भाजपा की विश्व की सबसे बड़ा राजनीतिक दल बना है। इस दौरान जिला संयोजक चंदन सिंह बिष्ट, खीमानन्द शर्मा, रंजन बर्गली, भुवन आर्या, राजेन्द्र जीना, अमन भट्ट, मीना बुढलाकोटी, तनुज तलवार शाह, हितेश शाह, पूजा कर्नाटक, मनोज मौर्य, प्रकाश कुमार, मसरूर अहमद खान आदि मौजूद रहे।

### 28 को हल्द्वानी नहीं आएंगे भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा

**हल्द्वानी :** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का 28 फरवरी को हल्द्वानी का प्रस्तावित दौरा रद्द हो गया है। प्रदेश व जिला नेतृत्व उनके कार्यक्रम की अगली तिथि लेने का प्रयास कर रहा है। प्रदेश सह मीडिया प्रभारी चंदन सिंह बिष्ट ने बताया कि भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का 28 फरवरी को हल्द्वानी में वाटिका बैंक्वेट हॉल में कार्यकर्ता सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए पहुंचने की संभावना थी। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में कुमाऊं की दोनों संसदीय सीटों से 20 हजार से अधिक कार्यकर्ताओं के पहुंचने का अनुमान था। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा का यह दौरा फिलहाल स्थगित हो गया है। अब मार्च के पहले सप्ताह में उनके पहुंचने की संभावना है हालांकि तिथि अभी स्पष्ट नहीं हुई है। प्रदेश नेतृत्व के निर्देशन में जिला संगठन कार्यक्रम लेने की कोशिश कर रहा है।

## सार संक्षेप

### स्वास्थ्य शिविर में 782 मरीजों का उपचार

**लालकुआं :** सेंचुरी पल्प एंड पेपर मिल लालकुआं के तत्वावधान में आयोजित मल्टी स्पेशलिस्ट स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न जांचों के अलावा 782 लोगों ने उपचार कराया। मरीजों को नि:शुल्क दवाएं भी बांटी गईं। रविवार को सेंचुरी पेपर मिल की ओर से बिंदुखत्ता के जड़ सेक्टर स्थित जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मल्टी स्पेशलिस्ट स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ मिल के उपाध्यक्ष एवं एचआर हेड डॉ. अरुण प्रकाश पांडे ने किया। इस मौके पर रुद्रपुर व हल्द्वानी के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने रोगियों का परीक्षण करने के साथ ही उचित परामर्श व नि:शुल्क दवा वितरित की। इस अवसर पर सेंचुरी पेपर मिल के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील मधवार, डॉ. बलजीत दुग्गल, डॉ. सीमा मधवार, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. कोपल माहेश्वरी, जनरल फिजिशियन डॉ. संजय कुमार, सेंचुरी पेपर मिल के महाप्रबंधक नरेश चन्द्रा, वरिष्ठ अधिकारी राजेश खत्री, पीएस धौनी, हेमेंद्र राठौर, विद्यालय प्रबंधक सुंदर सिंह खनका मौजूद रहे।

### 450 मरीजों ने उठाया आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का लाभ



ऊंचापुल रामलीला मैदान में शिविर का शुभारंभ करते विधायक बंशीधर भगत।

**हल्द्वानी :** ऊंचापुल रामलीला मैदान में रविवार से तीन दिवसीय निशुल्क आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर शुरू हो गया है। जिसका शुभारंभ विधायक बंशीधर भगत व जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया ने किया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. महेंद्र सिंह गुंज्याल के निर्देशन में लगे शिविर में पहले दिन करीब 450 से अधिक मरीजों का इलाज हुआ। नोडल अधिकारी राष्ट्रीय आयुष मिशन नैनीताल ने बताया कि शिविर में न्यूरोपैथी, अग्निकर्म, मर्म चिकित्सा, पंचकर्म चिकित्सा, योग द्वारा ब्लड प्रेशर, मधुमेह, वात रोग, उदर रोग, जोड़ों के रोग, त्वचा रोग का इलाज किया गया। साथ ही निशुल्क दवा भी वितरित की गई। इस मौके पर निवर्तमान पार्षद प्रमोद पंत, डॉ. जगदीश सती, डॉ. एनएस काला, डॉ. योगेंद्र सिंह, डॉ. राजेश त्रिपाठी, डॉ. विजय सक्सेना, डॉ. पूनम जंगपांगी, डॉ. बबीता धपोला, डॉ. दीपा भट्ट, डॉ. सुरुचि सिंह, डॉ. सीपाल, डॉ. राजकुमार, चीफ फार्मेसिष्ट रेनू रावत, प्रताप सिंह मेहरा, गोविंद सिंह मेहरा, हरेंद्र जेडा, बिपिन किमोठी, गोपाल चिलवाल, धीरू मेहरा, संजीत आदि मौजूद रहे।

### साथी संगठन ने जाना सेवानिवृत्त कमांडेंट का हालचाल



सेवानिवृत्त कमांडेंट का हाल जानते साथी संगठन के सदस्य। ● अमृत विचार

**हल्द्वानी :** साथी संगठन का एक शिष्टमंडल रविवार को 93 वर्षीय सेवानिवृत्त कमांडेंट गंगा सिंह चम्याल के निवास पर उनका हाल-चाल जानने पहुंचा। अपराह्न चार बजे साथी संगठन का प्रतिनिधिमंडल संगठन के अध्यक्ष आनंद सिंह ठठोला की अगुवाई में गंगा सिंह चम्याल के निवास पर पहुंचा। गंगा सिंह ने अपने सेवाकाल के कुछ यादगार प्रसंग भी सुनाए। इस दौरान डीडी शर्मा, जगदीश खोलिया और आनंद सिंह रावत उपस्थित रहे।

### राज्य कर अधिकारियों से कई मुद्दों पर चर्चा



राज्य कर कार्यालय छोई में बैठक करते अधिकारी। ● अमृत विचार

**रामनगर :** टैक्स बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने सहायक आयुक्त मो. यासीर व राज्य कर अधिकारी मितेश्वर आनंद के साथ राज्य कर कार्यालय छोई में हुई बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की। अधिवक्ताओं व अधिकारियों के बीच जीएसटी नोटिसो के सम्बन्ध में चर्चा करने के साथ व्यापारियों को आ रही समस्याओं से भी अवगत कराया। बैठक के दौरान नोटिसों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। बैठक में रामनगर टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पूरन चंद पाण्डे, सचिव मो. फ़िरोज़ अंसारी, प्रियंका अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### गिरिजा मंदिर के समीप चला स्वच्छता का अभियान



कोसी नदी में स्वच्छता अभियान चलाते संत निरंकारी मिशन के लोग। ● अमृत विचार

**रामनगर :** संत निरंकारी मिशन की शाखा रामनगर द्वारा रविवार को गिरिजा मंदिर के पास कोसी नदी की साफ-सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गोविंद बधानी सदस्य गिरजा मंदिर समिति ने किया। रामनगर शाखा के मुखी वृक्षा राम ने बताया कि प्रात: आठ बजे से दोपहर 12 बजे तक स्वच्छता अभियान चलाया गया।

### युवक की हड्डी तोड़ने का आरोपी जेल भेजा

**रामनगर :** युवक के साथ मारपीट कर उसकी जांघ की हड्डी तोड़ने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला एक दिसम्बर 2023 का है जब लक्ष्मी भट्ट निवासी टेढ़ा गांव रामनगर ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया था कि आरोपी सुनील थपलियाल ने उसके साथ मारपीट करते हुए जांघ पर वार कर हड्डी तोड़ दी है। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ धारा 325/504 मुकदमा दर्ज करते हुए जांच उपनिरीक्षक जोगा सिंह को दी गई थी। रविवार को पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर उपनिरीक्षक जोगा सिंह ने पुलिस कर्मियों के साथ आरोपी सुनील थपलियाल निवासी ग्राम टेढ़ा को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### आज मुखानी व ऊंचापुल में बाधित रहेगी बिजली

**हल्द्वानी :** आज मुखानी व ऊंचापुल में बिजली बाधित रहेगी। विद्युत विभाग के ईई डीडी पांगती ने बताया कि रोस्टिंग के चलते सोमवार को मुखानी व ऊंचापुल में बिजली आंशिक या पूणत: बाधित रहेगी।

### महिलाओं को हरा चारा उपलब्ध कराने की पहल

**रामनगर :** कार्बेट टाइगर रिजर्व से सटे गांवों में मानव वन्य जीव संघर्ष पर विराम लगाने के मकसद से दुधारू पशु पालने वाली महिलाओं को पैक्ड हरा चारा दिलाने के लिए पहल शुरू कर दी गई है। इसके लिए ईको विकास समिति (ईडीसी) पात्र महिलाओं की सूची बना रही है। दुधारू पशुओं के नाम को अंतिम रूप मिलते ही इसके लिए प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

# होली गायन और नृत्य की मची धूम

## उत्तराखंड महिला जागृति व कल्याण संस्था ने किया आयोजन, शिव शक्ति टीम रही प्रथम

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** उत्तराखंड महिला जागृति व कल्याण संस्था ने रविवार को लामाचौड़ में होली महोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम में महिलाओं ने होली गायन के साथ ही स्वांग व नृत्य प्रतियोगिता में शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में 11 टीमों ने भाग लिया। ऊंचापुल शिव शक्ति की टीम प्रथम, चारधाम लामाचौड़ की टीम दूसरे और महिला भजन मंडली मुखानी तीसरे स्थान पर रही। कार्यक्रम में सुरसाधन संगीत स्कूल के बच्चों ने बहुत सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में एमबी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डीके पंत को सम्मानित किया गया। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजक प्रमोद बोरा और संयोजक रेनू जोशी ने सभी महिला टीमों का स्वागत किया। इस मौके पर डॉ. छवि कांडपाल, पूनम जोशी, कमला नेगी, आभा भट्ट, मीनू जोशी, कुसुम, वंदना, हरीश, नीरज, दिनेश आदि उपस्थित रहे।



लामाचौड़ में आयोजित होली महोत्सव में होली के गीत गातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### होली महोत्सव प्रतियोगिता के लिए सौंपी जिम्मेदारी



**हल्द्वानी :** सारथी फाउंडेशन समिति की एक बैठक रविवार को विमल कुंज छोटी मुखानी में संपन्न हुई। जिसमें आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। बैठक में 17 मार्च को होने वाली तृतीय होली महोत्सव प्रतियोगिता पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गई। संस्थापक संयोजक नवीन पंत ने प्रतियोगिता को भव्य बनाने के लिए सभी से समर्पण भाव से कार्य करने का आह्वान किया। बताया कि प्रतियोगिता में शामिल होने वाली सभी प्रतिभागी टीमें होली गीत एवं संदेशात्मक होली की विशेष प्रस्तुति के साथ अन्य सुंदर मनमोहन कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगी। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के अलावा प्रतियोगिता में शामिल प्रथम आने वाली टीम के सभी सदस्यों को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रतिभाग करने वाली टीम को पहले संस्था के पास निशुल्क रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। इस दौरान ज्ञानेंद्र जोशी, नवीन पंत, सुमित्रा प्रसाद, ज्ञानेंद्र जोशी, जाकिर हुसैन, दीक्षा पंत पांडे, भावना जोशी, पूजा पंत, मंजू सनवाल, हेमा जोशी, बबिता टकवाल, रमा जोशी, गीता बेलवाल, राजेश पंत, जयप्रकाश, संतोष गौड़, सत्यजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

### 23 को होगा वार्ष्णेय सेवा समिति का होली महोत्सव

**हल्द्वानी :** वार्ष्णेय सेवा समिति की ओर से 23 मार्च को होली महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह निर्णय रविवार को समिति की बैठक में लिया गया। समिति के सचिव पवन गुप्ता डब्बू ने बताया कि होली महोत्सव में चित्रकला प्रतियोगिता, महिलाओं के होली गीत, भजन संध्या का आयोजन होगा। साथ ही होली पवित्र संदेशात्मक कार्यक्रम भी होगा। इस दौरान अशोक वार्ष्णेय, राहुल वार्ष्णेय, सुषमा वार्ष्णेय, किशोर वार्ष्णेय, सतीश वार्ष्णेय, हरिमोहन वार्ष्णेय, धर्मेंद्र वार्ष्णेय, धीरज वार्ष्णेय, हिमांशु वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

### पर्वतीय सांस्कृतिक समिति में होली महोत्सव 21 से

**रामनगर :** प्रगतिशील सांस्कृतिक पर्वतीय समिति पैठपड़ाव परिसर में तीन दिनी होली महोत्सव मनाया जाएगा। यह निर्णय परिसर में आयोजित भगवत सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया। बैठक में आम सहमति बनी कि 21 फरवरी से 23 फरवरी तक होली महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसमें महिला एवं पुरुष होलियारो द्वारा होली के कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। बैठक में नीरज जोशी, दिनेश सत्यावली, जगदीश तिवारी, अमित बेलवाल, विनोद पपनै, अशोक खुल्बे, सुमित लोहनी, ललित सती, भोपाल नेगी, गणेश पंत, कमल सती, कुबेर सिंह, भुवन भाष्कर जोशी, ललित बिष्ट, डॉ. चंद्रा जोशी, मनोज सती, नंदन सिंह बोरा मौजूद रहे।

# नैनीताल में 17 मार्च से होगा होली महोत्सव

संवाददाता, नैनीताल

**तैयारी**

▸▸ महोत्सव के सफल आयोजन के लिए रामसेवक सभा में बैठक

**अमृत विचार :** नैनीताल में 27वां फागोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर श्रीराम सेवक सभा के तत्वावधान में रविवार को रामसेवक सभा सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। इसमें महिला दलों के साथ बैठक हुई। रामसेवक सभा के महासचिव जगदीश बवाड़ी ने बताया महोत्सव 17 मार्च से प्रारंभ होगा पहले दिन महिला होली।

18 मार्च को तल्लीताल धर्मशाला से होली जलूस का आयोजन किया जाएगा। जिसमें नैनीताल, भवाली, हल्द्वानी, अल्मोड़ा समेत आसपास के शहरों से आई महिला होलियारो की दल प्रतिभा करेंगे। जुलूस के बाद दोपहर दो बजे रामसेवक सभा में फागोत्सव का उद्घाटन होगा। बैठक में बिमल चौधरी, बिमल साह, राजेंद्र बिष्ट, मुकुल जोशी, मिथिलेश पांडे, आशु बोरा, दिनेश भट्ट, प्रो. ललित तिवारी, सरिता त्रिपाठी, खष्टि बिष्ट, रेखा जोशी, आशा बोरा, दीप्ती बोरा आदि मौजूद रहे।

### पूर्व नौसैनिक भव्य रूप से मनाएंगे होली मिलन कार्यक्रम

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** पूर्व नौसैनिक कल्याण समिति की एक बैठक रविवार को कमांडर (सेनि) दिगंबर सिंह के निवास पर संपन्न हुई। इसमें नए सदस्य मुकुल सनवाल व चंदन सिंह का स्वागत कर उन्हें समिति की सदस्यता दिलाई गई। सदस्य संजय शाह ने कतर से आठ नौसैनिकों की रिहाई और स्वदेश पहुंचने की खुशी में केंद्र सरकार के प्रयासों की प्रशंसा की। बैठक में सभी सदस्यों ने होली मिलन कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया। जिसकी तिथि जल्द जारी कर दी जाएगी। तय हुआ कि कार्यक्रम दिगंबर सिंह के निवास पर आयोजित होगा। इस दौरान आनंद सिंह ठठोला, चंदन सिंह डांगी, कुंदन सिंह अधिकारी, मनोरथ भट्ट, पूर्वानंद जोशी, केवलानंद पंत, रमेश भट्ट, धीरेंद्र सिं बिष्ट आदि मौजूद रहे।



रामनगर में बैठक करते समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

# वन विकास निगम के डिपो में लगी आग

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार :** वन विकास निगम के डिपो संख्या दो में लगी आग से हजारों की लकड़ी जलकर राख हो गई। क्षेत्र से पहुंची कई दमकल गाड़ियों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। अग्निकांड में लगभग 25 हजार रुपये के नुकसान का अनुमान है।

शनिवार की शाम लगभग साढे. पांच बजे डिपो संख्या 2 में रखे लकड़ी के एक चट्टे में अचानक तेज आग धधकने लगी। आनन-फानन में चौकीदार ने डिपो अधिकारी ओमप्रकाश कुंवर को घटना की जानकारी दी। साथ ही लालकुआं कोतवाली को भी सूचना पहुंचाई। मौके पर पहुंचे सेंचुरी पल्प एंड पेपर मिल और अग्निशमन विभाग हल्द्वानी से दमकलों ने आग बुझाने



के प्रयास शुरू कर दिए। राजस्व विभाग के उपनिरीक्षक लक्ष्मी नारायण यादव और कोतवाली पुलिस ने निगम कर्मियों के साथ मिलकर लगभग 1 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इधर वन विकास निगम के महाप्रबंधक महेश आर्य के अनुसार अग्निकांड में लगभग 65 फीसदी लकड़ी जल गई है। इसमें लगभग 25 हजार रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। संभवतः राह चलते किसी राहगीर द्वारा जलती बीड़ी या सिगरेट उक्त चट्टे की ओर फेंक दी गई, जिसके चलते यह आग लगी है।

# ट्रेनिज पर भारी पड़ गई प्रशिक्षकों की टीम

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान के प्रति जागरूकता अभियान के तहत रविवार को खेले गए प्रशिक्षक एकादश व ट्रेनिज एकादश के बीच खेले गए मैत्री मैच में प्रशिक्षकों की टीम ट्रेनिज पर भारी पड़ी और उन्होंने एकतरफा जीत दर्ज की।

जिला निर्वाचन अधिकारी के दिशा निर्देश तथा स्वीप कोऑर्डिनेटर सुरेंद्र अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला खेल कार्यालय हल्द्वानी के तत्वावधान में रविवार को प्रातः 10 बजे से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, गौलापार में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।

सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) के तहत मजबूत लोकतंत्र सबकी भागीदारी ध्येय के साथ प्रशिक्षक एकादश वर्सेज क्रिकेट ट्रेनिज एकादश तथा फुटबॉल के मैत्री मैचों का आयोजन किया गया।




गौलापार स्टेडियम में खेले गए मैच के दौरान मौजूद खिलाड़ी। ● अमृत विचार

प्रभारी क्रीडा अधिकारी नैनीताल जानकी कार्की ने लगभग 50 प्रतिभागियों को वोट करेगा नैनीताल लोगों से सुशोभित आकर्षक टी-शर्ट दीं। साथ ही, निर्वाचन कार्यालय के स्वीप कोऑर्डिनेटर ने सभी को मतदान की शपथ दिलाई।

इसी क्रम में मैत्री पूर्ण क्रिकेट मैच में प्रशिक्षक एकादश ने निर्धारित 15 ओवर में 101 रन बनाए, जिसमें कप्तान वरूण बेलवाल ने 43, महेश बिष्ट ने 33 रनों योगदान दिया। इसके जबाव में क्रिकेट ट्रेनिज एकादश निर्धारित 15 ओवरों में मात्र 88 रन ही बना सकी, जिसमें रोहित ने 30, अभिनव नेगी ने 11 और सूरज ने 7 रनों का योगदान दिया लेकिन इसके बावजूद उनकी टीम 13 रनों से हार गई।

इस अवसर उप क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल, क्रिकेट प्रशिक्षक त्रिलोक जीना, ललित मोहन पाण्डेय, गौरी शंकर पाण्डेय, आनंद देव, महेश बिष्ट, गोपाल नेगी, महेश फर्त्याल, राजेंद्र सिंह नेगी, मनमोहन बसेडा, काव्या किरन, हर्षल बिष्ट, नवनीत सिंह, कार्तिक जोशी, पवन, नैतिक पाल उपस्थित रहे।

## बगैर अनुमति पैतृक जमीन पर बना दिया पेयजल टैंक

**गरमपानी, अमृत विचार :** गांवों में जल जीवन मिशन के कार्यों में लगातार अनियमिताओं के मामले सामने आने के बाद अब ग्रामीण की बगैर अनुमति उसकी जमीन पर पेयजल टैंक निर्माण किए जाने का मामला सामने आया है। पोखरी गांव के दिनेश सिंह बिष्ट ने बगैर उसकी सहमति के उसकी जमीन पर टैंक निर्माण किए जाने का आरोप लगा जांच की मांग उठाई है। जल निगम के कनिष्ठ अभियंता के अनुसार गांव के लोगों ने ही उस जमीन पर टैंक निर्माण की सहमति दी थी।

अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे से सटे पोखरी गांव में इन दिनों जल जीवन मिशन योजना के तहत कार्य गतिमान है। गांव के फूलखई तोक पर पेयजल टैंक का निर्माण किया जा रहा है जहां से गांव के बाशिंदों को पेयजल आपूर्ति की जाएगी। खैरना निवासी दिनेश सिंह बिष्ट ने आरोप लगाया है की पोखरी गांव में उनकी पैतृक सम्पत्ति है। योजना के तहत बगैर उनकी सहमति के उनकी पैतृक जमीन पर टैंक निर्माण किया जा रहा है। विभाग व ठेकेदार ने अनापत्ति प्रमाणपत्र पत्र लिए ही उनकी जमीन पर टैंक निर्माण कर डाला है।

**आयोजन** मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे ने उद्घाटन किया

# 7वीं सिकाई नैनीताल जिला कराटे चैंपियनशिप में भीमताल ब्लॉक प्रथम

संवाददाता भीमताल

**अमृत विचार :** रामलीला मैदान भीमताल में हुई 7वीं सिकाई नैनीताल जिला कराटे चैंपियनशिप में भीमताल ब्लॉक का प्रदर्शन शानदार रहा।

प्रतियोगिता में नैनीताल जनपद के विभिन्न ब्लॉक से आए 150 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इसमें भीमताल ब्लॉक ने सर्वाधिक पदक प्राप्त कर प्रथम स्थान, हल्द्वानी द्वितीय एवं धारी ब्लॉक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी नैनीताल अशोक कुमार पांडे ने किया। प्रतियोगिता के बालक वर्ग में आरोह कुलेठा, करण आर्य, विवान पांडे, सार्थक पांडे, महिम गोस्वामी, अमयश रंजन, जयंत भगवाल, पीयूष कपिल, मनन



कराटे प्रतियोगिता का शुभारंभ करते मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे ।

चंद रजवार, रुद्रांश भट्ट, हर्षित कनवाल, युगल किशोर सनवाल, हर्षित राज, दीपक कुमार ने स्वर्ण पदक तथा बालिका वर्ग में गरिमा जोशी, भाविका चौधरी, बबीता आर्य, आकांक्षा आर्या, मोनिका शाही, प्रव्या शर्मा, तनिष्का गोस्वामी, सिजल आर्य, राखी राजपूत, हिमाद्री ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आयोजन औरो फाउंडेशन एवं सिकाई नैनीताल के तत्वावधान में सिहान हिमांशु कुलेठा एवं सैनसाई अनीता बोरा के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र चनौतिया, पूनम शर्मा, सुरेंद्र सिंह परिहार, हिरदेश कुलियाल, दीपक शर्मा, प्रदीप सनवाल उपस्थित रहे।

RMC BAREILLY
Excellence towards profession
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली
FREE ओ. पी. डी. परामर्श
बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के नि:शुल्क परामर्श के लिए मिलें
मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा नि:शुल्क परामर्श
दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024
समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक
स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल , हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084



डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ , मुंबई
रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900 , 8006460900
Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly

# क्रॉस कंट्री में अर्जुन ने मारी बाजी

## मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्पोर्ट्स स्टेडियम में फुटबॉल व क्रॉस कंट्री का आयोजन

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्पोर्ट्स स्टेडियम में क्रॉस कंट्री और फुटबॉल मैच में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। रविवार सुबह एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर हरी झंडी दिखाकर क्रॉस कंट्री का प्रारंभ किया।

उससे पहले मतदाता जागरूकता के लिए सभी को शपथ दिलाई। क्रॉस कंट्री के ओपन बालक वर्ग में स्टेडियम के खिलाड़ी अर्जुन, जूनियर बालकों की दौड़ में आयुष और सब-जूनियर बालक वर्ग में आशीष पहले स्थान पर रहे। वहीं बालिका ओपन वर्ग में मोनिका पहले स्थान पर रही। उधर फुटबॉल मैच में 6 टीमों ने प्रतिभाग किया। पहले मैच में काशीपुर डिफेंडर ने कुमाऊं एफसी को 1-0 से हराया। दूसरे मैच में खांसार एफसी ने ब्लूमिंग एकेडमी को 4-2 से हराया। तीसरे मैच में फुटबॉल क्लब कुंडेश्वरी ने काशीपुर डिफेंडर को 2-0 से हराया। वहीं चौथे मैच में स्पोर्टस स्टेडियम ने खांसार एफसी को 2-0 से पराजित किया। फाइनल मैच स्पोर्टस स्टेडियम और फुटबॉल क्लब कुंडेश्वर के बीच खेला गया, जिसमें कुंडेश्वरी की टीम ने स्टेडियम की टीम को 5-4 से हराया। अंत में सभी विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कार दिए गए। वहां योगेश चंद्र जोशी, रमेश खर्कवाल, ओमप्रकाश, मौ. रफी, ममता रावत, दयाल सिंह, बेबी, मिथलेश यादव आदि मौजूद रहे।



काशीपुर में क्रॉस कंट्री का शुभारंभ करते एसडीएम। ● अमृत विचार

### दिनेशपुर ने रामपुर को एक गोल से हराया

**शक्तिफार्म।** सुरेंद्रनगर में आयोजित नेताजी सुभाष बोस ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट के उद्घाटन मुकाबले में दिनेशपुर ने रामपुर को 2-1 से हराया। दिनेशपुर के शुभम को मैन आफ दी मैच की ट्रॉफी दी गई। सुरेंद्रनगर खेल मैदान में खेले गए मुकाबले के 19वे मिनट में दिनेशपुर के शुभम ने पहला गोल दागा। पहले हाफ के अंतिम क्षणों में रामपुर के लव कुमार ने गोल दागकर स्कोर बराबर किया। खेल के दूसरे हाफ में दिनेशपुर के धर्मा ने रामपुर के रक्षापक्ति को छकाते हुए गोल दागकर टीम को 2-1 की अजेय बढ़त दिलाई। सोमवार को महेंद्रनगर (नेपाल) और खटीमा के बीच मुकाबला होगा। मैच में अखिलेश मण्डल रैफरी, विश्वजीत और गौरव सहायक रैफरी, पंकज राय, जयंत मण्डल और सुनील सरकार कमेंट्रेटर, दीपेन सेन और समीर साना स्कोरर रहे। इससे पूर्व तारकनाथ शिवमंदिर कमेटी पदाधिकारियों ने मैच का शुभारंभ किया। वहां सम्भु साना, राजा हलदार, सुमित मंडल, सुखसंतोष राय, परेश मंडल, राजू मीरवर, विमल मिस्त्री, प्रशांत मंडल, संजीत विश्वास, संजय पांजा आदि मौजूद थे।

### रामशिला के दर्शन के लिए उमड़े भक्त

**काशीपुर।** श्री गंगे बाबा उदासी अखाड़ा आश्रम में रामशिला के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। एकम् सनातन भारत दल की ओर से गंगे बाबा रोड़ स्थित आश्रम में भगवान राम की वानर सेना द्वारा बनाए गए रामसेतु के निर्माण में उपयोग किए गए पत्थर को दर्शन के लिए लाया गया। रविवार को संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. आरके महाजन पवित्र रामशिला को सिर पर रखकर मंदिर परिसर में लाए। रामशिला के दर्शन करने वालों में काफी उत्साह दिखाई दिया। इस दौरान वेद प्रकाश विद्यार्थी, अमिता पांडेय, बीना शर्मा, रमा शर्मा, पुष्पा शर्मा, शशि शर्मा, प्रीती कांबोज, नीलम अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### भाकियू का प्रदर्शन आज

**जसपुर।** भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता सोमवार को ट्रैक्टर प्रदर्शन करेंगे और सरकार का पुतला फूकेंगे। यह जानकारी युवा भारतीय किसान यूनियन के ब्लाक अध्यक्ष अमन प्रीत सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि पंजाब और हरियाणा के किसान पूरे देश भर के किसानों की मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं, जिस पर सरकार द्वारा किसानों पर गोलियां चलाई जा रही हैं और अत्याचार किया जा रहा है। पंजाब व हरियाणा के किसानों के समर्थन में संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर सोमवार को 11 बजे हल्दुआ टोल प्लाजा के पास स्थित ब्राइट स्टार स्कूल वाले टी प्वाइंट हाईवे पर ट्रैक्टर प्रदर्शन कर विरोध दर्ज करवाया जाएगा और सरकार का का पुतला दहन किया जाएगा।

# रैली से दिया स्वच्छता का संदेश

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** अमृत उत्सव कार्यक्रम के तहत संत निरंकारी मिशन से जुड़े अनुयायों ने स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता लाने के लिए नगर में रैली निकाली गई जिसकी शुरुआत शर्मा कोठी मुड़िया तिराहा से पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते ने फीता काटकर की।

संयोजक बल्देव सिंह सिहाली की अगुवाई में पुलिस सुरक्षा के बीच यह रैली मुख्यमार्ग पर रेलवे क्रासिंग, गुरुद्वारा साहिब, इंटर कालेज मार्केट, भगत सिंह चौक, बेरिया मोड़, हल्द्वानी बस अड्डा, लेवड़ा पुल, संत निरंकारी भवन के सामने से होते हुए रोडवेज बस अड्डा पहुंचकर संपन्न हुई। जनपद ऊधम सिंह नगर में भी संत निरंकारी मिशन की शाखा जसपुर, काशीपुर द्वारा द्रोणा सागर की सफाई की जा रही है। बाजपुर के साथ ही गदरपुर में भी रैली निकाली गई है।

इसके अलावा रुद्रपुर में डिमरी नदी, पंतनगर में वैनी नदी व किच्छा, सितारगंज, खटीमा शाखाओं ने भी अपनी सुविधानुसार कार्यक्रम में योगदान दिया है। इस मौके पर करनैल सिंह, राजकुमारी, भूपेंद्र सिंह, गुरदीप सिंह, सुखजीत सिंह, अंग्रेज सिंह, दलजीत सिंह, सर्वजीत सिंह, आनंद कुमार, शेर सिंह, परमजहीत सिंह, विजेंद्र पाल, संतोष, वीर बहादुर, गुरमेल सिंह, संजय कुमार, शुभम, सुखवीर कौर, दयावती, सुनीता, मंजू देवी, पलक वधौन, प्रवीन रानी, हरपाल कौर आदि अनुयायी मौजूद रहे।


बाजपुर में फीता काटकर रैली की शुरुआत करते पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते।

### हजरत फरजंद अली शाह का चार दिवसीय उर्स शरीफ 27 फरवरी से

**बाजपुर।** हजरत फरजंद अली शाह उर्फ पीपल वाले रहमतुल्लाह अलैह का 43वां चार दिवसीय उर्स शरीफ 27 फरवरी से शुरू होगा। हरियाणा फार्म बद्रीपुर में स्थित हजरत फरजंद अली शाह पीपल वाले रहमतुल्ला अलैह के उर्स की जानकारी देते हुए हाजी रईस अहमद मियां ने बताया कि उर्स की शुरुआत 27 फरवरी मंगलवार सुबह नमाज फज्र गुसल शरीफ कुरान ख्वानी से होगी। इसके बाद महफिल-ए मिलाद, शरीफ जलसा होगा। देर शाम बाद नमाज ईशा हल्का जिक्र साढे.आठ बजे रात्रि में होगा। उर्स के दूसरे दिन 28 फरवरी को महफिल-ए कब्वाली का प्रोग्राम होगा जिसमें रामपुर से जावेद परवान बारशी कब्वाल पहुंच रहे हैं। तीसरे दिन 29 फरवरी को सुबह 9 बजे चादरपोशी हजरत दादा मियां दरगाह बद्रीपुर से उठेगी व बाद नमाज ईशा रात 9 बजे से महफिल-ए कब्वाली का प्रोग्राम शुरु होगा जिसमें जमील अहमद बारशी कब्वाल दिल्ली कब्वाली पेश करेंगे।

# जरूरतमंद महिलाओं को रोजगार परक बनाना उद्देश्य

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** हिमाचल प्रदेश की कॉर्ड संस्था ने महिला समूह के माध्यम से गरीब परिवारों को 272 कंबल वितरण किए। उन्होंने जरूरतमंद महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रोजगार परक प्रशिक्षण दिया। महिलाओं को मुख्य विकास की धारा से जुड़ने की अपील की।

रविवार को हिमाचल प्रदेश की कार्ड संस्था ने ग्राम पंचायत-कूल्हा के ग्राम-पार्वतीय मझरा में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रधान सुंदरगिरी गोस्वामी व पूर्व एसएसआई भगवान सिंह पांगती ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रधान सुंदरगिरी गोस्वामी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की कार्ड संस्था ने गरीब परिवारों की जरूरतमंद महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षण देकर घरेलू कार्य के साथ रोजगार करने का अवसर दिया। उन्होंने बताया कि संस्था ने एचसीएल कंपनी के सहयोग से गरीब परिवारों की महिलाओं को 272 कंबल वितरण किए। ग्राम विकास अधिकारी गौरव त्रिपाठी ने ग्राम पंचायत में चल रही विकास की विस्तृत जानकारी दी। संस्था कुमाऊं प्रभारी ध्यान सिंह नेगी व प्रशिक्षक सुनील कुमार मिश्रा ने अतिथियों व महिला समूह की महिलाओं का आभार व्यक्त कर धन्यवाद किया। संचालन मनोज आर्य ने किया। इस मौके पर समाजसेवी उमा पांगती, जानकी धर्मशक्तू, दीपा दानू, मुन्नी पांगती, उप प्रधान गोपाल सिंह ठठोला, कैलाश शर्मा, दिनेश नयाल आदि सहित दर्जनों समूह की महिलाएं मौजूद थीं।


दिनेशपुर में जरूरतमंद महिलाओं को कंबल वितरण करते प्रधान सुंदर गिरी गोस्वामी।

# सहकारी चीनी मिल ने बनाया नया कीर्तिमान

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** सहकारी चीनी मिल बाजपुर ने पिछले वर्षों के गन्ना पेराई सत्र की तुलना में कम गन्ना पेराई के बावजूद चीनी परता व उत्पादन में अधिकता तथा लास में कमी अर्जित कर नए सत्र की श्रेष्ठता को बरकरार रखने में कामयाबी हासिल की है। वर्तमान गन्ना पेराई सत्र में 23 फरवरी को मिल ने सर्वाधिक 10.83 प्रतिशत की टू-डेट रिकवरी प्राप्त कर नया कीर्तिमान भी स्थापित किया है।

अपनी स्थापना के 65वें वर्ष में चल रही बाजपुर चीनी मिल तमाम आर्थिक व्यवधानों और परेशानियों के बावजूद कुशल प्रबंधन तथा मजदूरों व किसानों के सहयोगी हाथों से नई सफलताओं के दौर से गुजर रही है। मिल प्रशासन के आंकड़ों से स्पष्ट होता कि चीनी मिल ने गन्ना पेराई सत्र वर्ष 23-24 में पिछले 77 दिनों के क्राप-डे में अब तक विगत गन्ना पेराई वर्ष 2022-23 में अब तक 25,02,000 क्विंटल गन्ने की पेराई कर ली थी। इस के सापेक्ष सत्र वर्ष 2023-24 में 22,77,600 क्विंटल पेराई की गई है।

इतनी कम गन्ना पेराई करने के बावजूद मिल ने तमाम उपलब्धियों को हासिल कर लिया है। विगत पेराई सत्र में इतने दिनों की पेराई के बाद मिल का औसत परता जहां 9.77 ही रहा। वहीं इस बार के कुशल संचालन ने इसी आंकड़े को बढ़ा कर 10.83 प्रतिशत कर दिया है। इतना ही नहीं मिल की स्थापना के 65 वर्षों में 23 फरवरी 2024 को सर्वाधिक 10.83 प्रतिशत की टू-डेट रिकवरी प्राप्त करने का शानदार रिकार्ड भी कायम किया है। मिल के प्रधान प्रबंधक हरवीर सिंह ने तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अपने ही पिछले वर्ष के रिकार्ड को और बेहतर कर स्पष्ट कर दिया कि यदि कुछ करने की लगन हो तो उसे धरातल पर भी उतारा जा सकता है।

# छात्र-छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुति से किया मंत्रमुग्ध

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** श्रीराम संस्थान में आयोजित सांस्कृतिक वार्षिक समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संस्थान के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न राज्यों की संस्कृति कुमाऊंनी, गढ़वाली, भांगड़ा, गरबा, गुजराती, नृत्य व नाटकों के माध्यम से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

रविवार को संस्थान में आयोजित वार्षिक समारोह का मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. सतपाल सिंह बिष्ट वाइस चान्सलर सोबन सिंह जीना यूनिवर्सिटी अल्मोड़ा एवं विशिष्ट अतिथि योगेन्द्र जिन्दल मैनेजिंग डायरेक्टर, जिन्दल वैजिटेबल प्रोडक्टस लिमिटेड (जेविपीएल) काशीपुर व डॉ. अर्जुन सिंह बोहरा चैयरमेन प्राइम हॉस्पिटल काशीपुर, देवेन्द्र कुमार अग्रवाल, बिग्रेडियर डॉ. देवेन्द्र सिंह, केडीएफ अध्यक्ष राजीव घई ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

संस्थान के अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) सतपाल सिंह बिष्ट रहे। संस्थान के प्रबंधन एवं वाणिज्य विभाग की सहायक प्रवक्ता कुलदीप एवं अंशुल नाथ को निरंतर 10 वर्ष से अपनी सेवाएं देने के लिए लांग सर्विस अवार्ड से सम्मानित किया गया।

इस दौरान संस्थान के निदेशक प्रो. डॉ. योगराज सिंह, प्राचार्य डॉ. एसएस कुशवाहा, कुलदीप, दीप्ती सिरोही, नमित भटनागर, सुनीता रावत, रतनदीप अरोरा, मांस रावत, डॉ. शोभित त्रिपाठी, डॉ. सुनीता शर्मा, बलविंदर सिंह आदि मौजूद रहे।


काशीपुर में संस्थान में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं। ● अमृत विचार

# सेमल की लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़ी

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** वन विभाग के सुरई रेंज की टीम ने अवैध रूप से काटकर उत्तर प्रदेश ले जाई जा रही सेमल से भरी ट्रैक्टर ट्राली को अपने कब्जे में ले लिया है।

सुरई रेंज की वन विभाग की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि एक ट्राली में लकड़ी काटकर अवैध रूप से उत्तर प्रदेश ले जाए जा रही है, जिसकी सूचना पर वन छेत्राधिकार आरएस मनराल के निर्देशन में टीम ने मझोला में ट्रैक्टर ट्राली को मय चालक के कब्जे में ले लिया। वहीं पीलीभीत जीवन विभाग की टीम पहुंच गई। पूछताछ में चालक ने बताया कि यह सेमल की लकड़ी वहं सुरई रेंज से लेकर जा रहा था। जिस पर वन विभाग की टीम ने ट्रैक्टर ट्राली और चालक को हिरासत में लेकर कब्जे में लेकर सूरज रेंज ले आए। टीम में डिप्टी रेंजर सतीश रेखाड़ी, धन सिंह अधिकारी अपनी टीम के साथ थे।


पकड़ी गई लकड़ी के साथ टीम।

# जर्जर सड़क का निर्माण कार्य शुरू

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** विधायक शिव अरोरा ने वर्षों से जर्जर हालत में पड़ी डेरा भजन गढ़ को जाने वाले मार्ग के कार्य का शुभारंभ कर एक हजार मीटर इंटरलॉकिंग टाइल्स मार्ग का शिलान्यास किया।

जहां डेरा संचालक सहित स्थानीय लोगों ने शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। विधायक ने फीता काटकर सड़क के कार्य की शुरुआत की।

शिलान्यास कर विधायक अरोरा ने कहा कि पिछले 15 सालों से भजनगढ़ मार्ग की जर्जर हालत को मुद्दा उठ रहा था और लोगों कई बार सड़क निर्माण की मांग कर चुके थे। मगर 2006 के बाद से महज घोषणाओं के अलावा कोई कार्य नहीं हुआ। बताया कि किच्छा बाईपास रोड स्थित कार एजेंसी से होता हुआ यह मार्ग डेरे तक की सड़क को जोड़ेगा। इस मौके पर डेरा स्वामी विक्रमजीत सिंह, बा बा विक्रमजीत सिंह, पवन अग्रवाल, बंशीधर गुंबर, हरजीत सिंह हरजी, सुशील गाबा, विनय बत्रा, रोहित गुंबर,अनमोल विर्क, किरन विर्क, विशाल खेड़ा, प्रीत ग्रोवर, मयंक कक्कड़,पवन चीमा, राजेश कामरा, राजेश ग्रोवर, सुनील यादव, सोनू वर्मा, आदि मौजूद रहे।


डेरा भजनगढ़ मार्ग का शुभारंभ करते विधायक अरोरा व अन्य। ● अमृत विचार

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

### ग्रैंड पेरेंट्स डे

प्री प्राइमरी शाखा के विद्यार्थियों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

# बच्चों की प्रस्तुति देखकर झूम उठे दादा-दादी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** कोलम्बस पब्लिक स्कूल में ग्रैंड पेरेंट्स डे धूमधाम से मनाया गया। जहां बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दे कर दादा-दादी और नाना-नानी को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सेवानिवृत उपाधीक्षक रमेश चंद्र जोशी और विद्यालय के चेयरमैन केसर दास खेड़ा द्वारा दीप जलाकर किया। इस दौरान प्री प्राइमरी शाखा के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की ऐसी प्रस्तुति दी कि मौजूद दादा-दादी और नाना-नानी देखकर झूमने को मजबूर हो गए। अपने बच्चों को देखकर अभिभावकों ने भी हर्ष जताया। मुख्य अतिथि सेवा निवृत उपाधीक्षक जोशी ने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा के साथ साथ संस्कारवान बनाना भी विद्यालय की जिम्मेदारी होती है,क्योंकि विद्यालय ही युवा पीढ़ी की पहली पाठशाला होती है। भारतीय संस्कृति में बुजुर्गों को सम्मान देना सर्वोपरि माना गया है। इस प्रकार के आयोजनों से जहां बुजुर्गों को हर्ष होता है और वही बुजुर्गों के प्रति संस्कार पैदा होगे। इस दौरान बुजुर्ग के बीच भी अंताक्षरी प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया। विद्यालय के एमडी मनोज कुमार खेड़ा ने बताया कि ग्रैंड पेरेंट्स डे मनाने का उद्देश्य है कि अपनी संस्कृति को बढ़ावा दिया जा सके। ताकि युवा पीढ़ी में अपने बुजुर्गों के प्रति मान-सम्मान की भावना पैदा हो। तभी देश अपने और अपनेपन का एहसास होगा। इस मौके पर प्रधानाचार्य मनोज कुमार,उप प्रधानाचार्य डॉ. कामेश मित्तल आदि मौजूद रहे।


ग्रैंडपेरेटस डे पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते प्री प्राइमरी के बच्चे। ● अमृत विचार

# पाइप लाइन के लिए खोदी सड़क, लोग हो रहे परेशान

**बाजपुर।** नैनीताल-बाजपुर मुख्यमार्ग पर पाइप लाइन के लिए खोदी गई पक्की सड़क के किनारे की जगह की वजह से आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं जिसके चलते आमजन व ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। बरहैनी क्षेत्र में मुख्यमार्ग के किनारे पाइप लाइन बिछाने का काम चल रहा है। ठेकेदार ने लोडर के जरिये बरहैनी से लेकर ग्राम भट्टपुरी से भी आगे तक पक्की सड़क के बराबर की पटरी (कच्ची सड़क) को खोदकर पाइप लाइन बिछाई जा रही है।

समस्या यह है कि खोदी गई इसी पाइप लाइन को सही जगह-जगह खुला छोड़ दिया गया है। भट्टपुरी के पूर्व ग्राम प्रधान लोकतंत्र सेनानी गोपाल कोच्छड़ ने अधिकारियों से समस्या की गंभीरता को देखते हुए संबंधित ठेकेदार से पाइप लाइन बिछाने के बाद जगह से सही ढंग से समतल करवाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि जगह-जगह जल संस्थान की पुरानी पेयजल पाइप लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई है जिसके चलते कई घरों में जलापूर्ति बाधित हो रही है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रूद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

# महिला की मौत पर अस्पताल में परिजनों का हंगामा, कर्मचारी हिरासत में लिया

## बुखार आने के बाद कराया गया था भर्ती, गलत इंजेक्शन देने का आरोप लगाया

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** अस्पताल में इलाज के दौरान विवाहिता की मौत हो गई।


मृतका कंचन कश्यप।

परिजनों ने गलत इंजेक्शन लगाने से मौत होने का आरोप लगाकर हंगामा किया। अस्पताल प्रबंध की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया, जिसे पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वहीं अस्पताल स्टाफ के एक व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

शनिवार की देर रात सकेनिया गदरपुर निवासी कंचन कश्यप पत्नी सुरेश को बीते दिनों से जारी बुखार के चलते गंभीर हालत में बाजपुर में मुख्यमार्ग स्थित लाम्बा हास्पिटल में भर्ती कराया, जहां स्टाफ द्वारा उनका उपचार किया और वह स्वस्थ महसूस कर रही थी। आरोप है कि डा.हरीश लाम्बा ने मरीज की जानकारी लेकर उसे अभी भर्ती रखने और मरीज को कुछ खिलाने को कहा गया। बताया गया कि इस दौरान मरीज ने चाय ली और रोटी का चौथाई हिस्सा खाया। इसी बीच स्टाफ के ही एक युवक द्वारा चिकित्सीय व्यवस्था के तहत महिला को इंजेक्शन लगाया। इसके बाद कंचन के मुंह से झाग निकलने लगा। परिजन डर गए और इसी बीच इंजेक्शन लगाने वाला युवक भी डरकर भाग गया। इसके उपरांत महिला की मृत्यु हो गई। परिजनों द्वारा हंगामा किया गया जिसके चलते अस्पताल प्रशासन ने पुलिस बुलाकर इंजेक्शन लगाने वाले युवक को पुलिस के हवाले कर दिया।

पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया जिसका पंचनामा भरकर रविवार को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, वहीं समाचार लिखे जाने तक तहरीर नहीं दी गई थी, पुलिस आरोपित युवक से पूछताछ कर रही है। वहीं अस्पताल प्रशासन द्वारा आरोपों को बेबुनियाद बताया है।

लाम्बा क्लीनिक के मुख्य चिकित्सक डा.हरीश लाम्बा ने कहा कि रात्रि करीब 9 बजे मरीज कंचन को अर्धमूर्छित हालत में उनके क्लीनिक पर लाया गया, इससे पूर्व वह एक अन्य चिकित्सालय में भी मरीज को दिखाकर लाए थे। सूचना पर वह क्लीनिक पहुंचे और मरीज का परीक्षण किया तो टीएलसी (इंफेक्शन) जो आमतौर पर मरीज में 5 हजार के करीब होनी चाहिए थी वह 22 हजार से अधिक पाई गई। वहीं ब्लड प्रेशर भी 50 से 95 था, जोकि काफी असंतुलित था। इतना ही नहीं हार्डवीप भी 131 से अधिक थी। वहीं अन्य परीक्षणों में भी मरीज की हालत काफी गंभीर थी जिसके चलते तत्काल की मरीज के परिजनों को गाड़ी मंगा बड़े अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई, लेकिन रात्रि 11 बजे तक भी मरीज के परिजन गाड़ी की व्यवस्था नहीं कर पाए। इस दौरान प्राथमिक उपचार के चलते बढ़ते इंफेशन रोकने के लिए मोनोसेफ व गैस की समस्या के लिए ऐसिलॉक का इंजेक्शन उनके कर्मचारी फिरासत अली द्वारा लगाया गया, जिसके पास फार्मेसिस्ट की डिग्री भी है।


बाजपुर के लाम्बा हास्पिटल में महिला की मृत्यु के बाद विलाप करते परिजन। ● अमृत विचार

### प्राथमिक उपचार के बाद भी मरीज को नहीं ले जाया गया

प्राथमिक उपचार के बाद भी मरीज को काफी समय तक ले जाया नहीं गया जिसके चलते बढ़ते इंफेक्शन की वजह से यह घटना हुई है। मुंह से झाग आने की बात पूर्णत: गलत है। इस दौरान मरीज के परिजनों ने लोगों को अस्पताल में बुला लिया और अभद्रता की गई, जिसके चलते पुलिस को बुलाया गया और उन्होंने स्वयं अपने कर्मचारी को जांच के लिए पुलिस को सौंपा है।

## विवाहिता की मौत में पति के साथ चार पर मुकदमा

**काशीपुर।** मायके में रह रही एक विवाहिता की मौत के मामले में पति समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। आरोपियों पर महिला को आत्महत्या करने के लिए विवश करने का आरोप है।

ग्राम गंगापुर निवासी गंगाराम ने कुंडा थाना पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वर्ष 2021 में उसने अपनी पुत्री कंचन उर्फ शीलू (26) का विवाह यूपी के मुरादाबाद स्थित कटघर निवासी राजू कुमार पुत्र कलुआ से किया था। आरोप है कि पति राजू कुमार व ससुरालियों ने दहेज में दो लाख रुपये और कार की मांग को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। बेटी के पैदा होने के बाद ससुराली और ज्यादा तंग रखने लगे। इस प्रकरण में ससुरालियों के खिलाफ दहेज एक्ट का केस पहले से ही विचाराधीन है। आरोप है कि शीलू के पति राजू ने उसके आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए, 22 फरवरी को उसकी पुत्री ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। कुंडा थाना प्रभारी दिनेश फर्त्याल ने बताया कि तहरीर पर आरोपी पति राजू कुमार सहित चार लोगों के खिलाफ महिला को आत्महत्या के लिए विवश करने के आरोप में केस दर्ज किया गया है।

# कार-बाइक की भिड़ंत में हुई महिला की मौत

▸▸ रामपुर रोड के यूपी मार्ग पर हुआ भीषण हादसा, डेढ़ वर्ष का बच्चा हायर सेंटर रेफर, हालत गंभीर

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** बाइक और कार की भिड़ंत में रविवार की दोपहर महिला की मौत हो गई, जबकि डेढ़ वर्षीय मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गांव हारुनी बरेली निवासी पवन कुमार 21 वर्षीय पत्नी रोशनी और डेढ़ साल के मासूम शिवम के साथ बाइक से रुद्रपुर की ओर रहा था। अचानक रामपुर रोड यूपी मार्ग पर बाइक और कार की भिड़ंत हो गई। बताया जा रहा कि कार की गति इतनी तेज थी कि टक्कर के बाद बाइक सवार छिटक कर दूर जा गिरे और बाइक सवार घायल हो गए। स्थानीय लोग रुद्रपुर जिला अस्पताल नजदीक होने पर घायलों को अस्पताल लाए, जहां डॉक्टरों ने महिला रोशनी को मृत घोषित कर दिया, जबकि डेढ़ वर्षीय मासूम की हालत गंभीर बताते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया, जहां मासूम को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया और उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है, जबकि बाइक सवार को मामूली चोट लगी है।

सिडकुल चौकी पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल यूपी होने के कारण रामपुर पुलिस को सूचित कर दिया है।

### ट्रक ने मारी बाइक सवार दंपति को टक्कर

**काशीपुर।** सड़क दुर्घटना में एक दंपति को घायल करने के मामले में आईटीआई थाने में कैंटर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। भोगपुर डाम, जसपुर निवासी सुरजीत सिंह ने कहा कि उसके चाचा बिल्लू सिंह और उसकी पत्नी अनीता कौर 22 फरवरी की दोपहर अपनी मोटरसाइकिल से नानममत्ता से जसपुर लौट रहे थे। रास्ते में परमानन्दपुर मोड़ पर कैंटर के चालक ने अचानक से कैंटर को मोड़ दिया, जिससे उसके चाचा की मोटरसाइकिल कैंटर की चपेट में आ गई। हादसे में मोटरसाइकिल सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, 108 एम्बुलेन्स से उन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। तहरीर पर पुलिस ने कैंटर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## पार्ट टाइम जॉब बताकर युवती से रुपये ठगे

**रुद्रपुर।** कोतवाली इलाके की रहने वाली युवती को पार्ट टाइम जॉब कर अधिक पैसा कमाने का प्रलोभन देकर लाखों की ठगी होने का मामला सामने आया है।

प्रबल सिटी कॉलोनी निवासी पिंकी ने बताया कि एक दिसंबर 2023 को उसके मोबाइल पर पार्ट टाइम जॉब का मैसेज आया और तीन दिसंबर को प्रीपेड टेस्क से जोड़ दिया और पहले एक हजार से 1200 रुपये देने और कमीशन देने की बात कही। जब रकम का भुगतान किया तो उसके कुछ ही देर बाद खाते में कमीशन की राशि आई। इसके बाद साइबर ठग ने झांसा देकर कई बार अलग अलग धनराशि खाते में भुगतान कर दिया और खाते में 1.08 लाख रुपये का भुगतान हो गया।

उसके बाद 75 हजार रुपये की मांग की गई और कोई भी कमीशन खाते में नहीं आई। ठगी होने की भनक लगने पर जब रकम नहीं दी तो ठग ने फोन उठाना बंद कर दिया और कुछ देर बाद मोबाइल बंद हो गया। पीड़िता ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## किशोरी की मौत पर उठे सवाल, हत्या की आशंका

▸▸ पुलिस ने रामपुर से किया शव बरामद, पोस्टमार्टम रिपोर्ट खोलेगी राज

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** कोतवाली इलाके के पहाड़गंज इलाके में हुई किशोरी की मौत पर कई सवाल उठने लगे हैं। गोपनीय तरीके से किशोरी को दफन करने की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने यूपी के एक गांव से युवती का शव बरामद किया और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेज दिया है। पुलिस को आशंका है कि किशोरी ने आत्महत्या नहीं, बल्कि हत्या की गई है।

जबकि स्वजन आत्महत्या की कहानी बयां कर रहे हैं। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। रंपुरा चौकी इलाके के पहाड़गंज की रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी का शव शनिवार को घर के कमरे में लटका हुआ मिला। बताया जा रहा कि मृतका के पिता का पैतृक गांव यूपी रामपुर के अजीम नगर का है। जिस कारण शनिवार को परिवार के लोग गोपनीय तरीके से शव को लेकर पैतृक गांव पहुंचे और किशोरी के शव को दफनाने की कोशिश करने लगे। मगर शनिवार की शाम को कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि किशोरी ने आत्महत्या नहीं, बल्कि परिवार के लोगों ने उसकी हत्या कर शव को लटका दिया है। पुलिस टीम ने अजीमनगर यूपी गांव जाकर दबिश दी और किशोरी को दफनाने से पहले ही शव को बरामद कर रुद्रपुर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इलाके में ऑनर किलिंग की चर्चा है।

# कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष पर हमले का मामला गर्माया

▸▸ प्रदेश अध्यक्ष माहरा के साथ गरजे कांग्रेस कार्यकर्ता, एसएसपी कार्यालय में प्रदर्शन

संवाददाता,रुद्रपुर

**अमृत विचार :** कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा पर हमला प्रकरण लगातार गर्माता जा रहा है, जिसको लेकर महानगर अध्यक्ष द्वारा आत्मदाह की चेतावनी देने के बाद रविवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष माहरा के साथ कांग्रेसी एसएसपी कार्यालय पर जमकर गरजे। इस दौरान वायरल वीडियो में हमला करने वाले बाहरी तत्वों की गिरफ्तारी का मुद्दा उठाया गया। गिरफ्तारी नहीं होने पर एसपी सिटी व सीओ पंतनगर सहित कार्यकर्ताओं में नोकझोंक हुई।

इसके बाद बुधवार को गिरफ्तारी होने के आश्वासन के बाद कांग्रेसियों ने धरना समाप्त किया। शुक्रवार को किए गए आह्वान के बाद रविवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करना माहरा और जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता एसएसपी कार्यालय पहुंचे और दरी बिछाकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर सीओ पंतनगर तपेश कुमार भी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और काफी समझाने की कोशिश की। बावजूद इसके कार्यकर्ताओं के उग्र तेवर को देखते हुए एसपी सिटी मनोज कत्याल भी मौके पर पहुंचे और प्रदेश अध्यक्ष सहित कार्यकर्ताओं को समझाने की कोशिश करने लगे। प्रदेश अध्यक्ष माहरा का कहना था कि महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा पर हमला हुए तीसरा दिन हो चुका है। बावजूद इसके वायरल वीडियो में हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं हुई। एसपी सिटी ने भरोसा जताया कि बुधवार तक हमलावरों को चिन्हित कर गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा, मीना शर्मा, पुष्कर राज जैन, डॉ गणेश उपाध्याय,किशोर हाल्दार, मोहन खेड़ा, संदीप चीमा, सुनील आर्या, ममता रानी, मोनिका ढाली, पवन वर्मा, मानस बैरागी, सौरभ चिलाना, गोपाल कृष्ण भसीन, राजेश प्रताप सिंह, दर्शन कोली, गुडडू तिवारी, अनिल साहनी आदि मौजूद रहे।


एसएसपी कार्यालय में धरना स्थल पर बैठकर समझाने की कोशिश करते एसपी सिटी।

### गेट किया बंद, तो भड़क उठे हरीश पनेरू

रविवार की दोपहर साढ़े बारह के करीब जब धरना पूरे उफान पर था। तभी अचानक एसएसपी कार्यालय के मुख्य गेट पर तैनात पुलिसकर्मी ने गेट बंद कर दिया। जिससे कार्यकर्ताओं की आवाजाही प्रभावित होने लगी। इसे देखकर कांग्रेस नेता हरीश पनेरू का पारा चढ़ गया और आवेश में आकर पनेरू गेट पर पहुंचे और तैनात पुलिसकर्मियों को चेतावनी देने लगे। पनेरू के हंगामे के बाद पुलिस कर्मी को गेट खोलना पड़ा।

### सरकार दमनकारी नीति अपना रही


तजिंदर सिंह।

भाजपा की सरकार दमनकारी नीति अपना रही है। निर्दोष aलोगों पर हमले व मुकदमे दर्ज कर प्रताड़ित कर रही है। वीडियो में साफ तौर पर देखा जा रहा है कि दस से बारह लोग महानगर अध्यक्ष को दौड़ा दौड़ाकर हमला कर रहे हैं। इसके बाद भी भाजपा के इशारे पर पुलिस कठपुतली की तरह नाच रही है। अन्याय के खिलाफ तराई किसान संगठन हर संघर्ष के लिए खड़ा है और इसी उद्देश्य के साथ कांग्रेसियों के धरने को अपना समर्थन दिया गया है।

### शर्मा की हर गतिविधि पर एलआईयू की नजर

कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने अपने ऊपर हमला करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर शुक्रवार को ऐलान किया था कि रविवार की दोपहर बारह बजे वह पुलिस कार्यालय में आत्महत्या करेगे। जिसके बाद पुलिस प्रशासन के अलावा एलआईयू की पूरी टीम सक्रिय हो गई और जब रविवार को कार्यकर्ताओं ने पुलिस कार्यालय में धरना शुरू किया तो अफवाह उड़ी कि शर्मा किसी भी वक्त तेल छिड़ककर आत्मदाह की कोशिश कर सकते हैं।

इसके बाद एलआईयू के कई कर्मी सीपी शर्मा पर नजर बनाए हुए थे और दूसरी टीम ने पुलिस कार्यालय के बाहर खड़ी शर्मा सहित कार्यकर्ताओं की तलाशी लेनी शुरू कर दी। वहीं धरना स्थल के ऊपर ड्रोन कैमरा चलाकर वीडियोग्राफी की गई।

# हिस्ट्रीशीटरों की कराई परेड

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र की सभी चौकियों के अंतर्गत निवासरत हिस्ट्रीशीटरों की परेड कराई। इस दौरान सख्त चेतावनी दी गई कि यदि किसी प्रकार के गलत कार्य व अवैधानिक गतिविधि में संलिप्तता पाई जाती है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर पुलिस की ओर से हिस्ट्रीशीटरों की दैनिक गतिविधियों पर नजर रखने के साथ ही उनके किसी भी प्रकार के आपराधिक कृत्य में शामिल होने की छानबीन लगातार की जा रही है। इसी क्रम में रविवार को कोतवाली में एसएसआई जसवीर सिंह चौहान ने हिस्ट्रीशीटरों को कोतवाली में बुलाकर उनकी वर्तमान मौजूदगी व उनके कार्यों की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी ली।

इस दौरान उन्हें किसी भी प्रकार के आपराधिक कार्यों में लिप्त न रहने, कानून एवं शांति व्यवस्था प्रभावित न करने, शांति पूर्वक जीवन यापन करने तथा पुलिस के बुलाए जाने पर तत्काल थाने में आने की हिदायद दी गई। एसएसआई जसवीर सिंह चौहान ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र की सभी चौकियों के अंतर्गत वर्तमान समय में कुल 51 हिस्ट्रीशीटर हैं, इनमें से पांच की मृत्यु हो चुकी है, 6 लापता हैं, जबकि तीन जेल में बंद हैं तथा 37 हिस्ट्रीशीटर मौजूद हैं।


बाजपुर कोतवाली में हिस्ट्रीशीटरों को हिदायत देते एसएसआई जसवीर सिंह चौहान।

### निर्माणाधीन दो मंजिला इमारत से गिरकर मजदूर की मौत

**रुद्रपुर :** शहर की पॉश कॉलोनी में निर्माणाधीन दो मंजिला भवन से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गई। थाना सदर कैंट के ग्राम चनेटी बरेली यूपी निवासी 55 वर्षीय रोहताश कुमार मेहनत मजदूरी करता था। वह रविंद्र नगर में किराए के मकान में रहकर जीविका चलाता है। बताया जा रहा कि रोजमर्रा की भांति मजदूर शहर की पॉश कॉलोनी ओमेक्स में दो मंजिला निर्माणाधीन भवन में मजदूरी कर रहा था कि अचानक पैर फिसलने से वह दो मंजिला भवन से नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या की

**काशीपुर :** संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आईटीआई थाना क्षेत्र के जसपुर खुर्द सांईधाम कॉलोनी विशाल नगर निवासी सुभाष चन्द्र (40) पुत्र मुरारीलाल ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर में फांसी लगा ली। आनन फानन में परिजन उसे फंदे से उतारकर बाजपुर रोड स्थित हॉस्पिटल ले गये, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। थाना आईटीआई प्रभारी प्रवीण सिंह कोश्यारी ने बताया कि मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।

### चाकू के साथ एक युवक को दबोचा

**काशीपुर :** थाना आईटीआई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रात्रि गश्त के दौरान चैती मंदिर मैदान से रोहताश कुमार निवासी खड़कपुर देवीपुरा को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक अवैध चाकू बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया गया।

## नई कार्यकारिणी के गठन को चुनाव अधिकारी नियुक्त

**काशीपुर।** देवभूमि पर्वतीय महासभा की बैठक में काफी समय तक गहमागहमी रही। इस दौरान नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर चुनाव अधिकारी नियुक्त किये गये। रविवार को एक बार फिर निवर्तमान अध्यक्ष जीना द्वारा मोहल्ला खालसा स्थित एलडी भट्ट सभागार में महासभा के आजीवन सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नयी कार्यकारिणी के चुनाव के लिये चुनाव अधिकारी के रूप में भगवंत सिंह बिष्ट, राकेश लखेड़ा तथा राकेश पंत को नियुक्त किया गया। यहां बीडी कंडवाल, सुरेंद्र सिंह जीना, ज्ञानेंद्र जोशी, आरपी कोटनाला, योगेश जोशी, नीरज पंत, मनोज पांडे आदि मौजूद रहे।

# दहेज न मिलने पर घर से निकालने का आरोप

संवाददाता, नानकमत्ता

**अमृत विचार :** शादी के बाद दहेज में चार पहिया वाहन और पांच लाख रुपये नहीं मिलने पर पत्नी के साथ मारपीट कर गर्भपात कराने के बाद घर से निकाल दिया।

पीड़िता संदीप कौर निवासी धुमखेड़ा ने पुलिस को तहरीर सौंपकर आरोप बताया कि उसकी शादी सुरेन्द्र सिंह पुत्र मलकीत सिंह निवासी हरसाना थाना बाजपुर के साथ 2022 को हुई है। आरोप है कि दो माह बाद ही उसका पति सुरेन्द्र सिंह सास कश्मीर कौर, ससुर मलकीत सिंह, जेठ जोगेन्दर सिंह, जेठानी सिमरन कौर, ननद जसविंदर कौर आदि उससे लड़ाई झगड़ा करने लगे। दहेज में चार पहिया वाहन, जेवरात और व्यापार करने के लिए पांच लाख रुपये मांगने लगे। इस बात को लेकर संदीप कौर ने बरहेनी थाना बाजपुर पुलिस को तहरीर दी थी। जिसका मुकदमा बाजपुर न्यायालय और भरण पोषण के लिये खटीमा न्यायालय में चल रहा है, लेकिन ससुराल वालों ने संदीप कौर को मना लिया और मायके से अपने घर ले गये। कुछ माह बाद संदीप गर्भवती हुई तो ससुराल वाले धोखे से उसे अस्पताल ले गये। जहां उसका गर्भपात करा दिया। गत 8 फरवरी को ससुराल वालों ने उसे मार पीटकर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने पुलिस से कड़ी कार्रवाई की गुहार लगाई है।

**अलख** | संत निरंकारी मिशन को संगत और सेवादल ने प्रोजेक्ट अमृत के तहत चलाया स्वच्छ जल, स्वच्छ मन विशेष सफाई अभियान

# प्रदूषण अंदर हो या बाहर दोनों ही हानिकारक है...

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** संत निरंकारी मिशन को संगत और सेवादल ने "प्रोजेक्ट अमृत " के तहत "स्वच्छ जल, स्वच्छ मन" के तहत विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान का शुभारंभ उपजिलाधिकारी रविंद्र बिष्ट, जनप्रतिनिधियों और निरंकारी मंडल के पदाधिकारी के सामूहिक प्रयास से हुआ।

सेवादल की संगत ने प्रातः काल से ही अपने हाथ में सफाई के साधन लेकर संजय पार्क और वहां स्थित छठ पूजा सरोवर, तहसील प्रांगण में विशेष सफाई अभियान चलाया जिसमें संगत के लोगों के साथ ही नगर पालिका ने भी अपना सहयोग प्रदान किया। इस दौरान निरंकारी मिशन का संदेश भी प्रसारित किया गया कि " प्रदूषण अंदर हो या बाहर दोनों ही हानिकारक है। "प्रदूषित पानी प्रदूषित पानी ", "हमारी हानी", "स्वच्छ जल स्वच्छ कल," नारे लगाए गए। मिशन के सुरेंद्र करनवाल ने बताया कि यह प्रयोजन आज भारत के 1500 से अधिक स्थानों और 900 शहरों तथा 27 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में एक साथ आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर जयपाल सिंह, मोले सिंह, देवेंद्र कुमार, राजकुमार, अनिल, विवेक, मनीष कुमार, बबलू कुमार, यादव, सुमन कर्नवाल, राजश्री, चंद्रभान, संगीता, कुसुम आदि मौजूद रहे।


खटीमा में स्वच्छता अभियान चलाते संत निरंकारी मिशन सेवादल के कार्यकर्ता।

### प्रोजेक्ट अमृत के तहत स्वच्छता अभियान चलाया

**शांतिपुरी।** सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज के निर्देश पर रविवार को प्रोजेक्ट अमृत के तहत स्वच्छ जल-स्वच्छ मन परियोजना के दुसरे चरण का आयोजन किया गया। निरंकारी मिशन के आह्वान पर सुबह आठ से 12 बजे तक पंतनगर-किच्छा के लगभग 200 अनुयाइयों और स्वयं सेवकों ने विवि के बेनी नदी में स्वच्छता अभियान चलाया। बताया कि संत निरंकारी मिशन सामाजिक और कल्याणकारी गतिविधियों में निरंतर अपनी सक्रिय भुमिका निभाते हुए वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान और पर्यावरणीय मुद्दों पर जागरुकता आदि संचालित कर रहा है। ताकि धरती को और अधिक स्वच्छ, निर्मल व सुंदर बनाया जा सके। यहां जगतबली सिंह, हीरा लाल, संजय कुमार व प्रदीप सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में मिशन के अनुयायी और स्वयं सेवक मौजूद थे।

# किलावली में पुलिस टीम पर हमला कर वारंटी छुड़ाया

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** वारंटी की धरपकड़ को गई पुलिस टीम पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। आरोपियों ने पुलिस के कब्जे से पकड़े गए वारंटी को भी छुड़ा लिया। इस मामले में आठ लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस हमलावरों की तलाश में जुटी है।

शनिवार रात कुंडा थाना पुलिस एसआई होशियार सिंह के नेतृत्व में वारंटियों की धरपकड़ अभियान में जुटी थी। टीम में कांस्टेबल मनोज जोशी, जोगेन्द्र सिंह व चन्द्रशेखर भट्ट भी शामिल थे। उनकी कार ग्राम दुर्गापुर में नहर पुलिया पर पहुंचा तो मुखबिर ने वारंटी के घर के बाहर होने की सूचना दी। पुलिस ने वारंटी किलावली निवासी दलीप सिंह पुत्र जागर सिंह को पकड़ लिया, लेकिन उसने वारंट तामील नहीं किया। वारंटी ने अभद्रता कर आवाज लगाकर परिवार वालों को मौके पर बुला लिया। वहां पहुंचे वारंटी दलीप की पत्नी कृष्णा कौर, उसके पुत्रों गुरमीत सिंह, सुखविंदर सिंह उर्फ सुक्खू व मंगू सिंह व हरदीप सिंह पुत्र रणजीत सिंह निवासी ग्राम नवलपुर व चार अन्य महिलाओं ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। उन्होंने धक्का मुक्की कर दलीप सिंह को छुड़ाकर भगा दिया। कुंडा थाना प्रभारी दिनेश सिंह फर्त्याल ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ पुलिस पर हमला करने व सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने के आरोप में केस दर्ज कर लिया गया है।

### काशीपुर में पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**काशीपुर।** पुलिस ने न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर एक वारंटी को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। ऑपरेशन प्रहार व क्रैकडाउन के तहत न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर आईटीआई ने एनआई एक्ट के वारंटी ग्राम हिम्मतपुर निवासी जहांगीर को गिरफ्तार कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# इमलीघाट गेट पर तालाबंदी, 390 खनन वाहन नदी में फंसे

## पानी छिड़काव की स्थाई व्यवस्था नहीं होने तक ग्रामीणों ने गेट को बंद रखने का ऐलान किया, कई बार शिकायत करने पर भी समाधान नहीं

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचार :** शांतिपुरी नंबर-3 से होकर जाने वाले उपखनिज निकासी मार्ग पर पानी का छिड़काव नहीं किए जाने पर रविवार को ग्रामीण भड़क उठे। उन्होंने इमलीघाट स्थित सरकारी उपखनिज गेट पर तालाबंदी कर उसे बंद कर दिया, जिससे सुबह नदी में उपखनिज भरने गए वाहनों की निकासी बंद हो गई। वाहन गौला नदी में फंस गए।

आक्रोशित ग्रामीणों का आरोप है कि वाहनों से उड़ने वाली धूल ने उनको परेशान कर रखा है, जिस कारण बूढ़े, बच्चों व बीमार लोगों में सांस की बीमारियां पनपने लगी हैं। आरोप है कि सड़कों पर उड़ने वाली धूल मकानों के अंदर तक पहुंच रही है तो वहीं इस मार्ग कई स्कूल कॉलेज सटे हुए हैं जिस कारण स्कूली बच्चों को स्कूल आने व जाने में बेहद परेशानी हो रही है, जिससे उनका सामान व जनजीवन अस्त-व्यस्त हो रहा है। आक्रोशित ग्रामीणों का नेतृत्व कर रही द्रोपती कोरंगा ने कहा कि उन्होंने कई बार डीएलएम से दूरभाष पर मौके पर आकर समस्या का समाधान करने की मांग की लेकिन उन्होंने आने से इनकार कर दिया, जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रभागीय लौगिंग प्रबंधक उत्तराखण्ड वन विकास निगम को लिखित चेतावनी दे डाली कि जब तक सड़क पर पानी छिड़काव की स्थाई व्यवस्था नहीं होगी सभी ग्रामीण गेट को अनिश्चितकाल के लिए बंद रखेंगे। ग्रामीणों की तालाबंदी के कारण रविवार देर साम समाचार लिखेजाने तक करीब 390 वाहन नदी में फंसे हुए थे। उधर संबंधित अधिकारी इसकी वजह पानी छिड़काव के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी नहीं होने की बात कर रहे हैं। उपखनिज निकाशी मार्ग पर धूल ना उड़े इसके लिए प्रतिवर्ष टैंकर से पानी छिड़काव की व्यवस्था वन निगम द्वारा की जाती रही है, लेकिन इस बार गेट को खुले करीब एक महीना बीतने के बावजूद अभी तक निकासी मार्ग पर पानी छिड़काव की कोई व्यस्था नहीं की गई है। तालाबंदी करने वालों में प्रकाश सिंह, दीपू राणा, द्रोपती कोरंगा, दीपा जोशी, गीता राणा, शांति देवी, बसन्ती कार्की, पूजा जोशी, मुकुल दसौनी, सावित्री मेहता, शीला जोशी, गोबिन्दी देवी, सोनी राणा, सीता देवी, हेमा देवी, पिंकी मेहता, रधुली देवी, पुष्पा राणा, खष्टी मेहता, लीलावती, कलावती, नीमा जोशी, पूजा कोरंगा, प्रीती राणा मुन्नी देवी, जानकी मेहता, ईश्वर सिंह, शांति देवी आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।


खनन निकासी मार्ग में पानी छिड़काव नहीं होने पर इमलीघाट उपखनिज गेट पर तालाबंदी करते शांतिपुरी के ग्रामीण। ● अमृत विचार


ग्रामीणों की इमलीघाट गेट पर तालाबंदी से गौला नदी में फंसे खनन वाहन।

पानी छिड़काव की जिम्मेदारी अकेले निगम की नहीं अपितु मुनाफा कमाने वाले स्टोन क्रेशरों की भी है। निगम ने पानी छिड़काव हेतु स्थानीय लोगों से आवेदन मांगे परंतु किसी ने आवेदन नहीं किया। बावजूद इसके मैने ग्रामीणों को कल से पानी छिड़काव कराने की बात कही है। जिसके बाद अब उन्हें गेट को खेल देना चाहिए।
**-धीरेश चंद्र बिष्ट**, डीएलएम

पानी के छिड़काव के लिए किसी ने टेंडर नहीं डाला जिसके कारण यह समस्या उत्पन्न हुई। ग्रामीणों के गेट पर तालाबंदी के कारण नदी में करीब पौने चार सौ वाहन फंसे हुए हैं, जिसकी सूचना हमने उच्चाधिकारियों को भेज दी है आगे जो आदेश मिलेंगे किया जायेगा।
**-नरेन्द्र सिंह मर्तोलिया**, सेक्शन इंचार्ज

ग्रामीणों ने उपखनिज निकाशी मार्ग पर पानी डालने की मांग को लेकर एक सप्ताह पहले ही तालाबंदी का अल्टीमेटम दे दिया था। बावजूद विभाग सोया रहा और आज कई वाहनों को नदी में फंसा कर विभागीय अधिकारी वाहन स्वामियों को अराजकता पर उतारू होने के लिए विवश कर रहे हैं।
**-कविन्दर सिंह कोरंगा, अध्यक्ष**, इमलीघाट वाहन यूनियन



# संत की स्मृति में महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार :** संत श्री कल्याण दास की स्मृति में रखे गए श्री रामचरित्रमानस के पाठों का शुभारम्भ किया गया। इस दौरान महिलाओं ने कलश यात्रा भी निकाली गई। इस दौरान महिला मण्डल द्वारा मन्दिर में कलश यात्रा निकाली गयी। जबकि 37वां महायज्ञ एवं संत सम्मेलन 4 से 6 मार्च को होगा। इस दौरान संत कल्याण दास सेवा समिति के पदाधिकारी बंसी गुम्बर, अशोक बांगा, कृष्णलाल अनेजा, मदन गुम्बर, किशनलाल सुधा, सतीश दुआ, संजीव झाम, शैंकी दुआ, केवल नारंग, सतीश अनेजा, सुरेंद्र गुम्बर, ओमप्रकाश डुमरा, हरीश गुम्बर, दिलसुख गुम्बर, उषा गुंबर, राधा अनेजा, सुनीता बांगा, कविता दुआ, लीना झाम, नीलू कोचर, कोमल बत्रा, बीना छाबड़ा, मंजू खुराना, कंचन अनेजा, सोनी पाल आदि श्रद्धालु मौजूद थे।


गदरपुर के ओम बापू मंदिर में कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

# लाभार्थियों के घर दस्तक देकर जानी जाएंगी समस्याएं

- भाजपा नगर मंडल इकाई ने एनेक्सी भवन में लाभार्थी संपर्क सम्मेलन का आयोजन किया

संवाददाता, लोहाघाट

**अमृत विचार :** भाजपा नगर मंडल इकाई ने एनेक्सी भवन में लोकसभा लाभार्थी संपर्क सम्मेलन का आयोजन किया। नगर मंडल अध्यक्ष सचिन जोशी की अध्यक्षता में हुए सम्मेलन में मुख्य वक्ता प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सतीश पांडे ने अभियान पर विस्तार से प्रकाश डाला।

मंडल अध्यक्ष ने बताया कि बूथ स्तर तक राज्य एवं केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थी हैं, उन तक प्रत्येक कार्यकर्ता उनके अनुभव व लाभ की जानकारी के लिए उनसे संपर्क करेगा। मुख्य वक्ता सतीश पांडे ने किसान सम्मान निधि, उज्जवला गैस कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास, महिला समूह के लखपति दीदी योजना अन्तर्गत लखपति बनी महिलाओं व अन्य योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में निर्मला अधिकारी, सतीश खर्कवाल, रेनू गडकोटी, भास्कर गडकोटी, नरेश सिंह फर्त्याल, मोहन सिंह फर्त्याल, मोहन पाटनी, सूरज कुमार, भास्कर गडकोटी, बलवंत गिरी, देवेन्द्र अधिकारी, प्रदीप थ्वाल, संजय बोहरा, मनोज प्रसाद, अशोक जुकरिया, उमेश पुनेठा, विनोद बगौली, लोहित खोलिया, सतीश मेहरा आदि मौजूद रहे।



लोहाघाट में कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य।

# जयंती पर याद किए गए संत रविदास

**काशीपुर।** चन्द्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिन्दी विभाग की ओर से सन्त रविदास जयन्ती के उपलक्ष्य में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी।

हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय ने भक्तिकालीन निर्गुण काव्य धारा के कवि, सन्त और महान समाज सुधारक रविदास जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। वहीं महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. कीर्ति पन्त ने सन्त रविदास के सरल, सहज सन्त स्वभाव से अनुप्रेरणा लेने व समाज में व्याप्त भेदभाव को मिटाकर एकजुट रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डॉ. रमा अरोरा, डॉ. दीपा चनियाल, डॉ. अंजलि गोस्वामी, डॉ. गीता मेहरा, डॉ. मंगला, डॉ. रंजना, डॉ. पुष्पा धामा, डॉ. ज्योति गोयल, डॉ. ज्योति रावत, डॉ. मीनाक्षी पन्त, प्राची धौलाखंडी, शीतल अरोरा, किरन आदि उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री ने किया शिलान्यास

- निवर्तमान मेयर और सीएमओ ने क्रिटिकल केयर सेंटर के शिलापट का अनावरण किया

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत जवाहर लाल नेहरू रुद्रपुर के क्रिस्टल ब्लॉक का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया।

इसके बाद ही निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने शिलापट्ट का अनावरण किया। पीएम मोदी ने कहा कि अब सीसीबी के तहत जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों का उपचार बेहतर और सुगम हो जाएगा। इसके बाद मरीजों को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पडेग़ी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने कहा कि सीसीबी निर्माण के बाद जिले के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया हो पाएंगी और सीमांत यूपी के मरीजों को सुविधा मिल सकेंगी। बताया कि सीसीबी के निर्माण के बाद जिला अस्पताल के अलावा मेडिकल कॉलेज का कार्य भी आसानी से हो पाएगा और सीमावर्ती जिला अस्पताल होने के कारण सीसीबी की बहुत आवश्यकता थी। केंद्र व राज्य सरकार के सहयोग से अब म रीजों को काफी सुविधाएं मुहैया हो जाएंगी। इस मौके पर पीएमएस डॉ राजेश कुमार सिन्हा, डॉ एसपी सिंह, डॉ प्रवीण श्रीवास्तव, डॉ गगनदीप मिश्रा, डॉ अखिलेश कुमार, पूर्व जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना आदि मौजूद रहे।


रुद्रपुर में शिलापट्ट का अनावरण करते निवर्तमान मेयर व सीएमओ। ● अमृत विचार

# पोप ने दिया जॉन विक्टर को आशीर्वाद



**बाजपुर।** मानवजाति की सेवा में लगे बाजपुर निवासी जॉन विक्टर को पोप फ्रांसिस ने सराहा। पोप ने दयालु कार्यों के लिए चेरिटीज के कार्यालय में या ऑनलाइन प्रक्रिया से एपोस्टोलिक आशीर्वाद देने वाले चर्मपत्र को प्राप्त करने को भी कहा। बताते चलें कि 85 वर्षीय जान विक्टर स्वामी विवेकानन्द स्वर्ण पदक विजेता, दूरदर्शी सामाजिक कार्यकर्ता, लाइफ मेम्बर जोनल मैनेजर क्लब लाइफ इंश्योरेंस कॉर्प, प्रधानमंत्री 15 सूत्रीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति उत्तराखंड, फाउंडेशन चेरिटेबल सोसाइटी भारत के पूर्व सदस्य चेयरमैन क्लब लाइफ इंश्योरेंस कंपनी कॉर्प सदस्य सेवा-भारतीय शिक्षा समिति बाजपुर आदि संस्थाओं में सदस्य व पदाधिकारी रहे हैं।

# विदाई समारोह में बेहतर अंक पाने का आशीर्वाद दिया

**शक्तिफार्म।** ग्रामसभा गोविंद नगर स्थित लीलावती पब्लिक हाई स्कूल में बच्चों के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। समारोह में शिक्षक जयंत मंडल एवं वरिष्ठ पत्रकार मुकेश कुमार मुख्य अतिथि रहे।

दोनों अतिथियों ने बच्चों को प्रवेश पत्र सौंप कर, बच्चों को परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं। शिक्षक जयंत मंडल ने कहा कि बच्चों को जीवन में आने वाली चुनौतियों से नहीं घबराना चाहिए बल्कि उसको हथियार बनाकर उससे लड़ना चाहिए। इस अवसर पर प्रबंधक नवीन मंडल, प्रधानाचार्य अमित जायसवाल, काली महलदार, तारक मंडल, पंचानन मंडल, प्रभाकर मैत्र, सूजन सरकार, अदिति बाली, इंदु मंडल, गीतिका, रितु, जय मंडल मौजूद रहे।

# पूर्व जिपं सदस्य बजाज की भाजपा में वापसी पर स्वागत

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश बजाज की भाजपा में वापसी को लेकर ग्राम- शिवपुर में जन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा व भाजपा वरिष्ठ नेता प्रीत ग्रोवर ने पूर्व जिपंस राजेश बजाज व धर्मपत्नी ममता रानी बजाज एवं अन्य समर्थकों की घर वापसी पर जोरदार स्वागत कर भाजपा की सदस्यता दिलायी।

विधायक अरोरा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुखिया पुष्कर सिंह धामी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में आम जनता व किसानों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजना से लोगों को अवगत कराया। उन्होंने लोगों से योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करते हुए पूर्व जिपंस राजेश बजाज ने कहा वह पूर्व की भांति पार्टी संगठन के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे। इस मौके पर ममता रानी बजाज, दुलाल मलिक, मनोज मिस्त्री, नित्यानंद दास, नवीन मिस्त्री, देवाशीष सील, महेंद्र सिंह सैनी, सूजन हालदार, सरिता चौधरी, कल्पना दास, नागेंद्र पासवान, कृष्णा पासवान, भोला हालदार, मनोरंजन साना, सुनील बंसल आदि लोग मौजूद थे।


दिनेशपुर में जन मिलन कार्यक्रम में मौजूद विधायक शिव अरोरा व अन्य।

# जल रक्षा जीवन सुरक्षा को लेकर निकाली रैली

संवाददाता, गदरपुर

**जागरूकता**

- संत बाबा हरदेव सिंह के जन्म दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम
- श्रद्धालुओं ने रैली से किया जल संरक्षण को लेकर जागरूक

**अमृत विचार :** संत निरंकारी मिशन शाखा से जुड़े श्रद्धालुओं ने जल रक्षा जीवन सुरक्षा को लेकर नगर में जल संरक्षण जागरूकता रैली निकाली। रविवार को पूज्य संत बाबा हरदेव सिंह महाराज के जन्म दिवस के उपलक्ष में माता सुदीक्षा जी महाराज के निर्देश पर संत निरंकारी मिशन गदरपुर शाखा के प्रभारी कृष्ण लाल नारंग के नेतृत्व में श्रद्धालुओं ने जल संरक्षण को लेकर जागरूकता रैली का आयोजन किया।

पूर्व पालिका अध्यक्ष राकेश भुड्डी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली रेड रोज कान्वेंट स्कूल से होकर गुलरभोज रोड मुख्य बाजार सकेनिया रोड होते हुए संत निरंकारी आश्रम पहुंचकर समाप्त हुई। रैली में भारी संख्या में पुरुष व महिलाओं ने हाथों में पोस्टर बैनर लेकर जल संरक्षण की अपील की। संत निरंकारी भवन में सत्संग के उपरांत लंगर रूपी प्रसाद का वितरण किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर प्रभारी कृष्ण लाल, दयाराम, मनोज गाबा, रणजीत सिंह, अनिल कालड़ा, दीपक ग्रोवर, सतीश मिड्ढा, मीरा रानी, सीमा पुनियानी, निशा बत्रा, आशा ग्रोवर सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## सार-संक्षेप


शारदा वैली एनएचपीसी कर्मचारी संघ की नई कार्यकारिणी के सदस्य।

### एनएचपीसी कर्मचारी संघ की नई कार्यकारिणी चुनी

**बनबसा :** टनकपुर पावर स्टेशन बनबसा में शारदा वैली एनएच पीसी कर्मचारी संघ (इंटक) के द्विवार्षिक चुनाव शान्तिपूर्वक सम्पन्न हो गये हैं। कर्मचारी संघ के कार्यालय में अखिल भारतीय एनएचपीसी वर्कर्स एन्ड इम्पलाईज फेडरेशन की ओर से आये चुनाव अधिकारी मोहन धामी एवं रघुवर सिंह धामी, धौलीगंगा इम्पलाइज यूनियन धारचूला के उपाध्यक्ष बीके परिहार के निर्देशन में हुए चुनावों में सर्वसम्मति से यूनियन की पूरी कार्यकारिणी को निर्विरोध चुना गया। विनोद उप्रेती को पुनः अध्यक्ष तथा गोविंद सोनाल को उपाध्यक्ष चुना गया है। महामंत्री पद पर अमित कुमार, सयुंक्त मंत्री नवीन चन्द्र जोशी, संगठन मंत्री प्रवीण कुमार गर्ग, कार्यालय मंत्री नरेन्द्र थलाल, प्रचार मंत्री गोपाल चन्द, कोषाध्यक्ष केशव थलाल को चुना गया है। इसके अलावा मोती चन्द, चन्द्र किशोर भंडारी, वीरेन्द्र कुमार, मोहन राम, हरीश राय, जावेद अंसारी, अरूण दिलवाला, रघुवर दत्त भट्ट, राम वरन, रमेश भारती, संदीप कुमार को कार्यकारणी सदस्य एवं हरीश चन्द्र परगाई वरिष्ठ सदस्य चुने गये हैं। अखिल भारतीय फेडरेशन के अतिरिक्त महासचिव रघुवर सिंह धामी व संयुक्त सचिव मोहन धामी ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न होने की घोषणा की। चुनाव से पूर्व निवर्तमान कोषाध्यक्ष केशव थलाल ने विगत दो वर्षो का आय-व्यव का ब्यौरा पेश किया। महामंत्री अमित कुमार ने संघ के कार्यों की जानकारी आम सभा को दी। वहीं पुनः अध्यक्ष चुने जाने पर विनोद उप्रेती ने सभी सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए कर्मचारियों की समस्याओ के निदान के लिए हर संभव प्रयास करने का वादा किया।


खटीमा के सुजिया महोलिया में नवनिर्मित सड़क का लोकार्पण करते पूर्व मंडी अध्यक्ष।

### सुजिया महोलिया में सड़क का लोकार्पण

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्रेरणा से ग्राम सभा सुजिया महोलिया में मंडी समिति द्वारा 82 हजार लागत से मुख्य मार्ग से अनीता देवी के घर की ओर बनी सड़क का पूर्व मंडी चेयरमैन नंदन सिंह खड़ायत ने लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के प्रयास से क्षेत्र में विकास तेजी से किया जा रहा है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सोबन सिंह, धन सिंह सामंत, जितेंद्र सिंह, अनिता देवी, हेमा देवी, ममता देवी, जगदेव सिंह, जगत सिंह, माधवी देवी, संजय सिंह, रूप सिंह आदि मौजूद थे।

**कार्यक्रम** — 26 राजपूत रेजीमेंट के समारोह के शुभारंभ पर शहीदों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की

# मिलन समारोह में 42 वीरांगनाओं को किया सम्मानित

संवाददाता, बनबसा

**अमृत विचार :** सेना मुख्यालय बनबसा छावनी में पूर्व सैनिक मिलन समारोह बड़े धूमधाम से मनाया गया, जिसमें पूर्णागिरि, टनकपुर, बनबसा, सितारगंज, नानकमत्ता, खटीमा आदि क्षेत्रों के 658 पूर्व सैनिक और उनके आश्रितों ने भाग लिया।

26 राजपूत रेजीमेंट के समारोह के शुभारंभ में शहीदों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद सेना स्टेशन मुख्यालय बनबसा छावनी के स्टेशन कमांडर कर्नल आलोक आनंद ने शांति का संदेश वॉहक रंग बिरंगे गुब्बारे को आसमान में छोड़कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर 42 वीरांगनाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान के लिए स्टॉल लगाए गए, जिसमें स्पर्श पेंशन, उत्तर भारत एरिया वेटर्न ब्रांच, अभिलेख कार्यालय ( रिकॉर्ड), कुमाऊं रेजीमेंट, बंगाल इंजीनियर ग्रुप 11 गोरखा राइफल, गढ़वाल राइफल, बैंकिंग स्टॉल भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट, चिकित्सा शिविर, जिला रोजगार पंजीकरण आदि के स्टॉल लगाए गए थे, जिसमें सैनिकों की समस्याओं का समाधान किया गया। इस दौरान कर्नल आलोक आनंद ने कहा कि पूर्व सैनिक होने के बावजूद आप सब भारतीय सेना परिवार के अंग हैं, कल हम सबने पूर्व सैनिक बनना है, आप लोगों की जगह पर आना है, लेकिन भारतीय सेना हमेशा पूर्व सैनिक के साथ है। कार्यक्रम में सेवानिवृत्ति ब्रिगेडियर मुकुल भंडारी, कर्नल बीडी जोशी, पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष कैप्टन भानी चंद, पूर्व सैनिक संगठन खटीमा के अध्यक्ष कप्तान गंभीर सिंह धामी, सितारगंज पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष कैप्टन आत्मा सिंह, नानकमत्ता सेनानी कल्याण समिति के अध्यक्ष सूबेदार धर्म सिंह बिष्ट, कैप्टन हरिश्चंद्र कापड़ी, कैप्टन गोविंद बल्लभ भट्ट, हवलदार पुष्कर दत्त कापड़ी, कैप्टन गणेश पाल, सूबेदार बुद्धि बल्लभ पांडे, कैप्टन प्रेम चंद, हवलदार उमेश चंद्र भट्ट, हवलदार भोपाल भट्ट के अलावा नेपाल के 15 भारतीय पूर्व सैनिक आदि मौजूद रहे।


वीरांगनाओं को सम्मानित करते कर्नल आलोक आनंद। ● अमृत विचार

### बाइक में लगी आग को अग्निशमन टीम ने बुझाया

**बनबसा :** शनिवार देर शाम चन्द्र बहादुर चंद पुत्र मोहन चंद्र निवासी चंदनी के ग्लोरियस स्कूल के समीप ई-रिक्शा से टकराने के कारण उनकी मोटर साइकिल में आग लग गई थी। सूचना मिलने पर मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंच गई तथा मोटर फायर इंजन से पंपिंग कर एक डिलीवरी होज रील की सहायता से आग को पूर्ण रूप से बुझाया गया। फायर बिग्रेड टीम में एलएफएम राजेन्द्र नाथ, चालक कृष्णा सिह, एफएम राजेंद्र सिंह, त्रिभुवन प्रसाद, उमेश सिंह, हरविंदर सिंह शामिल थे।

### घर में आग लगने पर की मदद

**बनबसा :** माता रानी गरीब कल्याण संस्था की सदस्य निर्मला उप्रेती ने कैनाल निवासी संविदा कर्मचारी संजीव कुमार को राशन, कपड़े और बच्चों को किताबें आदि भेंट की। बता दें कि कुछ दिन पहले संविदा कर्मचारी संजीव कुमार के घर पर आग लग गई थी। मदद मिलने पर उन्होंने संस्था व निर्मला उप्रेती का आभार व्यक्त किया।

# उपेक्षा से आजिज आए ग्रामीणों ने खीड़ा में दिया धरना

## आंदोलनकारियों ने कहा सब्र का इम्तिहान न लें अधिकारी, आत्मदाह की दी चेतावनी

संवाददाता, अल्मोड़ा



विभिन्न मांगों को लेकर खीड़ा में धरने पर बैठे ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले के चौखुटिया विकास खंड के राइंका खीड़ा में गणित विषय की स्वीकृति समेत अनेक मांगों पर कार्रवाई ना होने से स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। गुस्साए ग्रामीणों ने आंदोलन के पांचवें दिन भी सरकार और विभिन्न विभागों के अधिकारियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की खीड़ा स्कूल गेट के पास धरना दिया।

धरना सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वह लंबे समय से इस विद्यालय में गणित विषय का सृजन करने और एनसीसी खोले जाने की मांग कर रहे हैं। लेकिन उनकी मांग पर शिक्षा विभाग के अधिकारी और जनप्रतिनिधि कोई कार्रवाई करना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं। जिस कारण क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। वक्ताओं ने कहा कि इसके अलावा वह क्षेत्र की खस्ताहाल सड़कों, नियमित बिजली और पानी की आपूर्ति, बेहतर चिकित्सा सेवाओं समेत अनेक बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने की मांग कर रहे हैं। लेकिन सालों से उन्हें आश्वासनों के अलावा आज तक कुछ नहीं मिला।

आंदोलन के संयोजक लक्ष्मण सिंह नेगी ने चेतावनी दी है कि अगर 20 मार्च तक उनकी सभी मांगें पूरी नहीं की गई तो वह आत्मदाह कर लेंगे। नेगी की इस चेतावनी के बाद से स्थानीय प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है। रविवार को आयोजित धरना सभा में उमराव सिंह, हीरा सिंह, उम्मेद सिंह, भीम सिंह, नंदन सिंह, गंगा सिंह, ममता, मुन्नी, विमला, आनंदी, नीमा मेहरा, नीरज सिंह, दीवान सिंह समेत अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

## प्राथमिक शिक्षक भर्ती में समान अवसर देने की उठाई मांग

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** उत्तराखंड में द्विवर्षीय डीएलएड प्रवेश परीक्षा की प्रतीक्षा सूची से चयनित और सीधे द्वितीय सेमेस्टर में पंजीकृत 153 प्रशिक्षुओं ने प्राथमिक शिक्षक भर्ती में समान अवसर देने की मांग उच्च शिक्षा मंत्री से की है। इन प्रशिक्षुओं का कहना है कि वह भी समान सत्र के अन्य प्रशिक्षुओं की तरह योग्य हैं और उन्हें भी भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर दिया जाना चाहिए। अपनी इस मांग को लेकर डीएलएड प्रशिक्षुओं का एक शिष्टमंडल उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत से मिला। जिसमें अल्मोड़ा समेत प्रदेश के अनेक जनपदों के प्रशिक्षु मौजूद रहे। शिष्टमंडल सदस्यों ने उच्च शिक्षा मंत्री को दिए ज्ञापन में कहा है कि वह तीन सेमेस्टर ससम्मान उत्तीर्ण कर चुके हैं, जिसमें 24 और 96 दिवसीय विद्यालय अनुभव भी शामिल है। उनका प्रथम सेमेस्टर 1 जुलाई 2022 से शुरू हुआ था और जून 2024 तक पूरा होगा। प्रशिक्षुओं ने कहा है कि उन्हें जानकारी मिली है कि प्राथमिक शिक्षक भर्ती के रिक्तियां जल्द ही जारी की जाएंगी। लेकिन यदि भर्ती प्रक्रिया जून 2024 से पहले शुरू होती है, तो वह आवेदन करने से वंचित रह जाएंगे, क्योंकि उनका प्रथम सेमेस्टर तब तक पूरा नहीं होगा। प्रशिक्षुओं ने उच्च शिक्षा मंत्री से उन्हें प्राथमिक शिक्षक भर्ती में समान बैच समान अवसर देने व प्रतीक्षा सूची से चयनित प्रशिक्षुओं को प्राथमिक शिक्षक भर्ती में औपबंधिक रूप से आवेदन करने का अवसर दिए जाने की मांग की है। साथ ही,यह सुनिश्चित होगा कि प्राथमिक शिक्षक भर्ती में सभी योग्य उम्मीदवारों को समान अवसर प्राप्त होगा और भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता भी बनी रहेगी। इधर शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने छात्रों को आश्वासन देते हुए कहा कि वह किसी प्रशिक्षु के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि वे इस मामले को देखेंगे और उचित समाधान निकालेंगे।

## सार-संक्षेप

### बिना सत्यापन किराएदार रखना पड़ा भारी

**अल्मोड़ा :** जिले के धौलछीना पुलिस पने थाना क्षेत्र में रविवार को सघन चेकिंग व सत्यापन अभियान चलाया। अभियान के दौरान विकास खंड में पचास से अधिक लोगों का सत्यापन किया गया। जबकि बिना सत्यापन के किराएदार रखने पर दो भवन स्वामियों का दस दस हजार रुपये का चालान भी किया गया। रविवार को थानाध्यक्ष सुशील कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने धौलछीना, बाड़ेछीना आदि कस्बों में यह अभियान चलाया। अभियान के दौरान क्षेत्र के होटलों, रेस्टोरेंट, ढाबों की चेकिंग की गई। साथ ही संदिग्ध दिख रहे लोगों के बारे में जानकारी भी ली गई। चेकिंग के दौरान बाड़ेछीना में दो भवन स्वामियों द्वारा किराएदार बिना सत्यापन के रखे गए पाए गए। जिस पर उनका चालान किया गया।

### टनकपुर में 3.15 ग्राम स्मैक संग युवक दबोचा

**टनकपुर :** पुलिस ने ड्रग फ्री देवभूमि अभियान के तहत चेकिंग के दौरान टनकपुर क्षेत्र से 3.15 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। शनिवार की देर शाम पुलिस ने सालबनी जंगल के पास 20 वर्षीय कामरान खान उर्फ कम्मू, निवासी अंबेडकर नगर, वार्ड तीन टनकपुर की तलाशी ली तो उसके पास से 3.15 ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के विरूद्ध पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट में दो मुकदमे दर्ज हो चुके हैं।

### पत्नी ने पति पर लगाया मारपीट का आरोप

**अल्मोड़ा :** विकास खंड भैंसियाछाना के तिलाड़ी गांव की एक महिला ने अपने पति पर परिजनों से मारपीट का आरोप लगाया है। इस संबंध में पुलिस को दी तहरीर में महिला सीता देवी का कहना है कि शनिवार को उनके बच्चों के बीच खेल खेल में मामूली झगड़ा हो गया। जिस पर उनके पिता दीवान राम ने बच्चों के साथ मारपीट शुरू कर दी। बड़ी बेटी के समझाने पर भी वह नहीं माने और छोटे बच्चों को पीटते रहे। महिला ने अपने पति से अपने परिवार को खतरा होने की आशंका जताई है और पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।



चम्पावत में शिविर का शुभारंभ करते विधायक प्रतिनिधि व ब्लॉक प्रमुख ।

### शिविर में पहले दिन हुआ 205 मरीजों का उपचार

**टनकपुर :** आयुष विभाग की ओर से जिला पंचायत परिसर चम्पावत में तीन दिवसीय आयुष्कामीय शिविर का रविवार को ब्लॉक प्रमुख रेखा देवी, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी ने शुभारंभ किया। तिवारी ने कहा कि रोगियों के लिए आयुर्वेदिक विभाग का यह शिविर काफी लाभदायक सिद्ध होगा। ब्लाक प्रमुख ने इस प्रकार के शिविरों को जरूरी बताया। शिविर में अग्निकर्म, मर्म चिकित्सा, क्षारस्त्र, रिर्वसल, आयुर्वेदिक न्यूरोपैथी, पंचकर्म, जलौका, थैरेपी, बाल रोग, सामान्य चिकित्सा, योग, नाड़ी परीक्षण, होम्योपैथिक चिकित्सा, आयुष हैल्थ एवं वैलनेस केन्द्र आदि स्टाल लगाए गए हैं। पहले दिन शिविर में अग्निकर्म द्वारा मस्सों का इलाज तथा मर्म चिकित्सा द्वारा शरीर के विभिन्न अंगों के असहनीय दर्द का इलाज किया गया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. आनंद सिंह गुसाई ने बताया कि शिविर तीन दिन तक चलेगा। बताया कि पहले दिन 205 मरीजों का उपचार किया गया। शिविर सोमवार और मंगलवार को भी सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक आयोजित किया जाएगा।

# नगर क्षेत्र में तेंदुआ दिखने से दहशत का माहौल

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** ग्रामीण क्षेत्रों के बाद अब तेंदुए की दहशत अल्मोड़ा नगर क्षेत्र मे दिखने लगी है। शाम होते ही तेंदुआ नगर के अनेक मोहल्लों में विचरण करता देखा चुका है। बीती रात्रि नगर के मालरोड स्थित प्रधान डाकघर के पास देर रात तेंदुए की चहल कदमी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

जिसमें तेंदुआ यहां वहां चहलकदमी करते दिख रहा है। कुछ ही देर बाद तेंदुआ एक कुत्ते पर हमला कर उसे उठा ले गया। तेंदुए के खौफ से स्थानीय लोगों में भय का माहौल बना हुआ है।

प्रभावित मोहल्ले वासी तेंदुए के भय से अंधेरा होते ही घरों में दुबकने को मजबूर हैं। उन्होंने वन विभाग से प्रभावित क्षेत्रों में पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने की मांग की है। उन्होंने कहा कि आए दिन नगर के विभिन्न मोहल्लों और व्यस्त आबादी क्षेत्र में तेंदुओं को घूमते देखा जा रहा है। जिससे हर किसी को खतरा है। नगर क्षेत्र में गुलदारों की सक्रियता को देखते हुए स्थानीय लोगों ने वन विभाग से इन्हें पकड़ने की मांग की है।

# जंगलों में धधक रही आग, वन संपदा खाक

संवाददाता, अल्मोड़ा



रविवार को सल्ट विकास खंड मुख्यालय पर धू-धू कर जलता जंगल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** एक दो दिन पहले हुई हल्की बारिश के बाद भी वन विभाग को अभी राहत मिलती नहीं दिख रही है। जिले के अलग अलग स्थानों पर जंगलों में आग लगने का सिलसिला जारी है। जिससे लाखों रुपये की वन संपदा तो खाक हो ही रही है। पर्यावरण को भी नुकसान हो रहा है। लेकिन वन महकमा जंगलों की आग पर काबू पाने में लगातार नाकामयाब हो रहा है।

रविवार को जिले के सल्ट विकास खंड मुख्यालय से लगे चीड़ के एक विशाल जंगल में अचानक आग लग गई। दोपहर होते होते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। तेज हवाएं चलने के कारण आग तेजी से फैलती चली गई और उसके एक बड़े क्षेत्र को अपने आगोश में ले लिया। जंगली में लगी यह आग कुछ ही घंटों में कई हेक्टेयर क्षेत्र में फैल गई और चारों तरफ धुंए का गुबार फैल गया। ंजिस कारध इधर उधर जाने वाले वाहनों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

ग्रामीणों ने बताया कि जंगल की इस आग की चपेट में कई नाप खेत भी आ गए। संयोग से आग बसासत वाले इलाके तक आने से बच गई। ग्रामीणों ने आग लगने की सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी। लेकिन जब तक वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचते तब तक पूरा जंगल आग की चपेट में आ चुका था।

इधर विकास खंड के मानिला, क्ववैरला, तल्ला सल्ट क्षेत्र में भी इन दिनों कई जंगल वनाग्नि से जूझ रहे हैं। लेकिन विभाग जंगलों को आग से बचाने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है।

# वैभव अध्यक्ष व संजय महामंत्री बने

संवाददाता, टनकपुर



टनकपुर में उद्योग व्यापार मंडल के चुने गए नए पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** व्यापार मंडल के चुनाव संपन्न हो गए हैं। अध्यक्ष पद में कांटे की टक्कर में मोहित गड़कोटी को हराकर वैभव अग्रवाल चुने गए। इधर, दूसरी बार संजय पांडेय महामंत्री पद पर एकतरफा मतों से विजय रहे। बाद में विजयी प्रत्याशियों ने जुलूस निकाला।

रविवार को नगर के महादेव मंदिर धर्मशाला में व्यापार मंडल के चुनाव आयोजित किए गए। अध्यक्ष और महामंत्री पदों पर ही चुनाव हुए, जबकि उपाध्यक्ष पद में अंकित अग्रवाल और कोषाध्यक्ष में गिरीश वर्मा पहले ही निर्विरोध चुने गए।

814 मतों में से 740 मत ही पड़े। अध्यक्ष पद में वैभव अग्रवाल ने मोहित गड़कोटी को 37 मतों से हराया। वैभव को 384 और मोहित को 347 मत पड़े, जबकि 9 मत निरस्त हुए। वहीं महामंत्री के पद में लगातार दूसरी बार संजय पांडेय विजय रहे। संजय ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भूपेश चड्ढा को भारी अंतराल 295 मतों से हराया। संजय को 511 और भूपेश को 216 मत पड़े। इस पद पर 13 मत निरस्त हुए।

मुख्य चुनाव अधिकारी भगवत सरन ने विजयी प्रत्याशियों के नाम की घोषणा करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र दिए। इस मौके पर सहायक चुनाव अधिकारी धर्मानंद पांडेय, सत्य प्रकाश गुप्ता, संजय अग्रवाल के अलावा उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष शंकर लाल वर्मा, बनबसा उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष भरत भंडारी, सुभाष कोहली, नवीन जुकरिया, दीपक शारदा, मनोज गुप्ता, मनोज गोयल, संजय आर्य, कपिल पुठिया आदि रहे।

## अल्मोड़ा में पदाधिकारियों का दिलाई शपथ

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** रविवार को अल्मोड़ा के एक निजी सभागार में देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर मौजूद रहे और उन्होंने पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय साह रिक्खू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक जोशी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष आनंद सिंह भोज, महिला उपाध्यक्ष मनु गुप्ता, महासचिव दीप चंद्र जोशी, कोषाध्यक्ष रोहित साह, वरिष्ठ उपसचिव जयप्रकाश और कनिष्ठ उपसचिव अमन शपथ ली। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सभी पदाधिकारियों को व्यापारियों के हितों के लिए समर्पित होकर कार्य करना होगा। कार्यक्रम के दौरान जिला कार्यकारिणी की भी घोषणा की गई। जिसमें मनोज पवार को जिलाध्यक्ष और प्रमोद कुमार को कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। जबकि हिमांशु कांडपाल को महामंत्री, हिमांशु बिष्ट को उपाध्यक्ष, कमल बिष्ट को संयुक्त महामंत्री, दीक्षित जोशी को प्रचार मंत्री, मनोज वर्मा को प्रदेश उपाध्यक्ष व युसूफ तिवारी को जिला प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई।

# कौसानी-अल्मोड़ा हाइवे रहा छह घंटे बंद, परेशानी

संवाददाता, अल्मोड़ा



कौसानी अल्मोड़ा हाइवे पर सोमेश्वर के पास फंसा ट्रक । ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शनिवार की देर रात कौसानी अल्मोड़ा हाइवे पर सोमेश्वर के कंट्रीवाइड स्कूल के पास एक लोडेड ट्रक निर्माणाधीन कलमट में फंस गया। ट्रक का पिछना टायर कलमट के एक हिस्से में बुरी तरह धंस गया। जिससे यह मार्ग आवाजाही के लिए बंद हो गया। सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची और जेसीबी मशीन से ट्रक को निकालने का प्रयास किया गया। लेकिन सफलता नहीं मिली। करीब छह घंटे बाद काफी मशक्कत के बाद ट्रक को वहां से निकालकर यातायात सुचारू कराया जा सका।

शनिवार की देर रात सोमेश्वर पुलिस को सूचना मिली की कौसानी अल्मोड़ा हाइवे पर कंट्रीवाइड स्कूल के पास एक ट्रक निर्माणाधीन कलमट में बुरी तरह फंस गया है। जिस कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी लंबी लाइनें लग गई हैं और जाम की स्थिति पैदा हो गई है। सूचना मिलते ही सोमेश्वर के थानाध्यक्ष कश्मीर सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जिसके बाद ट्रक को वहां से बाहर निकालने के लिए जेसीबी मशीन मंगाई गई। काफी देर तक जेसीबी से ट्रक को बाहर निकालने की कोशिश की गई। लेकिन सफलता नहीं मिली। जिस कारण रात भर ट्रक वहीं फंसा और मार्ग पूरी तरह अवरूद्ध रहा। दर्जनों वाहन रात भर यहां जाम में फंसे रहे।

सुबह करीब सात बजे के आसपास अल्मोड़ा से क्रेन मौके पर पहुंची। जिसकी मदद से ट्रक को कलमट से बाहर निकाला गया और यातायात सुचारू किया जा सका। जाम खुलने के बाद यहां फंसे सैलानियों और अन्य लोगों ने राहत की सांस ली और धीरे-धीरे सभी वाहनों को अपने अपने गंतव्य की ओर रवाना किया गया।

## वर्ग पहेली-354

**बाएं से दाएं**

1. 1. जो कहने योग्य न हो 2. जो कहा न जा सके, अकथनीय 3. जो कहा न गया हो।
4. बीज के लेन-देन की एक रीति जिसमें फ़सल काटने पर लेने वाले को डेढ़ा देना पड़ता है।
5. 1. गंधयुक्त 2. चूहे की तरह का एक जंतु, छछूंदर।
6. झींगुर का बोलना।, झींगुर की तरह आवाज़ पैदा करना।
9. 1. रेखाचित्र, रेखाओं के द्वारा बनी आकृति 2. लेखन में किसी बात पर बल देने के लिए उसके नीचे खींची हुई लकीर।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. झमेला 2. किसी बात पर होने वाली कहा-सुनी या विवाद, झंझट-बखेड़ा 3. सुख-भोग में होने वाली बाधा, रंग में भंग।
2. 1. कृपा करने वाला, दयालु 2. कृपा करना जिसका स्वभाव हो।
3. इस्लाम, ईसाई, मूसाई आदि कुछ धर्मों में ईश्वर का पैगाम या संदेशा लाने वाला, नबी, (प्रॉफ़ेट)।
7. 1. कोमल, सुकुमार, मृदु 2. जो जल्दी टूट जाए या नष्ट हो जाए, कमज़ोर 3. महीन, बारीक 4. मार्मिक, गूढ़, गंभीर।
8. 1. गांठ के रूप में होने वाली पौधों की जड़, गांठ 2. लहसुन आदि की गांठ।




### वर्ग पहेली - 353 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 जु | मा | | 2 अ | यो | 3 नि |
| हू | | | खं | | छो |
| | 4 को | | ड | | ह |
| | 5 हि | म | पा | त | |
| | नू | | ठ | | 6 मुँ |
| 7 भै | र | वी | | | द |
| | | | 8 खि | ल | ना |

## सुडोकू -71

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 7 | 6 | | | 8 |
| | | 9 | 5 | | | | 1 | |
| | 2 | | | 1 | | 6 | | |
| 2 | | 7 | | 8 | | | | |
| | | 5 | | | | 1 | | 9 |
| | | | | 9 | | 2 | | 7 |
| | | 3 | | 2 | | | 4 | |
| | 7 | | | | 3 | 5 | | |
| 6 | 1 | | 9 | 5 | | 8 | | |

### सुडोकू - 70 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 8 | 4 | 9 | 7 | 3 | 1 | 6 |
| 3 | 4 | 9 | 1 | 6 | 2 | 8 | 5 | 7 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 5 | 7 | 3 | 2 | 8 | 4 |
| 4 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 | 5 |
| 7 | 3 | 5 | 2 | 8 | 4 | 6 | 9 | 1 |
| 8 | 9 | 4 | 7 | 3 | 1 | 5 | 6 | 2 |
| 1 | 5 | 7 | 8 | 2 | 6 | 9 | 4 | 3 |
| 2 | 6 | 3 | 9 | 4 | 5 | 1 | 7 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 फरवरी, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-द्वितीया 23.15 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तरा फाल्गुनी 27 फरवरी 04.31 तक तत्पश्चात हस्त।

**मेष** — आज किसी काम को लेकर उलझन की स्थिति है तो उसमें परिवार का सहयोग मिलेगा। रिश्तों में मजबूती आएगी और आप खुलकर अपनी बात रख पाएंगे। आपकी आय के साधनों में वृद्धि होगी। संतान पक्ष की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है

**वृष** — आज व्यापारी वर्ग को विशेष लाभ मिलेगा। कहीं से अच्छे समझौतों पर हस्ताक्षर भी हो सकते हैं जो भविष्य की दृष्टि से लाभान्वित रहेंगे। आपकी नए कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी संबंधी या खुद की अस्वस्थता से परेशान हो सकते हैं।

**मिथुन** — आज के दिन काम का बोझ ज्यादा होगा तो वहीं घर से भी बहुत काम मिलेगा। आपको संयम बनाकर चलना होगा तभी सभी काम निपटा पाएंगे। स्वास्थ्य गड़बड़ रहेगा। वैवाहिक जीवन में भी कुछ हद तक अशांति बनी रहेगी।

**कर्क** — आज पेट दर्द की समस्या रह सकती है। मानसिक तनाव भी हो सकता है। किसी से मिलने का मन नहीं करेगा और पूरे दिन सुस्ती छाई रहेगी। आत्मविश्वास की कमी बनेगी। आपके प्रेम संबंधों में कसा-कसी बनी रहेगी।

**सिंह** — आज पिता या भाई में से किसी एक के साथ अवरोध उत्पन्न होगा। मन में किसी बात को लेकर आशंका रहेगी जिसका निवारण जल्दी नहीं होगा। आत आप समय को बर्बाद न करें। आपको केवल अपनी समस्याओं पर ही ध्यान देना होगा, दूसरों की समस्याओं में पड़ने से हानि हो सकती है।

**कन्या** — आज जमीन या शेयर में निवेश करने का विचार कर सकते हैं। पैसा पहले से कहीं इन्वेस्ट किया हुआ है तो उसमें लाभ मिलने के संकेत हैं। वैवाहिक और प्रेम संबंधों के लिए समय मिश्रित है। विद्यार्थी समय का सदुपयोग करने में सफल रहेंगे।

**तुला** — आज ज्यादा उत्साह में रहने से बचें क्योंकि आज के दिन उसके कारण परेशानी खड़ी हो सकती है। घर में किसी बात को लेकर मंथन होगा। अटकलें पर ध्यान और जोखिम भरे कार्य न करें। आप आलोचना और अपने शुभचिंतकों के विरोध का सामना कर सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज प्रेम में किसी प्रकार का धोखा मिल सकता है या किसी तीसरे व्यक्ति के द्वारा तनाव पैदा किया जा सकता है। छात्रों को अपने खर्चों पर नियंत्रण करने की आवश्यकता है। नए कार्य मिलने की संभावना। कार्य के पूर्ण होने में देरी महसूस होगी।

**धनु** — आज के दिन अपनी शिक्षा से संबंधित कोई गंभीर निर्णय ना लें अन्यथा बाद में पछताना पड़ेगा। मां बाप के परामर्श को ध्यान से सुने। आपका स्वास्थ्य थोड़ा प्रतिकूल हो सकता है। संपत्ति, गृह, पारिवारिक मामलों में नई शुरुआत कर सकते हैं।

**मकर** — आज किसी प्रकार की पुरानी बीमारी से परेशान हैं तो दिन उससे आराम मिलेगा। शरीर पहले से ज्यादा तरोताजा रहेगा और स्फूर्ति बनी रहेगी। नई योजनाओं का क्रियान्वयन हो सकेगा। उच्च अधिकारियों के साथ आपकी मुलाकात होगी।

**कुंभ** — आज व्यापार में वृद्धि होगी और नई शाखाएं खुलेगी। कहीं जॉब करते हैं तो उसमें भी बॉस आपसे खुश होंगे और इसका ईनाम भी मिल सकता है। जीवन के लिए अपने दृष्टिकोण में व्यावहारिक बनने की कोशिश करें। स्वास्थ्य और धन में लाभ मिल सकता है।

**मीन** — आज के दिन भगवान हनुमान का ध्यान अवश्य लगाएं क्योंकि मंगल भारी है। घर में ही तीन बार हनुमान चालीसा पढ़ लेंगे तो संकट टल जाएगा। स्वास्थ्य और धन में लाभ मिल सकता है। बुद्धिमानी से अपने पैसे का उपयोग करें।

## आज की फिल्में

B4U Movies
पृथ्वी — सुबह : 11.49
चाल बाज — शाम : 06.11

Sony Max
तारा वर्सेस बिलाल — सुबह : 09.00
लगे रहो मुन्ना भाई — रात : 09.00

Utsav Gold
कोई आप सा — सुबह : 09.45
धूम 3 — शाम : 04.00

Zee Cinema
मेरा धर्म — सुबह : 10.30
लूटेरे — रात : 07.00

Colors Cineplex
ओके जानु — सुबह : 10.01
तनु वेड्स मनु — शाम : 06.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम-06.58 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

चिंटू को अपनी एक्स गर्लफ्रेंड की शादी का कार्ड मिला।
मिंटू- भाई, बुरा तो लग रहा होगा।
चिंटू- हां यार, तकलीफ तो हो रही है।
मिंटू- जाएगा?
चिंटू-जाऊंगा जरूर ...
मोहब्बत अपनी जगह है और शादी का खाना अपनी जगह।

गप्पू ने बड़े प्यार से शादीशुदा आदमी से पूछा -
रात को ऑनलाइन कब आते हो?
दर्द की दीवारें हिल गईं जब उसने कहा -
बर्तन धोने के बाद ।

अनाहूत : प्रविशति अपृष्टो बहु भाषते ।
अविश्वस्ते विश्वसिति मूढचेता नराधम: ॥

बिना बुलाए ही किसी भी स्थान पर चले जाना और बिना कुछ पूछें बोलना, जिन पर विश्वास नहीं किया जा सकता, ऐसे लोगो पर विश्वास करना यह सभी मूर्ख और बुरे लोगों के लक्षण हैं।

## संपादकीय

# एआई की नैतिकता

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ही नहीं बल्कि किसी भी तकनीकी का इस्तेमाल विकास या विनाश फैलाने के लिए किया जा सकता है। एआई अक्सर विवाद का शिकार बनती है। प्रौद्योगिकी के नैतिक उपयोग के बारे में दुनिया भर में कई बातचीत हो रही हैं। प्रौद्योगिकी से किस तरह सार्वजनिक कल्याण में वृद्धि हो सकती है, वो भी महत्वपूर्ण मानवीय संपर्क को हटाए बिना, जो कि सरकारों व नागरिकों के बीच संवाद के लिए बेहद अहम है। एआई, जलवायु परिवर्तन से निपटने और एसडीजी हासिल करने में योगदान दे सकती है। उदाहरण के लिए, एआई को किन भूमिकाओं में इंसानों की जगह लेनी चाहिए? व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा और मानवाधिकारों के संभावित उल्लंघन के लिए क्या किया जा रहा है? उस डेटा का उपयोग कैसे किया जाना चाहिए और इसका उपयोग किस उद्देश्य से किया जाना चाहिए? एआई टूल का उपयोग कैसे किया जा सकता है और कैसे किया जाना चाहिए, इसके लिए स्पष्ट और संक्षिप्त दिशानिर्देशों के बिना, दुरुपयोग और कानूनी परेशानी की संभावना है। हालांकि यूरोपीय संघ ने भी हाल ही में दुनिया का पहला व्यापक एआई कानून, एआई अधिनियम पारित करके एक मिसाल कायम की है। चीन ने एआई नियमों का अपना सेट विकसित किया है जो लगातार विकसित हो रहा है। संयुक्त राज्य अमेरिका अभी एआई विनियमन के शुरुआती चरण में है और पारित किए गए अधिकांश कानून केवल राज्य स्तर पर लागू होते हैं। एआई नैतिकता को अभी भी एक लंबी यात्रा तय करनी है कई विशेषज्ञों का तर्क है कि नैतिक एआई एक जिम्मेदार भविष्य के लिए आवश्यक है जहां हम सामाजिक भलाई, स्थिरता और समावेशन जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। यूनेस्को ने पहली बार 2021 में, एआई की नैतिकता पर अपनी सिफारिशें पेश की थीं, जब दुनिया का अधिकांश हिस्सा एक और अन्तर्राष्ट्रीय संकट, कोविड-19 महामारी से घिरा था। एआई के दोहरे इस्तेमाल को लेकर असमंजस की स्थिति इसलिए भी है क्योंकि अभी तक कोई ये समझ नहीं पाया है कि आम जीवन में इसका क्या असर होगा, फिर भी सभी एआई क्षेत्र के लीडर बनने की दौड़ में हैं। एआई टूल्स को विकसित करने वाली कंपनियों में पिछले 4-5 साल में निजी पूंजी निवेश में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। कुल मिलाकर ये कहा जा सकता है कि एआई पर अविश्वास करना एक अच्छा संकेत है। जिस तरह एआई टूल्स विकसित किए जाते हैं उसे देखते हुए इन पर पूरी तरह भरोसा करना ठीक नहीं है लेकिन साथ ही ये भी याद रखना जरूरी है कि स्वास्थ्य, शिक्षा और सतत विकास के क्षेत्र में एआई का बेहतरीन इस्तेमाल हो सकता है। यूनेस्को की सिफारिशों ने वास्तव में हमें एआई और नियमों के बारे में आलोचनात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में मदद की है।

# खेती कागज पर नहीं भूमि पर होती है



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

ऐसे हुई हमारे गांव में हरित क्रांति और, एमएसपीकी व्यवस्था और इसका गणित तो इतना उलझा हुआ मामला है कि इसे अपढ़ किसान कैसे समझ पाता है, मुझे आश्चर्य होता है। असल खेती अपने परिवार के साथ सन 1920 से 1970 तक हुई जब कृषि कुछ लाभकारी हुई थी इससे पहले और बाद में यह घाटे का ही धंधा रहा।

डॉ.एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न दिए जाने के बाद भी वे लोग इनके नाम से अपरिचित हैं जिनके जीवन काल में हरित क्रांति का दौर रहा था। ग्राम्यांचलों में रह कर खेती करने वाले अधिकतर ऐसे किसान अब 75 वर्ष की उम्र पार कर चुके हैं। हरित क्रांति हुई तो मेरी उम्र भी करीब 13 वर्ष की थी। खेत कार्य कौन करता था, कैसे होता था और सरकारी मदद कितनी और कैसे मिलती थी, मुझे सब याद है। हमारे खेत में हरित क्रांति का दौर तो नहीं आया, लेकिन जमीन की कीलेबंदी (कंसोलिडेशन ऑफ़ लैंड होल्डिंग्स) सन 1964 तक हो चुकी थी। करीब आधी से अधिक हमारे खेती की जमीन में नहरी सिंचाई संभव थी। हरित क्रांति के शुरूआती दौर में भी हम पशुओं के गोबर और घरेलू कूड़ा-करकट से बनाई गई हरी खाद ही खेतों में डालते थे। ईख काटने के बाद गेहूं की फसल उन्हें कीलों में, अर्थात 4000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल की क्यारियों में बोई जाती तो अच्छी हुआ करती। एक कीले में तीन साल में एक बार हरी खाद डाली जाती थी। घर में 30-35 पशु हुआ करते। फसल का बीज अपना खुद का होता था अर्थात 'फार्मर्स वैरायटी'। बीज को किसान लोग आपस में अदला-बदली किया करते थे।

हमारे खेत में उपज के बतौर 200 मण गेहूं और करीब 300 मण से ज्यादा चना पैदा हुआ करता था। घर में 10-12 बैल होते थे, चार हळ थे जिन्हें घर के ही चार जन जोतते थे। बहुत समय तक आधी जमीन में ही बुवाई हुआ करती क्योंकि बरसात न होने या साधन नहीं होने से यह छूट जाती थी। कुछेक बार खरीफ की फसल नहीं बोई जाती ताकि जमीन अपनी उपजाऊ शक्ति पुनर्प्राप्त कर ले। सरकारी रिकॉर्ड के मुताबिक़ हमारे संयुक्त परिवार के पास खेती की जमीन 90 एकड़ के आसपास है। अब इसमें सिर्फ धान, गेहूं, बरसीम,ज्वार ही बोई जाती है। संयुक्त परिवार टूट जाने से अब ईख नहीं बोई जाती क्योंकि यह आदमी से काफी मेहनत करवाती है। इसके लिए मानव श्रम की बहुत जरूरत होती है जो एकल-परिवार जुटा नहीं पाते। पहले 'बाड़ी' भी बोई जाया करती। इसके मेच्योर पौधे से कपास प्राप्त होती है। पहले देसी या काली बाड़ी बोई जाती थी। आजकल हमारे इलाके में न चना होता है न बाड़ी क्योंकि यह 'उगल' जाते हैं अर्थात धरती में नमी की अधिकता के कारण या मिट्टी में कुछ पोषक तत्वों की कमी के कारण उगते ही नहीं। कभी-कभार मेथी भी बो ली जाती है। पहले बारानी खेती के बतौर आषाढ़ में खरीफ की फसल बोते समय बाजरा बोया जाता था। हमारे कुनबे के अब तो शायद 20 हिस्से हो चुके हैं। ग्यारह हिस्सों में से भी सिर्फ चार हिस्सों वाले खुदकाश्त हैं बाकी की जमीन परिवार में ही ये चार हिस्सों वाले बोते हैं और मालिक को रेंट देते हैं अर्थात सालाना कैश, जो कि प्रति एकड़ रु.25-30 हज़ार है। पूरे पश्चिमोत्तर भारत में जो किसानी और जो संयुक्त परवार सन 1960 तक थे, अब वे स्ट्रक्चरल तौर से वैसे नहीं रहे हैं। तहसील में जमीन को हस्तांतरित करवाने वालों की अब भीड़ लगी रहती है। लेकिन उस समय ऐसा नहीं था। खाता नंबर बदलवाने का जिक्र भी अगर अलग हुआ परिवार करता तो उसे बुरा-भला कहा जाता और उसे धमका कर कहा जाता कि यह बुजुर्गों के सम्मान के अनुकूल नहीं। लेकिन देखा गया कि इसका नतीजा बुरा हुआ। हमारा गांव और खेत हरित क्रांति के प्रभाव से अछूता ही रहा और किसानी करने वाले हम लोग भी। बाद में, शायद हरित क्रांति (सन 1967-1978) का दौर ख़त्म होने के बाद ही, हमारे खेतों में फसलों से अधिक उपज लेने के लिए रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल होने लगा था। सन 1795 के बाद से फार्मर्स वेरायटीज ख़त्म हो गई और बीज लेने के लिए बीज वितरकों के यहां लाइन लगने लगी। ये बीज सरकार देती थी और वितरण या तो अनाज मंडी में दूकानदार लोग किया करते या सरकारी वितरण केंद्र से मिला करते। गांव में कोआपरेटिव सोसाइटी के दफ्तर से भी ये दोनों अर्थात बीज और रासायनिक उर्वरक मिलता था। परन्तु कोआपरेटिव सोसाइटी के सदस्यों को ही। लेकिन अब कमी के चलते इसके लिए भी मार-काट मचती है। लेने के लिए या तो शहर आना होता है या फिर बोने के लिए कुछ नहीं होगा तो खेत खाली पड़ा रहेगा। इनके वितरण में कुप्रबंधन हावी है। गांव में हल की खेती बिलकुल ख़त्म हो चुकी है। कभी 300 से अधिक हल होते थे अब करीब सौ की संख्या में ट्रेक्टर हैं। गांव की खेती की जमीन 28 हजार बीघा है यानी कि करीब 4000 हेक्टेयर। आबादी है 12 हज़ार। गांव के 30 प्रतिशत लोग नौकरी पेशा है और गांव के जो लोग बाहर चले गए हैं और अभी नाता रखे हैं उनकी संख्या भी 3 हजार से कम न होगी। गांव के लोग अपने ही घर के नौकरी पेशा लोगों को पसंद नहीं करते, क्योंकि खेती की जितनी जमीन का टाइटल इनके नाम है और इसे सगे-संबंधी बोते हैं वे इन्हें मन से उपज का पूरा हिस्सा या किराया नहीं देना चाहते, लेकिन कानूनी रूप से बाध्य हैं। कारण यह कि खेती बहुत हाड़-तोड़ काम है और बचत शायद 5 प्रतिशत भी नहीं जबकि हिस्सा करीब 40-50 प्रतिशत तो देना ही होता है।

> हालांकि तर्क के हिसाब से और आंकड़ों से खेल कर ये लोग गलत बात तो नहीं कर रहे, लेकिन खेती का हिसाब एमएसपी और बाज़ार के आंकड़ों से बहुत ऊपर एक अनोखे मिजाज़ वाला खेल है जिसे धरती पर खेती करने वाला ही महसूस कर सकता है।

ऐसे हुई हमारे गांव में हरित क्रांति और, एमएसपीकी व्यवस्था और इसका गणित तो इतना उलझा हुआ मामला है कि इसे अपढ़ किसान कैसे समझ पाता है, मुझे आश्चर्य होता है। असल खेती अपने परिवार के साथ सन 1920 से 1970 तक हुई जब कृषि कुछ लाभकारी हुई थी इससे पहले और बाद में यह घाटे का ही धंधा रहा। सन 1900 के अंग्रेजों ने उत्तर प्रदेश और पंजाब में नहरों का जाल बिछा दिया और सिंचाई में बेशक हिन्दुस्तानी लोग काम करते रहे, लेकिन अंग्रेज़ अफसरों की तीखी निगाह इनके काम काज पर रहती थी। इरीगेशन चैनल्स की निगरानी खुद करने के लिए इन्होंनें नहरों के किनारे और हेड-वर्क्स पर शानदार इंस्पेक्शन बंगलों का निर्माण किया। नहरों के किनारे कैनाल इंस्पेक्शन रोड्स बनवाए जिनकी देखभाल सन 1960 तक भी शानदार तरीके से हुई। अब सब चौपट है। मौसम की मार और अब की मंहगाई ने खेती को भी चौपट कर दिया है। जिस घर में नौकरी और खेती दोनों हैं, तब यह मान कर चलें कि खेत की कमाई तो खेत में ही खप जाती है और नौकरी से मिलने वाले वेतन से घर चलाया जाता है। जिनके यहां पक्की या कच्ची नौकरी भी नहीं है, वे पशु का दूध बेचकर गुज़ारा करते हैं। मुझे पक्का विश्वास है कि एमएसपी से खेती को सस्टेन करना मुश्किल हो रहा है। यह अलग बात है कि आदतन एक किसान अपने खेत को खाली नहीं छोड़ता और अपने अलावा दूसरों के लिए भी अन्न उगाता है। अपने लिए जो पशु दूध के लिए रखे हैं उनके दूध को भी दूसरों से शेयर करता है।

मेरा दावा है कि एमएसपी पर बात करने वाले लोग एक किसान के दो दुधारू पशुओं की देखभाल का पूरा काम खुद एक सप्ताह भी नहीं कर पाएंगे, खेती करना तो दूर रहा। आठवें दिन ये लोग एम्स में भर्ती होकर कराहते मिलेंगे। खेती में लगने वाली लागत का मूल्य तो एग्रीकल्चरल प्राइस कमेटी आंक लेती है लेकिन मनुष्यों का दुःख-दर्द, इनके अभाव, समय और खेत-कार्य का अलावा लगने वाला श्रम और तकलीफों का आकलन क्यों नहीं करती? मेरा मानना है है कि यह सब करने वाला सरकारी अमला अगर एक साल तक खुद खेती करके खुद तजुर्बा हासिल करे तो उसे मालूम हो जाएगा कि सब्सिडी और एमएसपी, जख्म पर मरहम मात्र लगाने वाला उपक्रम है। उन्हें मालूम हो जाएगा खेती कॉमर्स नहीं है बल्कि मुल्क के लोगों को जीवित और स्वस्थ रखने का एकमात्र उपाय है। खेती पर लिखने वाले इधर-उधर से लेकर या सरकारी वेबसाइट से डाटा लेकर लिख रहे हैं। इनके अपने वास्तविक अनुभव शून्य हैं। हालांकि तर्क के हिसाब से और आंकड़ों से खेल कर ये लोग गलत बात तो नहीं कर रहे, लेकिन खेती का हिसाब एमएसपी और बाज़ार के आंकड़ों से बहुत ऊपर एक अनोखे मिजाज़ वाला खेल है जिसे धरती पर खेती करने वाला ही महसूस कर सकता है। मेरे गांव के अधिकतर किसान क़र्ज़ के बोझ से दबे हुए हैं और इसे उतार पाएंगे, ऐसी उम्मीद भी नज़र नहीं आती।

## प्रसंगवश

# अपरिवर्तनीय सत्य



मोहन सिंह बिष्ट
पत्रकार

भारतीय हिंदू समाज में प्रचलित रूप चार वर्णों में विभाजित किया गया है जिसे मूलतः जन्म आधारित माना जाता है। सनातन संस्कृति के प्रारंभिक काल में ये वर्ण व्यवस्था जन्म आधारित न होकर कर्म आधारित थी।

वैश्विक रूप से जातियां एक समुदाय विशेष से ताल्लुक रखती हैं तथा उनका वर्ण विभाजन जन्म आधारित नहीं होता। उनके उद्गम में एक क्षेत्र विशेष आता है। वह विश्व का कोई कोना गांव का नाम अथवा किसी वरिष्ठ पारिवारिक सदस्य का नाम उसको प्राप्त सम्मान या उपाधि हो सकता है। इसके अलावा विभिन्न जातियों का स्रोत उनका पारंपरिक पेशा इत्यादि भी होता है।

भारतीय सनातन संस्कृति को मानने वाले अथवा हिंदू समुदाय के लोगों की जाति और उपनाम में एक बड़ा और अंतर है वे उपनाम या सरनेम तो बदल सकते हैं परंतु अपना वर्ण नहीं बदल सकते। दूसरी ओर धर्म आधारित व्यवस्था के मूल में प्रत्येक व्यक्ति की आस्था होती है जोकि स्वभाव से देश काल परिस्थिति के अनुसार परिवर्तनशील हो सकती हैं व्यक्ति मूल रूप से चाहे जिस वर्ण, जाति,क्षेत्र अथवा पेशे से हो उसका धर्म उसकी स्वयं की आस्था से निर्धारित होता है। इसका कारण कुछ भी हो सकता है।

आस्था में परिवर्तन कर दूसरे धर्म में आस्थावान हो सकता है अर्थात कोई भी व्यक्ति कभी भी कहीं भी अपनी धार्मिक आस्था में परिवर्तन कर सकता है। परंतु उसके बाद भी अपनी मूल जाति या उद्गम के स्थान में कोई परिवर्तन नहीं कर सकता। अपनी संस्कृति में परिवर्तन नहीं कर सकता धर्म और जाति में इस बड़े भेद को समझने से काफी हद तक वर्तमान में आपसी वैमनस्यता,धर्म संप्रदाय और जातिगत शत्रुता समाप्त हो सकती है कि वास्तव में धर्म और जाति के नाम पर मनुष्य और मनुष्यता में भेद करना मात्र आधुनिक समाज की अज्ञानता है। आज विज्ञान कहता है, प्राणी मात्र का उदगम एक है तो मात्र आस्था परिवर्तन तथा वर्ण अथवा जाति विभाजन से हम अलग कैसे हो सकते हैं। यही वास्तविक सत्य है और इसी सत्य को सनातन संस्कृति कहती है। मानव जाति एक ही है यह सत्य अपरिवर्तनीय हैं।

# मौसम मस्त चुनाव का : नेताओं के रंग



डॉ . संजय पंकज
मुजफ्फरपुर

> चाहे मंच जितना बड़ा हो लेकिन उस पर ताबड़तोड़ चढ़ने वालों की संख्या इतनी बढ़ जाती है कि उनके दबाव से अक्सर ही मंच भी धराशायी हो जाता है।

अभी चुनाव की घोषणा नहीं हुई है मगर समय नजदीक आते ही वातावरण में नर्मी गर्मी की शुरुआत हो गई है। जैसे वसंत के आने की धमक पौधों की टुंसियाहटें दे देती हैं वैसे ही हर दल के कार्यकर्ताओं की सरगर्मियां बता देती हैं कि मौसम परिवर्तित होने के लिए कसमसा रहा है। धरती के सबसे विशिष्ट, विलक्षण और विचित्र प्राणी मनुष्य के लिए चुनाव का मौसम अद्भुत आनंददायक होता है। इस मौसम में सब मगन मस्त हो जाते हैं। वसंत का उल्लास और फागुन का धमाल चाहे जितना रंग जमा ले; चुनावी मौसम का रंग सबसे आला और निराला होता है। मौसम मस्त चुनाव का, नेताओं के रंग!/ भौंचक होकर देखती,जनता भी हुड़दंग!!

राजनीति के खेल में संवेदनहीनता इतनी बढ़ गई है कि स्वार्थ में अंधे हो गए धृतराष्ट्रीय नेताओं को दुर्योधनी क्रूरता और अराजकता न तो दिखती है और नहीं समझ में आती है। जनता त्रस्त है और वे सत्ता की गद्दी को चाटते हुए मस्त हैं। अपराधी और हत्यारे सुरक्षित हैं। उनके लिए सरकार ने सुरक्षा की पूरी व्यवस्था कर रखी है। बच्चे असुरक्षित हैं इसकी फिक्र किसे है?

नेताजी की जन विश्वास यात्रा शुरू हो गई है। 5 सालों तक गायब रहने वाले अब हाथ जोड़कर उन्माद मचाते हुए जनता के बीच में दांत निपोड़ रहे हैं। अपनी-अपनी बिरादरी के लोगों के बीच नेताओं ने आना-जाना शुरू कर दिया है। जातीयता का नशा भी कैसा अनोखा होता है कि वह सबसे ज्यादा अपना ही अहित करता है। किसी भी नशे का चरित्र और प्रभाव यही तो है कि वह उसके सेवन करने वाले को ही नष्ट करता है। जातीय उन्माद सबसे पहले उसी जाति का विनाश करता है जो इसमें सम्मिलित हैं, फिर वह समाज को तोड़ता है। ऐसे में तय है कि देश कमजोर होगा ही। चाहे मंच जितना बड़ा हो लेकिन उस पर ताबड़तोड़ चढ़ने वालों की संख्या इतनी बढ़ जाती है कि उनके दबाव से अक्सर ही मंच भी धराशायी हो जाता है ठीक वैसे ही जैसे जनता नेता की जीत के बाद धूल चाटती रहती है। नेता भी पूरे जोशो-खरोश में अपने भड़ास, उबाल और छल-फरेब को जनता की भावना भांप कर निकालते रहते हैं। हर दल ने अपनी जन विश्वास यात्रा निकालनी शुरू कर दी है। किसी ने भारत जोड़ो, तो किसी ने सुशासन संवाद, तो किसी ने जन विश्वास, तो किसी ने दुआ-सलाम, तो किसी ने कुछ और और नाम भले ही रख दिया है लेकिन काम और उद्देश्य सबके एक ही हैं कि आसन्न चुनाव में जनता कैसे उनके पक्ष में आ जाए। बड़े ऊंचे ऊंचे बोल, झूठ फरेब, नारे-वादे, घोषणा, आश्वासन और भाषण का दौर शुरू है। जनता भी पहली बार इस तरह के आचरण और व्यवहार को नहीं देखेगी, वह भी अभ्यस्त हो चुकी है।

विचित्र होता है चुनावी मौसम भी, और यह मौसम पूरे वातावरण में ऐसा नशा घोल देता है कि अच्छे-अच्छे लोग भी उन्माद में आ जाते हैं। सबके बोल बिगड़ जाते हैं। चौक-चौराहों पर विभिन्न दलों के कार्यकर्ता ही क्या आम-आवाम भी चुनावी हिसाब किताब और गणित में लग जाता है। ऐसे में दलों और नेताओं की आवाजाही तेज हो जाती है। वे आग बुझाने नहीं बल्कि उसमें घी डालकर उसे और तेज करने तथा अपनी रोटी सेंकने के लिए आते हैं।

चुनावी उन्माद का दौर शुरू है। रंग-बिरंगी पगड़ी बांधे, रंग जमाते शहर, गांव, कस्बों और गली-गली में फैल रहे हैं राजनीति के नए पुराने शोहदे। तमाम प्राणियों के गुण और आचरण को ओढ़कर आ रहे हैं ये। ऑक्टोपस की तरह अपने पंजे की गिरफ्त में लेते चले जा रहे हैं भोले-भाले लोगों को। अब तो चुनावी अभियान में भाषा का भदेस रूप स्थानीय गालियों के साथ प्रस्तुत हो रहा है। जाने किस-किस तरह का गठबंधन बनेगा। इंडिया बना तो उसका हाल बेहाल है, क्योंकि उससे प्रधानमंत्री बनने का सपना देखने वाले जदयू सुप्रीमो बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बाहर हो गए हैं। उन्होंने पाला बदल दिया और फिर ऊंट पहाड़ के नीचे आ गया है। नरेंद्र मोदी से खार खाए हुए नीतीश कुमार बार-बार उन्हीं की शरण में आ रहे हैं। बड़ी विवशता और छटपटाहट में हैं नीतीश जी।

बसपा सुप्रीमो मायावती जाने कहां हैं?और ठीक-ठाक पता नहीं कि सपा नेता अखिलेश यादव की साइकिल की स्थिति क्या है? कांग्रेस के राजकुमार राहुल गांधी की देश-नापो चहलकदमी और मटरगश्ती का हाल क्या है? तृणमूल की आंधी ममता दीदी की नई पैंतरेबाजी कैसी है? बहुत सारी बातें हैं! उत्तर और दक्षिण भारत के अलग-अलग प्रांतों के स्थानीय क्षत्रपों का भी हाल बेहाल है। वे डांवाडोल हैं। इधर जाएं या उधर जाएं - बात नेताजी की समझ में नहीं आ रही है।

## सोशल फोरम

# स्मार्टनेस पर जोर

> इसी कारण देखिए ना , चीन और रूस की कम्युनिस्ट सरकारों तक को अर्थव्यवस्था खोलनी पड़ी। चीन ने 1978– 79 में ही खोल दी।



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

अब हम एक ऐसी दुनिया की ओर बढ़ रहे है जहां स्मार्टनेस पर जोर है। हर चीज दुबली पतली छरहरी। मोटे का ज़माना गया। आदमी भी स्मार्ट, मोबाइल भी स्मार्ट। आ गया माइक्रो चिप्स का ज़माना। ट्रांजिस्टर का उपयोग करके, हमने रेडियो को छोटा बना दिया है। बाल-पतली फाइबर-ऑप्टिक केबल ने भारी तांबे के तार की जगह ले ली है। माइक्रोचिप्सों ने तो कमाल कर दिया, पता नहीं क्या-क्या अप्रचलित कर दिया।

एक और डाटा आ रहा है कि खुली अर्थव्यवस्थाएं बंद अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में प्रति वर्ष 1.2 प्रतिशत अंक तेजी से बढ़ीं, क्योंकि आप जितने अधिक खुले होंगे, आप विचारों, बाजारों, प्रौद्योगिकियों और प्रबंधन नवाचारों के आज के विश्व नेटवर्क में उतने ही अधिक एकीकृत होंगे , समय के साथ दौड़ सकते हैं।

इसी कारण देखिये ना , चीन और रूस की कम्युनिस्ट सरकारों तक को अर्थव्यवस्था खोलनी पड़ी। चीन ने 1978- 79 में ही खोल दी। अपने ही देश में 1991 में विदेशी मुद्रा के लिए चंद्रशेखर सरकार ने सोना गिरवी रखा और उसके बाद आयी नरसिम्ह राव सरकार / मनमोहन सिंह को अर्थव्यवस्था खोलने पर मजबूर होना पड़ा।

पूंजीवादी अर्थव्यवस्था के धुर विरोधी मार्क्स महान वैज्ञानिक चिंतक थे, साम्यवाद के प्रवर्तक थे, विज्ञान की तरह बताया कि यह होगा फिर यह होगा और फिर क्रांति होगी, कहीं-कहीं हुई भी पर आज यहां तो सब उलट हो रहा है। हमारे देश के मार्क्सवादियों ने अपने देश से लिहाज़ से सिद्धांत खोजे नहीं, वे आज हर सवाल के जवाब के लिए मार्क्स को ताक रहे हैं और मार्क्स कब्र में हैं , निकलने को तैयार नही। समय और देश की मांग के मद्देनज़र उन्हें नए सिद्धांत गढ़ने होंगे, धुर वाम से केंद्र की तरफ़ चलकर अपनी नई जगह बनानी और उसे मज़बूत करनी होगी।

-फेसबुक वॉल से

# जान है तो जहान है



डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

> क्रोध, तनाव और विकट परिस्थितियों में असीम धैर्य को बनाए रखना। कठिन न परिस्थितियों में भी अपनी मनस्थिति को बनाए रखने की क्षमता को प्रकृतिस्थता कहते हैं। संपूर्ण विश्व में जो आपाधापी मची हुई है और सब लोग ब्लडप्रेशर , डायबिटीज, हृदय रोग, अनिद्रा ,पक्षाघात तथा कैंसर से पीड़ित दिखाई देते हैं ।

## स्वास्थ्य सुभाषित

जान है तो जहान है अर्थात जान बची रहेगी तो बाद में संसार का सारा आनन्द पुनः उठाया जा सकता है। मृत्यु के बाद सब कुछ व्यर्थ है। इसलिए जीवन सुरक्षित रखना सेहत दुरुस्त रखना हर व्यक्ति का प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए। हर आदमी को अपना खानपान ,रहन-सहन ऐसा रखना चाहिए जिससे उसकी सेहत ठीक–ठाक रहे। सेहत अच्छी रहे ।

**दृष्टांत :** कोविड महामारी के समय अधिकांश लोगों ने अपनी समस्त सार्वजनिक गतिविधियों को सीमित कर, यहां तक कि घर के बाहर निकलना, भीड़ भाड़ से बचना, स्वच्छता के नियमों का सख्ती से पालन करना, मास्क लगाना, परस्पर दूरी बनाए रखना आदि नियमों का पालन किया और उस संकट को पार किया। अपने को कोविड संक्रमण से बचाए रखने का पूरा प्रयास किया। टीका लगवाया। इन सबका प्रतिफल यह हुआ कि हमारे देश में कोविड की भयानकता अन्य देशों की अपेक्षा कम रही। कितने लोगों की जान बच गई।

इस संदर्भ में एक दूसरा अच्छा उदाहरण है उत्तरकाशी के सिलक्लायारा सुरंग दुर्घटना में फंसे 41 खनन मजदूरों का अपने जीवन को बचाने का सामूहिक प्रयास। उन सभी मजदूरों ने पत्थर की शिलाओं से रिसते जल से अपनी प्यास बुझाई, चिवड़े से भूख मिटाई तथा योगाभ्यास किया । यह सब तब तक करते रहे जब तक राहत प्रयास उन्हें बाहर निकालने में सफल हों सके। अपना जीवन बचाने का ऐसा साहसपूर्ण प्रयास विश्व इतिहास में एक कीर्तिमान स्तंभ है और ' जान है तो जहान है' का ज्वलंत उदाहरण है। जंक जहर है, जिगर कहर है। न खाये इसे/ न आएगी नैश की नौबत,न होगी हृदयाघात की आफत।

**व्याख्या :** नैश (NASH) अल्कोहल के अतिरिक्त जैसे जंक भोज्य पदार्थों के कारण जिगर में होने वाली सूजन / प्रदाह जो आगे चलकर भविष्य में सिरोसिस या यकृत कैंसर का रूप ले सकता है। जंक पदार्थों का दिल के ऊपर भी बुरा असर पड़ सकता है। आजकल युवकों में पाया जाने वाला दिल के दौरे का यह भी एक प्रमुख कारण है ।

**मांसाहार अनेक दोष / हृदय कैंसर जैव कुदोष।**

**व्याख्या:** मांसाहार विशेषतः लाल मांस खाने से दिल के दौरे की संभावना, बड़ी आंत का कैंसर तथा जैव विविधता (बायोडाइवर्सिटी) पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अब इस बात की साधिकारिक पुष्टि विश्व स्वास्थ्य संगठन, विकृति विज्ञानी और सिंगापुर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा किए गए शोध से प्रमाणित हो गई है । स्वास्थ्य की दृष्टि से शाकाहार सर्वोत्तम आहार है ।

**मोबाईल न असन, दिल घातक कुव्यसन**

(संकेत-असन-भोजन/खाना, दिलघातक- दिल को चोट पहुंचाने वाला/दिल को बीमार बनाने वाला, कुव्यसन- बुरी लत )

**व्याख्या :** मोबाईल को भोजन न समझे। उससे दिन -रात लिपटे न रहे। उसकी लत न लगाएं। लत की हद तक मोबाईल का प्रयोग आंखों की रोशनी पर असर डालेगा। गर्दन और कमर की हड्डियां झुक जाएंगी। सैर , व्यायाम या योग के लिए समय नहीं निकाल पाएंगें। इन सबका सम्मिलित कुफल यह होगा आपका पेट निकल आएगा। वजन बढ़ जाएगा। दिल पर बहुत बुरा असर पड़ेगा और कम उम्र में हृदयाघात (दिल के दौरे) की संभावना बढ़ जाएगी। किशोर-बच्चों को मोबाईल, लैपटॉप या टीवी सब मिलाकर दिन में दो घंटे से अधिक नहीं देखना चाहिए।

**साक्ष्य :** एसजीपीजीआई लखनऊ में किए गए एक शोध के अनुसार जो लोग दिन भर में 3 घंटे से अधिक मोबाईल का उपयोग करते हे उन्हें तोंद, बीपी, तथा शुगर की समस्या कम उम्र में सता सकती है।

**प्रकृतिस्थता:** क्रोध, तनाव और विकट परिस्थितियों में असीम धैर्य को बनाए रखना। कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी अपनी मनस्थिति को बनाए रखने की क्षमता को प्रकृतिस्थता कहते हैं। आजकल संपूर्ण विश्व में जो आपाधापी मची हुई है और सब लोग ब्लडप्रेशर,डायबिटीज, हृदय रोग, अनिद्रा, पक्षाघात तथा कैंसर से पीड़ित दिखाई देते हैं उसके पीछे प्रकृतिस्थता का अभाव ही प्रमुख कारण है। जिसने अपने अंदर प्रकृतिस्थता का गुण विकसित कर लिया उसने इन तमाम बीमारियों पर सहज ही नियंत्रण प्राप्त कर लिया। इस संदर्भ में मर्यादा पुरुषोत्तम राम के जीवन का एक प्रसंग बहुत ही अनुकरणीय है जिसकी चर्चा महाकवि तुलसी इस श्लोक में बहुत सुंदर तरीके से करते हैं: प्रसन्नतां या न गताभिषेकस्तथा/ न मम्ले वनवास दुःखतः। मुखाम्बुज श्रीरघुनंदनस्य में,सदास्तुसा मंजुल मंगलप्रदा।। (अयोध्याकांड श्लोक-२,श्रीरामचरितमानस) श्रीराम जनकपुर में विवाह के पश्चात अयोध्या लौट आते हैं और महाराज दशरथ गुरु वशिष्ठ से मंत्रणा के बाद उन्हें राज्याधिकार देने का सुनिश्चय करते हैं। राज्याभिषेक के तिथि की घोषणा हो जाती है। दूसरे दिन सवेरा होते-होते महारानी कैकेयी की कुमति और दुराग्रह के चलते उन्हे चौदह वर्ष वनवास की आज्ञा होती है जिसे राम 'कानन राजू ' समझ कर सहर्ष स्वीकार करते हैं। उनके चेहरे पर विषाद की एक रेखा भी नहीं उभरती। प्रस्तावित राज्याभिषेक के ठीक पहले वह हर्षोन्मत्त भी नहीं थे। ऐसा अद्भुत मानसिक संयम और संतुलन ही व्यक्ति को स्वस्थ और दीर्घायु दे सकता है। इसके विपरीति आजकल का धमाचौकड़ी पूर्ण जीवन केवल असंतोष और तनाव देता है जो अनेक असंक्रामक रोगों का सहज कारण बंनता है ।

**अभिवादनशीलता:** 'अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः। चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यशोबलम्।। ' स्वस्थ और दीर्घ जीवन की कामना करने वाले हर व्यक्ति को अपने से आयु में श्रेष्ठ हर प्राणी का उचित अभिवादन, उसका यथा संभव सेवा -सत्कार अवश्य करना चाहिए। ऐसे अभिवादनशील व्यक्ति की आयु, विद्या, कीर्ति और बल इन चारों में वृद्धि होती है। स्वस्थ और सफल जीवन जीने वाले अनेक लोगों का जीवन हमें हमेशा अभिवादनशील बने रहने की शिक्षा देता है ।

**हम दो हमारे दो :** 'दुई सुत सुंदर सीता जाए। लवकुश बेद पुरानन्हिं गाए।।'मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने त्रेता युग के उस काल में सीमित परिवार– 'दुई सुत सुंदर सीता जाए। लवकुश बेद पुरानन्हिं गाए।।' का ऐसा आदर्श रखा जो अब संपूर्ण विश्व को जनसंख्या विस्फोट से बचाने के लिए एक अनुकरणीय अपरिहार्यता बन गई है। ध्यातव्य है कि भारत सरकार ने बहुत वर्षों पहले अपरिमित बढ़ती हुई आबादी पर नियंत्रण पाने के लिए इस नारे की बहुत जोर शोर के साथ घोषणा की थी- 'हम दो हमारे दो'। पर हमारे मर्यादा पुरुषोत्तम तो इस बात का जीवंत उदाहरण हमारे सामने हजारों वर्ष पूर्व रख दिया था। स्वस्थ सामाजिक संरचना के लिए ऐसी संतति – संकल्पना शायद ही किसी अन्य ने प्रस्तुत किया हो।

## एक नजर

### पुराने कलक्ट्रेट में आयुष्कामीय शिविर शुरू

**अल्मोड़ा :** नगर के पुराने कलक्ट्रेट परिसर में रविवार से आयुष्कामीय शिविर शुरू हो गया है। शिविर में लोगों को नाड़ी परीक्षण, मर्म चिकित्सा, अग्निकर्म, पंचकर्म, न्यूरो थेरेपी, क्षार सूत्र, लीच थैरेपी आदि सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। साथ ही दवाइयों का भी वितरण किया जा रहा है। शिविर का शुभारंभ करते हुए पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान ने कहा कि ह शिविर नगर और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के लिए काफी फायदेमंद साबित होगा। इसलिए विभिन्न रोगों के विशेषज्ञों से राय लेकर उसे जीवन में अपनाएं और अपने शरीर का स्वस्थ रखें। शुभारंभ के दौरान निवर्तमान पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी निवेदिता जोशी, जिला होम्योपैथिक अधिकारी डा. बीना बरगली, हेम चंद्र तिवारी, रमेश चंद्र पांडे, गोविंद लाल वर्मा, विजय शील उपाध्याय, हेमंत तिवारी, डा. रजनी बाला आदि मौजूद रहे।

### खिलाड़ियों ने 54 पदक जीतकर लहराया परचम, 38वें राष्ट्रीय खेलों में जुजुत्सु को शामिल कराने का होगा प्रयास

# जुजुत्सु में सातवीं बार राष्ट्रीय चैंपियन बना उत्तराखंड

**संवाददाता, देहरादून**

**अमृत विचार :** जुजुत्सु एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ओर से राष्ट्रीय जुजुत्सु चैंपियनशिप में 28 स्वर्ण, 16 रजत एवं 10 कांस्य सहित कुल 54 पदक जीतकर उत्तराखंड देश में सातवीं बार चैंपियन बना है। मध्य प्रदेश द्वितीय और उत्तर प्रदेश तृतीय स्थान पर रहा।

रविवार को परेड ग्राउंड स्थित बहुद्देश्यीय हॉल में सीनियर राष्ट्रीय जुजुत्सु चैंपियनशिप का पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। इसमें भारतीय ओलंपिक संघ की संयुक्त सचिव डॉ. अलकनंदा अशोक व वरिष्ठ भाजपा नेता ध्रुव रौतेला ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। डॉ. अलकनंदा अशोक ने कहा कि राज्य में इसी वर्ष होने जा रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों में जुजुत्सु को शामिल किया जाएगा। इस अवसर पर एशियन गेम्स में शामिल हुए खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता ध्रुव रौतेला ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मिलकर जुजुत्सु को राष्ट्रीय खेल में शामिल कराने का प्रयास किया जाएगा। एशियन खेलों में शामिल हो चुके इस खेल को राष्ट्रीय खेलों में शामिल किया जाएगा। समापन समारोह में खिलाड़ियों ने जुजुत्सु के हैरतअंगेज प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय निदेशक सतीश जोशी ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय जोशी, राष्ट्रीय महासचिव अमित गुप्ता, अंतर्राष्ट्रीय रेफरी शिखा पाठक, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरेंद्र खरसोदीया मौजूद रहे।



खिलाड़ियों को सम्मानित करते भारतीय ओलंपिक संघ की संयुक्त सचिव डॉ. अलकनंदा अशोक व वरिष्ठ भाजपा नेता ध्रुव रौतेला।

# कैंटर और स्कूटी की भिड़ंत, एक की मौत

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

**अमृत विचार :** रविवार की देर शाम अल्मोड़ा ताकुला मोटर मार्ग पर एक सड़क हादसा हो गया। जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई है। जबकि एक गंभीर का अस्पताल में उपचार चल रहा है। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम मामले की जानकारी जुटाने में लग गई है।

बताया जा रहा है कि देर शाम अल्मोड़ा ताकुला मोटर मार्ग पर घनेली के पास एक कैंटर और एक स्कूटी की आमने सामने भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भयानक था कि स्कूटी में सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में इस मार्ग पर गुजर रहे अन्य वाहनों की मदद से दोनों को उपचार के अस्पताल भेजा गया। अल्मोड़ा कोतवाली के एसएसआई सतीश चंद्र कापड़ी ने बताया कि देर शाम हुए इस हादसे में उपचार के जिला अस्पताल लाए गए दो लोगों में से एक को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया है। जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर है।

प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार इस मार्ग के तीखे मोड़ पर यह हादसा हुआ। अंदाजा लगाया जा रहा है कि कैंटर अथवा स्कूटी में से किसी एक का चालक तेज गति में होगा। चिकित्सकों ने बताया कि गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को भी घटना के दौरान काफी चोट आई हैं। कापड़ी ने बताया कि मौके पर पुलिस टीम भेजी गई है। कैंटर चालक के बारे में भी जानकारी प्राप्त की जा रही है।

# घर बैठे हो रहा बिजली समस्याओं का समाधान

### विभाग के टोल फ्री नंबर पर फरवरी में अब तक मिली 19250 में से 10261 शिकायतें हो चुकी हैं हल

**संवाददाता, देहरादून**

**अमृत विचार:** ऊर्जा प्रदेश कहे जाने वाले उत्तराखंड में प्रदेश सरकार बिजली उपभोक्ताओं से जुड़ी सेवाओं को लगातार बेहतर करने के प्रयास में जुटी हुई है। यूपीसीएल प्रबंधन ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सरलीकरण, समाधान एवं निस्तारण के मंत्र को आधार मानकर उपभोक्ताओं की सेवाओं को और बेहतर बनाने को केंद्रीयकृत कॉल सेंटर के संचालन, उपभोक्ता स्वयं सेवा मोबाइल एप और मेगा कैंप व शिविरों का आयोजन की शुरुआत की थी, जिससे प्रदेश के दुर्गम गांव में रहने वाले लोगों की समस्याओं का घर बैठे ही समाधान हो रहा है।

आंकड़ों पर गौर करें तो यूपीसीएल मुख्यालय स्थित चौबीस घंटे व सातों दिन केंद्रीयकृत कॉल सेंटर का संचालन किया जा रहा है। वर्तमान में सेंटर में 105 कस्टमर सर्विस रिप्रजेंटेटिव कार्यरत हैं। सेंटर के माध्यम से प्रतिदिन 500 से अधिक उपभोक्ता विद्युत संबंधित समस्याओं का समाधान पा रहे हैं। फरवरी माह में अभी तक कुल 19250 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 10261 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है। प्रबन्ध निदेशक, यूपीसीएल की ओर से समस्त क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी उपभोक्ता सेवा व राजस्व संग्रहण केंद्रो पर दिव्यांगों, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा व सुगमता के लिए सुरक्षित एवं आरामदायक बैठने का स्थान, बिल जमा करने के लिये पृथक लाइन तथा समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करें।

**प्रधानमंत्री ने नए मतदाताओं को किया प्रोत्साहित:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को रायपुर में चाणक्य कॉलेज गुजराड़ा मान सिंह में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 110वें एपिसोड को सुना। धामी ने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवा मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रधानमंत्री ने मेरा पहला वोट देश के लिए की बात कही है, जिससे नए मतदाता प्रोत्साहित होंगे। कहा प्रदेश की कई विभूतियों, पर्यटक स्थलों आदि को भी मन की बात में समय-समय पर स्थान मिला, जिससे हमारे लोक संगीत व लोक संस्कृति से पूरे दुनिया के लोग परिचित हुए। इस दौरान विधायक उमेश शर्मा काऊ, सुरेश गड़िया, विनय रोहिला, शशि, सिद्धार्थ अग्रवाल, प्रशान्त, तरूण धीमान, आकाश आदि उपस्थित रहे।



जौनसार बावर सांस्कृतिक महोत्सव में पुस्तक का विमोचन करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

### जौनसार बावर भवन निर्माण को 2.50 करोड़ की घोषणा

**देहरादून, अमृत विचार :** कौलागढ़ स्थित अंबेडकर स्टेडियम में रविवार को जौनसार बावर सेवानिवृत्त कर्मचारी की ओर से आयोजित दो दिवसीय जौनसार बावर सांस्कृतिक महोत्सव के समापन के मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने जौनसार बावर भवन निर्माण के लिए 2.50 करोड़ रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि भवन का उपयोग जरूरतमंद छात्रों के अध्ययन के लिये भी किया जाए। उन्होंने कहा कि हरीपुर में घाट निर्माण से उसके पौराणिक महत्व को भी पहचान मिलेगी। विकास नगर के विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे जनजाति छात्रों के हित में हमेशा प्रयासरत रहते हैं। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष मधु चौहान, रणवीर सिंह तोमर, तुलसी सिंह तोमर, अतर सिंह, केएस चौहान, प्रताप सिंह रावत, मूलत राम शर्मा, राम शरण नौटियाल आदि मौजूद रहे।

### पंजीकृत श्रमिकों को मिलेगी सौगात

**देहरादून :** उत्तराखंड भवन व सन्निमार्ण कर्मकार कल्याण बोर्ड (बीओसीडब्ल्यू) के तहत सरकार पंजीकृत श्रमिकों और उनके आश्रितों को बड़ी सौगात देनी जा रही है। ऐसे सभी श्रमिकों को सरकार बोर्ड के बजट से मेडिकल सुविधा और बच्चों को नि:शुल्क रोजगारपरक शिक्षा देगी। सरकार यह कार्य पंजीकृत श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा के तहत प्रस्तावित योजना से करने जा रही रही है। सरकार बोर्ड देहरादून में पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों को आईटीआई, पॉलिटेक्निक में निशुल्क पढ़ाई की व्यवस्था करने जा रही है। योजना में प्रवेश पाने वाले बच्चों के लिए हॉस्टल की व्यवस्था, यूनिफॉर्म, पाठ्य पुस्तकों आदि पर खर्च होने वाली धनराशि पूरी तरह बोर्ड वहन करेगा। इन आईटीआई और पॉलिटेक्निक से 3 साल में 75 बच्चों को रोजगार परक शिक्षा प्राप्त होगी। सरकार ने सभी पंजीकृत श्रमिकों को ईएसआई की सुविधा देने की योजना बनाई है। इसके अलावा, अंसगठित श्रमिकों, घरेलू, मनरेगा, एसएचजी, कृषि एवं भूमिधर, आशा कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी वर्कर्स, नगरीय असंगठित श्रमिकों, ठेला, फेरी वाला, ईट भट्टा, मछुवारों आदि को भी इस योजना में शामिल किया जाएगा।

# शो पीस बना बागेश्वर जन औषधि केंद्र

**संवाददाता, बागेश्वर**

**अमृत विचार:** जनता को सस्ती दवाइयां उपलब्ध कराने के नाम पर स्थापित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र शो पीस बने हुए हैं। जिला चिकित्सालय के जन औषधि केंद्र में इन दिनों खुल रहा है, परंतु यहां पर दवइयां नहीं हैं। इधर, बैजनाथ के केंद्र में एक बार फिर से अंग्रेजी दवाइयां बिकने का आरोप लगा है।

जिला चिकित्सालय, बागेश्वर में खुला जन औषधि केंद्र लंबे समय के बाद कुछ समय तक खुलने लगा है परंतु यहां पर दवइयां नहीं हैं। केंद्र में आने वाले मरीज काफी उम्मीद से यहां आते हैं परंतु उन्हें दवाइया नहीं मिल रही हैं, जो दवाइयां हैं भी, तो उनकी एक्सपाइरी डेट नजदीक हैं।

यहां तैनात कर्मचारी अगले कुछ दिनों में दवाइयां आने की बात कह रहा है परंतु अगले दिन भी दवाइयां नहीं आ रही हैं। इधर, सीएचसी, बैजनाथ के केंद्र में विगत माह जनप्रतिनिधियों की शिकायत के बाद अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने छापा मारा तो वहां पर हजारों रूपयों की दवाइयां मिली थीं, उन्होंने इसके खिलाफ कार्रवाई की बात कही थी परंतु केंद्र संचालक पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

इधर, इन दिनों एक बार फिर से चोरी छिपे यहां पर अंग्रेजी दवाइयां महंगी कीमतों में बेची जा रही हैं। भकुनखोला के ग्राम प्रधान हिमांशु खाती ने बताया कि उनके पास इस तरह की शिकायतें हैं कि यहां पर पुनः महंगी दवाइयों की बिक्री की जा रही है। उन्होंने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया कि पूर्व में प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में अंग्रेजी दवाइयां मिलने के बाद भी प्रशासन ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की है। उन्होंने डीएम से मामले की निष्पक्ष जांच के बाद कार्रवाई की मांग की है। इधर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. देवेश चौहान ने बताया कि उनके द्वारा निरीक्षण के दौरान की आख्या उच्चाधिकारियों को सौंप दी थी, जिस पर कार्रवाई का इंतजार है।

# ड्रोन का हमारे जीवन में विशेष महत्वः गणेश जोशी

**संवाददाता, देहरादून**

**अमृत विचार:** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को मसूरी के बूथ 76 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 110वां संस्करण को पार्टी कार्यकर्ताओं व लोगों के साथ सुना।

गणेश जोशी ने कहा कि आज के संस्करण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ड्रोन दीदी का जिक्र किया। उन्होंने कहा समय के साथ ड्रोन का हमारे जीवन में एक विशेष महत्व हो गया है। कहा कि कृषि, सर्वेक्षण, दूरस्थ क्षेत्रों में ड्रोन के माध्यम से दवाइयां भेजी जा रही हैं। इस अवसर पर प्रदीप रावत, अशोक राणा, संजीव त्रिपाठी, विनय गुप्ता, राहुल राणा, विनोद पुंडीर, प्रमोद थापा, रीता जोरावर, मनोज, ममता, रश्मि आदि रहे। इधर, कैबिनेट मंत्री ने सरखेत में आपदा प्रभावित 13 परिवारों के आवास निर्माण के लिए आर्थिक सहायता के चेक वितरित किए।

### मॉक ड्रिल में दी फायर उपकरणों की जानकारी

**अल्मोड़ा, अमृत विचार:** विवेकानंद चिकित्सालय पेटशाल में एसएसपी देवेंद्र पींचा के निर्देश पर अग्निशमन अधिकारी महेश चंद्र के नेतृत्व में मॉक ड्रिल का आयोजन कर अग्नि सुरक्षा के दृष्टिगत किए जाने वाले उपायों और अग्निशमन यंत्रों के उपयोग की जानकारी मौजूद लोगों को दी। इस दौरान चिकित्सालय भवन में घायल व्यक्तियों को सर्च एंड रेस्क्यू टीम द्वारा खोज कर स्ट्रेचर की सहायता से बाहर लाया गया जहां चिकित्सकों की टीम द्वारा घायल व्यक्ति का प्राथमिक उपचार किया गया। इस दौरान चिकित्सालय स्टॉफ को प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों के संचालन की जानकारी देकर अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

## उत्तर प्रदेश

## सार-संक्षेप

### दूसरे समुदाय की युवती को लेकर युवक फरार

**रामपुर :** हिन्दू समुदाय का युवक दूसरी समुदाय की युवती को लेकर फरार हो गया। कोर्ट के आदेश पर तीन लोगों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस युवती को तलाश रही है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गांव भमरौआ निवासी शहाबुद्दीन का कहना है कि जिला हापुड़ के अनुज विहार निवासी ज्ञानेंद्र नौ जनवरी को उसकी बहन को लेकर फरार हो गया। जानकारी मिलने पर परिजनों के होश उड़ गए। उन्होंने युवती को हर जगह तलाश किया। लेकिन उसका पता नहीं चचा। तब उन्होंने पुलिस को तहरीर दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। 16 जनवरी को एक बार फिर पुलिस को तहरीर दी। इस पर भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। तब पीड़ित ने एसपी से शिकायत की। लेकिन यहां से भी कार्रवाई नहीं हो सकी। थक हारकर पीडित ने कोर्ट की शरण ली। अब कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी ज्ञानेद्र, धर्मपाल व आकाश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी उसकी बहन का धर्म परिवर्तन भी करा सकते हैं।

### मार्च की भी बारिश से हो सकती है शुरुआत

**बरेली :** मौसम में लगातार परिवर्तन हो रहा है। दिन में गर्मी का अहसास हो रहा है तो रात में ठंड पड़ रही है। इसकी वजह है कि दिन का तापमान रात के तापमान से करीब तीन गुना अधिक रह रहा है। इसकी वजह से लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। मौसम विभाग ने मार्च के पहले सप्ताह में बादल छाने और बारिश का पूर्वानुमान जताया है। रविवार को अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री कम 24.6 और न्यूनतम पांच डिग्री कम आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आंचलिक मौसम केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अभी कुछ दिन मौसम साफ रहेगा। दो मार्च को बादल छाने के साथ बारिश का पूर्वानुमान है। इस दौरान अधिकतम तापमान 26 और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने का पूर्वानुमान है।

### आरटीई : निशुल्क प्रवेश को आज निकलेगी लॉटरी

**बरेली :** शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत गरीब परिवार के बच्चों को निजी स्कूलों में निशुल्क प्रवेश दिलाने के लिए पहले चरण की प्रक्रिया संपन्न हो गई है। सोमवार को इसके लिए लॉटरी निकाली जाएगी। चयनित बच्चों को संबंधित विद्यालय में प्रवेश कराया जाएगा। पहले चरण में प्रवेश के लिए 4519 बच्चों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। इनमें से अभी तक 3090 आवेदनों का सत्यापन कर स्वीकृत दी गई है। बाकी आवेदनों का ब्लाक स्तर पर सत्यापन चल रहा है। आरटीई के तहत निजी स्कूलों में 25 फीसदी आरक्षित सीटों पर बच्चों का दाखिला होना है। जिले में कुल 1659 निजी स्कूल हैं। एक मार्च से प्रवेश के लिए दूसरे चरण की आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी। अधिकारियों के अनुसार 50 फीसदी आवेदन कमियों के चलते निरस्त कर दिए गए हैं।

### सिटी व आंवला स्टेशन का आज पीएम करेंगे शिलान्यास

**बरेली :** आंवला और बरेली सिटी समेत कई स्टेशनों पर निर्माण कार्यों का सोमवार को प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से शिलान्यास करेंगे। पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत छह रेलवे स्टेशनों, बरेली सिटी, काशीपुर जंक्शन, पीलीभीत जंक्शन आदि का पुनर्विकास कार्य का शिलान्यास किया जाएगा। इसके अलावा 49 ओवरब्रिज और अंडरपास का शिलान्यास या उद्घाटन किया जाएगा। कार्यक्रम में मंत्री, सांसद, विधायक अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

### वृद्ध की सरिए से वार कर हत्या

**बिजनौर, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम अजुपुरा नया गांव में जमीन के विवाद में खेत जोत रहे वृद्ध की लोहे के सरिया से वार कर हत्या कर दी। हमलावरों ने उसके पुत्र को भी गंभीर रूप से घायल कर दिया।

घायल शिवकुमार ने बताया कि वह रविवार दोपहर अपने पिता छोटे सिंह 70 वर्ष के साथ ट्रैक्टर से खेत जोतने गया था। उसके पिता खेत की मेढ़ पर बैठे हुए थे। बताया कि इसी बीच गांव का अमर सिंह अपने चार-पांच साथियों के साथ खेत पर पहुंचा और उसके पिता पर लोहे के सरिए से हमला कर दिया और बाद में उस पर भी हमला बोल दिया। आसपास खेतों में काम करने वालों के शोर मचाने पर सभी हमलावर फरार हो गए। बताया कि उसके पिता की मौके पर ही मौत हो गई।

# इलाज के दौरान महिला की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

**संवाददाता, मसवासी (रामपुर)**

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के बाजपुर स्थित लांबा क्लीनिक में बिजारखाता निवासी महिला की उपचार के दौरान देर रात मौत हो गई। गुस्साए परिजनों ने अस्पताल पर जमकर हंगामा दिया। सूचना पर एसआई उमेश चंद बेलवाल, एसआई देवेंद्र मरनाल पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। इसके अलावा व्यापारी नेता उशांत सब्बरबाल भी पहुंचे और परिजनों को शांत कराया। पुलिस ने कंपाउडर को हिरासत में ले लिया है। महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए काशीपुर भेज दिया।

क्षेत्र के गांव बिजारखाता निवासी चरन सिंह ने चार वर्ष पूर्व अपनी पुत्री कंचन का विवाह गदरपुर सकेनिया वार्ड नंबर चार निवासी सुरेश के साथ किया था। शनिवार को कंचन की अचानक तबियत खराब हो गई। पति सुरेश ने उसे बाजपुर स्थित डॉ. हरीश लांबा के क्लीनिक में भर्ती कराया। जहां उसे बोतलें लगाई गईं। इसके बाद डॉक्टर की सलाह पर कंपाउडर ने इंजेक्शन लगा दिया। इंजेक्शन लगते ही महिला की हालत बिगड़ गई। उसके मुंह से झाग निकलने लगे। यह देख क्लीनिक में मौजूद डॉक्टरों ने महिला को अस्पताल से जाने को कहा। इस बीच कंचन की मौत हो गई। गुस्साए परिजनों ने देर रात अस्पताल पहुंच जमकर हंगामा किया।

### दून तीन घंटे तो कुंभ एक्सप्रेस साढ़े 10 घंटे देर से पहुंची

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** मौसम बदलने के बाद भी रेल प्रबंधन ट्रेनों की देरी के लिए कोहरे को जिम्मेदार ठहरा रहा है। जबकि इस समय मौसम साफ है और कहीं भी कोहरे की दिक्कत नहीं है। रविवार को कुंभ एक्सप्रेस शाम को 10 घंटा 27 मिनट की देरी से यहां पहुंची जबकि, अवध-असम एक्सप्रेस के यात्रियों को देर शाम तक गाड़ी की प्रतीक्षा करनी पड़ी।

यह ट्रेन 8 घंटा 21 मिनट विलंब से पहुंची। हावड़ा से देहरादून के बीच चलने वाली दून एक्सप्रेस 2 घंटा 54 मिनट, न्यूजलपाईगुड़ी एक्सप्रेस 8 घंटा 20 मिनट, किसान एक्सप्रेस एक घंटा, सियालदह एक्सप्रेस 1 घंटा 54 मिनट, सुपरफास्ट सप्त क्रांति 3 घंटा 5 मिनट प्रभावित रही।

# धर्म परिवर्तन कर सोनम बनीं लक्ष्मी, विष्णु संग की शादी

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** देवरनियां थाना क्षेत्र के गांव गिरधरपुर की सोनम धर्म परिवर्तन कर लक्ष्मी बन गईं और गांव के प्रेमी विष्णु से मंदिर में शादी कर ली। सोनम ने तीन तलाक के डर से धर्म परिवर्तन किया है। अब दोनों शादी करने के बाद अयोध्या में रामलला के दर्शन करने जाएंगे। दोनों की शादी के वीडियो और फोटो भी वायरल हो रहे हैं।

गिरधरपुर निवासी विष्णु मौर्य की कीटनाशक दवा की दुकान है। उनकी 12 साल पहले गांव की सोनम सिद्दीकी से पहली मुलाकात हुई थी। इसके बाद दोनों सोशल मीडिया के माध्यम से एक-दूसरे



बात करने लगे और दोनों में प्यार हो गया। बालिग होने पर सोनम ने विष्णु से शादी की इच्छा जाहिर की। दोनों ने रविवार को इज्जतनगर क्षेत्र के भीटानाथ मंदिर में शादी कर ली। सोनम ने शादी के बाद अपना नाम लक्ष्मी रखा।

# तपेश्वरनाथ मंदिर मार्ग पर जल्द शुरू होगा काम

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** तपेश्वरनाथ मंदिर मार्ग का चौड़ीकरण इसी सप्ताह से शुरू हो जाएगा। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। पहले सिंगल टेंडर होने की वजह से निरस्त हो गया और दोबारा 23 फरवरी को टेंडर किया गया।

नाथ कॉरिडोर योजना में शहर के सात शिव मंदिरों को जोड़ने के लिए 11 सड़कों को चौड़ीकरण होगा। इसके लिए पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद ने दिसंबर 2023 में आठ और जनवरी 2024 में तीन सड़कों के लिए बजट दिया था। सबसे पहले डेलापीर तिराहा से सूद धर्मकांटा और यहां से त्रिवटीनाथ मंदिर मार्ग पर काम शुरू किया। एक्सईएन नारायण सिंह का कहना है कि तपेश्वरनाथ मंदिर के लिए सुभाषनगर अंडरपास से रेलवे कॉलोनी होते हुए 1.29 किमी लंबा मार्ग के चौड़ीकरण के लिए टेंडर पिछले महीने निकाला गया था। सिंगल टेंडर आने पर इसे रिजेक्ट कर फिर से प्रक्रिया अपनाई गई, जिसके तहत 23 फरवरी को टेंडर खोले गए।

### मोर्चा खोलने पर किया भुगतान

**बरेली, अमृत विचार :** जजेज कॉलोनी के आवासों की मरम्मत कार्य का ठेकेदार का 35 लाख रुपये का भुगतान कर दिया गया है। भुगतान न होने पर व्यापारियों ने पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों के खिलाफ विरोध किया था। ठेकेदार शिव कुमार का आरोप है कि अभी नौ लाख का भुगतान बाकी है।

पीडब्ल्यूडी के प्रांतीय खंड ने वर्ष 2021 में जजेज कॉलोनी के आवासों की मरम्मत के लिए 67 लाख का टेंडर निकाला था। ठेकेदार ने कहा अफसरों के कहने पर कई अतिरिक्त काम कराए जिनका भुगतान करीब 80 लाख का बना लेकिन उन्हें 33 लाख का ही भुगतान किया गया।

# डीएसपी बनकर ठगी की कोशिश बोला- एनकाउंटर में देर नहीं लगेगी

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** प्रदेश में बाबा जी का राज है, कोई धमकी देगा तो एनकाउंटर में देर नहीं लगेगी। कुछ इसी तरह की बातें करके एक व्यक्ति ने पीड़िता को फोन कर सात हजार रुपयों की मांग की। महिला ने कुछ दिन पहले ही बारादरी थाना में छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में सीओ तृतीय अनीता चौहान से शिकायत कर फोन करने वाले पर कार्रवाई की मांग की है।

महिला के मुताबिक 22 फरवरी की रात एसएसपी के निर्देश पर सुभाषनगर के मढ़ीनाथ निवासी प्रवीन शंखधार के खिलाफ छेड़छाड़, गाली गलौज, जान से मारने की धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। रविवार को उनके पास एक कॉल आई और कॉल करने वाले ने खुद को बरेली जिला डीएसपी बताकर केस से संबंधित बातचीत की। उसने आरोपी का नाम बताने के बाद जल्द जेल भिजवाकर कार्रवाई की बात कही। उसने कहा कि नारकोटिक्स की धारा में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। इसके बाद आरोपी ने फाइल चार्ज का हवाला देते हुए सात हजार रुपये की मांग की। इस पर महिला ने मिलने की इच्छा जाहिर की तो उसने मना कर दिया। आरोपी ने कहा कि रुपये गूगल पे या फोन पे के माध्यम से देने होंगे। ठगी का एहसास होने पर महिला ने जमात रजा ए मुस्तफा के मोइन खान को पूरी बात बताई। उन्होंने सीओ तृतीय से कार्रवाई की मांग की। बताया जा रहा है कि फोन करने वाला कथित पत्रकार है। सीओ तृतीय अनीता चौहान ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, जो भी साक्ष्य मिलेंगे उसे आधार बना कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 985 फ्लैग 1095 डीएमओ 865 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 88-90 मसूरी- 65-77 बासमती- 132 दाल दलहन : काला चना- 85 साबुत चना दाल- 86 मूंग साबुत- 110 राजमा- 125-130 दाल उड़द- 138 साबुत मसूर दाल- 100 मसूर दाल- 110 उड़द साबुत- 125 काबुली चना- 170 अरहर दाल- 150 लोबिया/करमानी- 120 सोयाबीन- 84 मूंगफली- 125 मटर (सूखी)- 57-62 मक्का- 30।

## एक नजर

### जनवरी में 18 माह के उच्च स्तर पर रहा इस्पात निर्यात

**नई दिल्ली।** देश का मासिक इस्पात निर्यात जनवरी, 2024 में 11 लाख टन के 18 माह के उच्चस्तर पर पहुंच गया है। 'स्टीलमिंट' ने यह जानकारी देते हुए कहा कि यूरोपीय संघ की मांग बढ़ने और वैश्विक स्तर पर अनुकूल कीमतों की वजह से इस्पात निर्यात का आंकड़ा अच्छा रहा है। शोध कंपनी स्टीलमिंट की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके अलावा घरेलू स्तर पर प्रतिस्पर्धी कीमतों ने निर्यात वृद्धि में योगदान दिया है। जनवरी, 2023 में इस्पात का निर्यात 6.7 लाख टन रहा था।

### कागज और पेपरबोर्ड का आयात 37 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह (अप्रैल-दिसंबर) के दौरान कागज और पेपरबोर्ड का आयात 37 प्रतिशत बढ़कर लगभग 14.7 लाख टन हो गया है। उद्योग निकाय इंडियन पेपर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईपीएमए) ने रविवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इससे स्थानीय कागज मिलें प्रभावित हुई हैं।

# अंगूठा लगाने पर मिलेंगे अनुदानित बीज

## उर्वरक की तर्ज पर पीओएस से होगी बिक्री, अनुदान काटकर लिया जाएगा सिर्फ कृषक अंश

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

● चल रहा परीक्षण, खरीफ 2024-25 में लागू करने की तैयारी



**अमृत विचार :** प्रदेश में उर्वरकों की तरह अनुदानित बीजों की बिक्री बायोमैट्रिक प्वांइट ऑफ सेल (पीओएस) मशीन से की जाएगी। साथ ही बीज खरीदने पर किसानों को पहले से अधिक रुपये नहीं देने पड़ेंगे, जो सरकार बाद में डीबीटी यानी अनुदान के तौर पर उनके खातों में भेजती है।

नई व्यवस्था में अनुदान काटकर सिर्फ कृष अंश ही लिया जाएगा। इससे किसानों को और राहत मिलेगी। बायोमैट्रिक आधार बेस्ड प्रणाली में अंगूठा लगाने पर किसान की पहचान होगी और उनका पूरा विवरण पीओएस मशीन पर दर्शाएगा। इसमें खतौनी, आधार व बैंक खाता विवरण आदि नहीं देना पड़ेगा। जो मैनुअली व्यवस्था में किसान देते आ रहे हैं। सरकार का पीओएस लागू करने का मकसद यह भी है कि इसमें बीजों की खरीद में फर्जीवाड़ा नहीं हो पाएगा। पीओएस का कृषि विभाग एक एजेंसी के साथ मलिहाबाद में परीक्षण कर रहा है। इसे मार्च तक पूरा कर खरीफ 2024-25 में पीओएस मशीन लागू करने की तैयारी है।

### किसानों की नहीं करनी पड़ेगी खोज, खत्म होगा झंझट

बायोमैट्रिक व्यवस्था में किसानों का पंजीयन, रसीद, टोकन, फीडिंग, बैंक विवरण, डीबीटी भेजना आदि कार्य नहीं होंगे। बीज खरीदने वाले किसानों की तलाश और सत्यापन का भी झंझट खत्म होगा। इन सब प्रक्रिया में विभाग के साथ किसानों का समय बचेगा और फौरन लाभ मिलेगा। वास्तविक किसानों को ही योजना का लाभ मिलेगा और इनकी पहचान आसान होगी।

### मिनी किट बांटने में मिली थी सफलता

प्रदेश सरकार ने खरीफ और रबी में बीजों की मिनी किट पीओएस मशीन से बांटे थे। इस प्रक्रिया में काफी आसानी हुई और किसानों को भागदौड़ नहीं करनी पड़ी और न ही किसी तरह के अभिलेख देने पड़े। ठीक इसी तर्ज पर धान, गेहूं, मक्का, दलहन, तिलहन, श्री अन्न डेंचा आदि के अनुदानित बीज पीओएस से बिक्री किए जाएंगे।

पीओएस से अनुदानित बीजों की बिक्री का परीक्षण चल रहा है। इसमें किसानों के साथ विभाग का काम आसान होगा। पारदर्शिता आएगी और सत्यापन आसान होगा। पहले से अधिक रुपये भी नहीं देने होंगे।

-बलराम वर्मा, उपनिदेशक कृषि, लखनऊ

## दस वर्षों में 8,300 मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की गईं

**नई दिल्ली।** मृदा स्वास्थ्य में सुधार और खेती में किसानों की लागत को कम करने के लिए 2014-15 से देश भर में लगभग 8,300 मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं। इसके अलावा, सरकार ने किसानों को 23.58 लाख मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी मुफ्त वितरित किए हैं। इस कदम का उद्देश्य उर्वरकों के संतुलित उपयोग को बढ़ावा देना, लागत में कटौती करना और फसल उत्पादकता को बढ़ावा देना है।

एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि किसानों के कल्याण के मूल में मृदा स्वास्थ्य है। सरकार वर्ष 2014-15 से मृदा स्वास्थ्य और उर्वरता पर राष्ट्रीय परियोजना के तहत मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन और मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजनाएं लागू कर रही है।

# एफपीआई ने बॉन्ड में किया 18,500 करोड़ रु. का निवेश

नई दिल्ली, एजेंसी

● जनवरी में 19,836 करोड़ रुपये से अधिक किए थे निवेश

भारत सरकार के बॉन्ड को जेपी मॉर्गन सूचकांक में शामिल करने के फैसले की वजह से देश के ऋण या बॉन्ड बाजार को लेकर विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का रुझान मजबूत बना हुआ है। इस महीने अबतक एफपीआई ने भारतीय बॉन्ड बाजार में 18,500 करोड़ रुपये डाले हैं।

इससे पहले जनवरी में एफपीआई ने भारतीय बॉन्ड बाजार में शुद्ध रूप से 19,836 करोड़ रुपये से अधिक डाले थे। यह पिछले छह साल में किसी एक माह में उनके निवेश का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। इससे पहले जून 2017 में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने बॉन्ड बाजार में 25,685 करोड़ रुपये का निवेश किया था।फिडेलफोलियो के संस्थापक एवं स्मॉलकेस प्रबंधक किस्लय उपाध्याय ने कहा, 'इस वर्ष वैश्विक बॉन्ड सूचकांकों में भारत के प्रवेश के साथ आगे चलकर भारतीय ऋण बाजार में प्रवाह स्थिर रहेगा। इसके अलावा इस वर्ष जून में जेपी मॉर्गन सूचकांक में भारत सरकार के बॉन्ड के शामिल होने से पहले भी गतिविधियों में तेजी देखने को मिल सकती हैं।'

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इस महीने अबतक एफपीआई ने शेयरों से शुद्ध रूप से 424 करोड़ रुपये निकाले हैं। इससे पहले जनवरी में उन्होंने शेयरों से 25,743 करोड़ रुपये की भारी निकासी की थी।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 72,300 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,650-47,850 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,200 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,050 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 72,500 |
| चांदी तैयार | 72,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,000 |
| चांदी पक्की | 714 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,850 |
| चांदी आभूषण | 71,900। |

# देश में विलय-अधिग्रहण सौदों की संख्या में 10% की गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

● पीडब्ल्यूसी की रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में 793 रही संख्या



भारत में 2023 के दौरान विलय और अधिग्रहण (एमएंडए) सौदों की संख्या सालाना आधार पर 10 प्रतिशत गिरकर 793 रह गई। पीडब्ल्यूसी इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में एमएंडए के लिए कुल घोषित सौदे के मूल्य में 38 प्रतिशत की भारी गिरावट आई है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि पीई (प्राइवेट इक्विटी) निवेश कुल 36 अरब अमेरिकी डॉलर था। यह राशि 2022 के मुकाबले 36 प्रतिशत की भारी गिरावट को दर्शाती है। इस गिरावट के बावजूद प्रति सौदा औसत निवेश 2022 में 4.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2023 में 4.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गया। पीडब्ल्यूसी इंडिया के पार्टनर दिनेश अरोड़ा ने कहा पूरे साल सीमित सौदों के बावजूद आखिरी तिमाही में कुछ गतिविधियां हुईं, जिससे हमें 2024 में तेजी की उम्मीद है।

## आईओसी, ओएनजीसी व गेल पर लगातार तीसरी तिमाही जुर्माना लगा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज तेल और गैस कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), ओएनजीसी और गेल (इंडिया) पर उनके निदेशक मंडल में निदेशकों की अनिवार्य संख्या रखने के मानदंड को पूरा नहीं करने के चलते लगातार तीसरी तिमाही में जुर्माना लगाया गया है। शेयर बाजार पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, आईओसी, ओएनजीसी और ओआईएल, गेल व तेल रिफाइनरी एचपीसीएल एवं मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) पर कुल 32.5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

# एक दशक में दोगुना हुआ परिवारों का मासिक खर्च

नई दिल्ली, एजेंसी

● राष्ट्रीय नमूना सर्वे कार्यालय के ताजा अध्ययन में खुलासा



देश में परिवारों का प्रति व्यक्ति मासिक घरेलू खर्च 2011-12 की तुलना में 2022-23 में दोगुना से अधिक हो गया है। राष्ट्रीय नमूना सर्वे कार्यालय (एनएसएसओ) के ताजा अध्ययन से यह जानकारी मिली है। आधिकारिक बयान के अनुसार, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के तहत एनएसएसओ ने अगस्त, 2022 से जुलाई, 2023 के दौरान परिवारों का उपभोग खर्च सर्वे (एचसीईएस) आयोजित किया।

इस सर्वेक्षण का उद्देश्य देश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों और विभिन्न सामाजिक-आर्थिक समूहों के लिए घरेलू मासिक प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय (एमपीसीई) और इसके वितरण का अलग-अलग अनुमान तैयार करना है। सर्वेक्षण के अनुसार, मौजूदा कीमतों पर शहरी क्षेत्रों में औसत एमपीसीई (बिना वैकल्पिक आंकड़ों के) 2011-12 के 2,630 रुपये से 2022-23 में दोगुना से अधिक होकर 6,459 रुपये हो गया है। इसी तरह ग्रामीण इलाकों में यह 1,430 रुपये से बढ़कर 3,773 रुपये हो गया है। अध्ययन के अनुसार, 2011-12 की कीमतों पर शहरी क्षेत्रों में औसत एमपीसीई (बिना वैकल्पिक आंकड़ों के) 2011-12 के 2,630 रुपये से बढ़कर 2022-23 में 3,510 रुपये हो गया है।

इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में यह 1,430 रुपये से बढ़कर 2,008 रुपये हो गया है। इससे पता चला कि शहरी क्षेत्रों में मौजूदा कीमतों पर औसत एमपीसीई (वैकल्पिक आंकड़ों के साथ) भी 2011-12 के 2,630 रुपये से बढ़कर 2022-23 में 6,521 रुपये हो गया है।

## राष्ट्रीय

# भारत की नारी शक्ति हर क्षेत्र में छू रही नई ऊंचाइयां

## रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 110वीं और अपने मौजूदा काल की आखिरी कड़ी में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'नारी शक्ति' की प्रशंसा की और कहा कि वे हर क्षेत्र में प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 110वीं कड़ी में कहा कि आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस देश की विकास यात्रा में नारी शक्ति के योगदान को सलाम करने का अवसर है।

मोदी ने कहा, 'आज देश में कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है, जहां नारी शक्ति पीछे रह गई हो। एक अन्य क्षेत्र जहां महिलाओं ने अपनी नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया है, वह प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण और स्वच्छता है।' उन्होंने कहा कि देश की 'मातृशक्ति' धरती मां को बचाने में बड़ी भूमिका निभा रही है, जो रसायनों के कारण पीड़ा और कठिनाइयों का सामना कर रही हैं। उन्होंने कहा, 'महिलाएं अब प्राकृतिक खेती को देश के हर कोने में पहुंचा रही हैं। आज अगर जल जीवन मिशन के तहत देश में इतना काम हो रहा है तो उसमें जल समितियों की बड़ी भूमिका रही है। इन जल समितियों का नेतृत्व केवल महिलाओं के पास है।'

### 'तीन माह बाद 111वीं कड़ी में नई ऊर्जा के साथ मिलूंगा'

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 'मन की बात' का प्रसारण अगले तीन महीने नहीं होगा और इसके बाद आकाशवाणी के इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 111वीं कड़ी में वह नई ऊर्जा के साथ लोगों से मिलेंगे। इस कार्यक्रम की 110वीं कड़ी में मोदी ने मार्च के महीने में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने की संभावना जताई। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह 'मन की बात' की बहुत बड़ी सफलता है कि इसकी पिछली 110 कड़ियों को 'सरकार की परछाई से भी दूर' रखा गया है।

**सीतापुर की ड्रोन दीदी से की बात:** प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ साल पहले तक किसने सोचा होगा कि भारत में भी गांवों में रहने वाली महिलाएं ड्रोन उड़ाएंगी। उन्होंने कहा, 'लेकिन आज यह संभव हो रहा है। आज हर गांव में ड्रोन दीदी की कितनी चर्चा है। 'नमो ड्रोन दीदी, नमो ड्रोन दीदी' हर किसी की जुबान पर है।' प्रधानमंत्री ने यूपी के सीतापुर की 'ड्रोन दीदी' सुनीता से भी बात की। सुनीता ने अपने ड्रोन प्रशिक्षण के बारे में बात की और बताया कि यह खेती में कैसे मदद करता है।

उन्होंने कहा, 'महान कवि भरतियार जी ने कहा है कि दुनिया तभी समृद्ध होगी, जब महिलाओं को समान अवसर मिलेंगे। आज भारत की नारी शक्ति हर क्षेत्र में प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रही है। बहनें-बेटियां जल संरक्षण के लिए भरसक प्रयास कर रही हैं।' मोदी ने महाराष्ट्र की कल्याणी प्रफुल्ल पाटिल से भी बात की और प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने के लिए उनके काम की सराहना की। उन्होंने कहा, 'चाहे सुनीता जी हों या कल्याणी जी, विभिन्न क्षेत्रों में नारी शक्ति की सफलता बहुत प्रेरणादायक है। मैं एक बार फिर हमारी नारी शक्ति की इस भावना की हृदय से सराहना करता हूं।'

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों के जीवन में प्रौद्योगिकी के बढ़ते महत्व के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'मोबाइल फोन और डिजिटल गैजेट्स हर किसी के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गए हैं। डिजिटल गैजेट्स की मदद से अब हमें जंगली जानवरों के साथ संतुलन बनाने में मदद मिल रही है।'

# संविधान बदलने के किए जा रहे प्रयास

बेंगलुरु, एजेंसी

### कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने लगाए आरोप



'संविधान एवं राष्ट्रीय एकता सम्मेलन' में खरगे, येचुरी व अन्य नेता।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को दावा किया कि संविधान को बदलने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों को चेताया कि अगर वे आगामी लोकसभा चुनाव में मजबूती से और एकजुट होकर खड़े नहीं हुए तो भारत में निश्चित रूप से तानाशाही होगी। वह यहां 'संविधान एवं राष्ट्रीय एकता सम्मेलन-2024' के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

खरगे ने दावा किया, 'कई लोग संविधान को मिटाने या बदलने की कोशिश कर रहे हैं। यदि आप आगामी चुनाव में मजबूत और एकजुट नहीं होते हैं और यदि संविधान प्रभावित होता है, तो यह निश्चित है कि आने वाले दिनों में इस देश में तानाशाही होगी। क्या आप तानाशाही चाहते हैं या न्याय के साथ जीवन जीना चाहते हैं, यह (तय करना) महत्वपूर्ण है।' उन्होंने कहा कि अगर संविधान बचेगा, तो इस देश की एकता बचेगी। अगर लोकतंत्र बचा रहेगा, तो हर कोई समृद्धि के साथ रह सकता है, लेकिन आज केंद्र में ऐसी सरकार नहीं है, जो या तो संविधान की रक्षा करती हो या संविधान को ध्यान में रखकर काम करती हो। कांग्रेस अध्यक्ष ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इसीलिए संविधान की रक्षा करना और उसका पालन करना सबसे महत्वपूर्ण है। खरगे ने नागरिकों से एक निश्चित विचारधारा थोपने की कोशिश करके उन्हें गुमराह करने के प्रयासों से सावधान रहने का आह्वान किया। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा संविधान को हटाकर नया संविधान बनाने की साजिश की जा रही है।

## एक नजर

### संघ कार्यालय के खाली मैदान में मिला हथगोला

**भिंड।** शहर में स्थित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यालय परिसर के खाली मैदान में एक निष्क्रिय हथगोला मिला है, जिसके बारे में माना जा रहा है कि वह 30 से 35 साल पुराना है। पुलिस अधीक्षक असित यादव ने कहा कि हथगोला संभवत: पास के इलाके से संघ कार्यालय परिसर में पहुंचा, जहां पहले डीडी गांव में पुलिस फायरिंग रेंज थी। उन्होंने बताया कि खोजी कुत्तों के साथ एक बम निरोधक दस्ते को मौके पर भेजा गया और पाया गया कि हथगोला निष्क्रिय था।

### कांग्रेस विधायक वेंकटप्पा नाइक का निधन

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के शोरापुर से कांग्रेस विधायक राजा वेंकटप्पा नाइक का रविवार को एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 64 वर्ष के थे और दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हुआ। वेंकटप्पा नाइक के निधन की पुष्टि 'मणिपाल अस्पताल' ने अपराह्न 1 बजकर करीब 50 मिनट पर की। अस्पताल ने एक बयान में कहा कि उनके परिवार ने निजता का सम्मान करने का अनुरोध किया है। चार बार के विधायक को हाल ही में कर्नाटक राज्य भंडारण निगम के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था।

## वायुसेना विमान से लाया गया लिवर, पूर्व सैनिक की जान बची

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सेना के एक अस्पताल से चिकित्सकों के एक दल को लिवर लाने के लिए पुणे ले जाने के वास्ते बहुत कम समय में भारतीय वायुसेना के डोर्नियर विमान को तैनात किया गया, जिससे यहां एक पूर्व सैन्य कर्मी की जान बचाई गई। वायुसेना ने रविवार को विमान और चिकित्सकों के दल की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा कीं।

## बीजापुर में आईईडी विस्फोट में जवान शहीद

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों द्वारा लगाए गए एक 'प्रेशर इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' (आईईडी) में रविवार को विस्फोट होने से छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के एक हेड कांस्टेबल की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि घटना नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में मिरतुर थाना क्षेत्र के बेचापाल पदमपारा गांव के पास अपराह्न करीब 3.30 बजे घटी। सीएएफ का एक दल इलाके में नियंत्रण हासिल करने के अभियान पर निकला हुआ था। उन्होंने कहा कि बेचापाल पुलिस शिविर से कुतुलपारा गांव की तरफ यह अभियान शुरू किया गया था। अधिकारी ने बताया कि जब यह दल शिविर के पास पहुंचा, तो सीएएफ की 19वीं बटालियन के हेड कांस्टेबल राम आशीष यादव का पैर गलती से प्रेशर आईईडी पर पड़ गया और विस्फोट होने से उनकी मृत्यु हो गई।

## अरुणाचल में कांग्रेस-एनपीपी के दो-दो विधायक भाजपा में शामिल

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश में चुनाव से पहले कांग्रेस और नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के दो-दो विधायक सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल हो गए। कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक और पूर्व केंद्रीय मंत्री निनोंग ईरिंग (पासीघाट पश्चिम सीट) और वांगलिन लोवांगडांग (बोरदुरिया-बोगापानी निर्वाचन क्षेत्र) और एनपीपी के मुच्चू मीठी (रोइंग विधानसभा) और गोकर बसर (बसर विधानसभा) यहां स्थित भाजपा के राज्य मुख्यालय में एक समारोह के दौरान पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए।

## कैमूर में भीषण सड़क हादसा, नौ की मौत

**पटना।** बिहार के कैमूर जिले में रविवार देर शाम एनएच-2 पर भीषण सड़क हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना मोहनिया थाना क्षेत्र में देवकली के समीप हुई। हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो सवार सासाराम की तरफ से वाराणसी की तरफ जा रहा है। वाहन जैसे ही देवकली गांव के समीप पहुंचा, एक बाइक सवार को टक्कर मारते हुए अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर दूसरी तरफ चला गया, जहां सामने से आ रहे कंटेनर में टकरा गया। इस हादसे में स्कॉर्पियो सवार, बाइक चालक सहित कुल नौ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद एनएच-2 पर गाड़ियों का लंबा जाम लग गया, जहां सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है।

# हरियाणा में इनेलो नेता की गोलियों से भूनकर हत्या

चंडीगढ़, एजेंसी

● हमले में इनेलो उपाध्यक्ष के तीन निजी गनर भी घायल



हरियाणा के झज्जर जिले में इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष नफे सिंह राठी की अज्ञात हमलावरों ने रविवार को गोली मारकर हत्या कर दी। हमले में राठी के तीन निजी बंदूकधारी भी घायल हो गए। पूर्व विधायक राठी एक स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) में जा रहे थे। इसी दौरान झज्जर के बहादुरगढ़ शहर में कार सवार हमलावरों ने उन पर हमला किया।

इनेलो नेता अभय चौटाला ने को बताया कि राठी की झज्जर जिले में गोली मारकर हत्या कर दी गई। उन्होंने सरकार पर राठी की जान को खतरा होने के बावजूद सुरक्षा मुहैया कराने में विफल रहने का आरोप लगाया और राज्य के मुख्यमंत्री और गृह मंत्री के इस्तीफे की मांग की। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि यह घटना राज्य की कानून-व्यवस्था को दर्शाती है। आज राज्य में कोई भी सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है।

## दो दशक से फरार सिमी का सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने 'स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया' (सिमी) के 47 वर्षीय एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। सिमी के सदस्य ने कई भोले-भाले युवाओं को गुमराह करने के अलावा प्रतिबंधित संगठन की एक पत्रिका का संपादन भी किया था। पुलिस के मुताबिक, हनीफ शेख पिछले 22 साल से फरार था। अधिकारियों ने बताया कि उसे 22 फरवरी को महाराष्ट्र के जलगांव जिले के भुसावल से पकड़ा गया, जहां वह अपनी पहचान बदलकर एक उर्दू स्कूल में शिक्षक था। वर्ष 2001 में राष्ट्रीय राजधानी के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस थाने में उसके खिलाफ राजद्रोह और यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# कस्टडी में रेप के 275 मामले हुए दर्ज, सर्वाधिक यूपी में

नई दिल्ली, एजेंसी

● एनसीआरबी ने वर्ष 2017 से 2022 तक के आंकड़े किए जारी, दूसरे नंबर पर मध्य प्रदेश



**यह लोग होते हैं अपराधी:** एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, अपराधियों में पुलिसकर्मी, लोक सेवक, सशस्त्र बलों के सदस्य के अलावा जेलों, सुधार गृहों, हिरासत स्थलों एवं अस्पतालों के कर्मचारी भी शामिल हैं। महिला अधिकार कार्यकर्ताओं ने इन घटनाओं के लिए कानून प्रवर्तन प्रणालियों में संवेदनशीलता और जवाबदेही की कमी को जिम्मेदार बताया है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार 2017 से 2022 तक हिरासत में बलात्कार के 270 से अधिक मामले दर्ज किए गए। महिला अधिकार कार्यकर्ताओं ने इन घटनाओं के लिए कानून प्रवर्तन प्रणालियों में संवेदनशीलता और जवाबदेही की कमी को जिम्मेदार बताया है।

एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, अपराधियों में पुलिसकर्मी, लोक सेवक, सशस्त्र बलों के सदस्य और जेलों, सुधार गृहों, हिरासत स्थलों एवं अस्पतालों के कर्मचारी शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार, 2017 में 89 में मामले दर्ज किए गए थे, जो 2018 में घटकर 60, वर्ष 2019 में 47, वर्ष 2020 में 29, वर्ष 2021 में 26 और 2022 में 24 रह गए। इससे पता चलता है कि पिछले कुछ वर्षों में ऐसे मामलों में धीरे-धीरे कमी आई है। हिरासत में बलात्कार के मामले भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (2) के तहत दर्ज किए जाते हैं। वर्ष 2017 के बाद से हिरासत में बलात्कार के दर्ज किए गए 275 मामलों में से, सबसे अधिक 92 मामले यूपी में दर्ज किए गए। इसके बाद 43 मामलों के साथ मध्य प्रदेश दूसरे स्थान पर रहा।

'पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया' की कार्यकारी निदेशक पूनम मुत्तरेजा ने कहा, "हिरासत व्यवस्था दुर्व्यवहार के लिए ऐसे अवसर प्रदान करती है, जहां सरकारी कर्मचारी अक्सर अपनी शक्ति का इस्तेमाल यौन इच्छा पूरी करने के लिए करते हैं।"

पूनम मुत्तरेजा ने कहा, "ऐसे कई उदाहरण हैं, जहां महिलाओं को उनके संरक्षण या उनकी कमजोर स्थिति, जैसे तस्करी या घरेलू हिंसा के कारण हिरासत में लिया गया और उनके साथ यौन हिंसा की गई, जो प्रशासनिक संरक्षण की आड़ में शक्ति के दुरुपयोग को दर्शाता है।"

## खेल डायरी

### ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 27 रन से हराया



**ऑकलैंड, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने वर्षा से प्रभावित तीसरे और अंतिम टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में रविवार को न्यूजीलैंड को डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत 27 रन से हराकर 3 मैच की श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। न्यूजीलैंड के कप्तान मिशेल सेंटनर ने अपने 100वें टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में बारिश को देखते हुए टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। ऑस्ट्रेलिया की पारी में बारिश ने 3 बार व्यवधान डाला और अंतत: 10 .4 ओवर में 4 विकेट पर 118 रन के स्कोर पर उसकी पारी को खत्म करना पड़ा। डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत न्यूजीलैंड को 10 ओवर में 126 रन का लक्ष्य मिला। न्यूजीलैंड की टीम इसके जवाब में स्पेंसर जॉनसन (दो ओवर में 10 रन पर 1 विकेट), एडम जंपा (दो ओवर में 20 रन पर 1 विकेट), नाथन एलिस (दो ओवर में 11 रन) और मिशेल स्टार्क (दो ओवर में 15 रन) की गेंदबाजी के सामने 10 ओवर में 3 विकेट पर 98 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स ने 24 गेंद में 5 चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 40 रन बनाए लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।

### हारिस राऊफ कंधे की चोट से पीएसएल से बाहर

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस राऊफ कंधे में चोट के कारण पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) के बाकी मैचों से बाहर हो गए हैं। पीएसएल में लाहौर कलंदर्स के लिए खेलने वाले इस 30 वर्षीय तेज गेंदबाज को शुक्रवार रात कराची किंग्स के खिलाफ क्षेत्ररक्षण करते समय कंधे में चोट लग गई थी और वह मैदान से बाहर चले गए थे। फिटनेस हासिल करने के लिए उन्हें चार से छह सप्ताह का समय लगेगा। लाहौर कलंदर्स के प्रवक्ता ने कहा कि एमआरआई स्कैन और अन्य परीक्षणों से पता चला है कि उनके कंधे में चोट है जिसे ठीक होने में समय लगेगा इसलिए वह पीएसएल से बाहर हो गए हैं। यह गत चैंपियन लाहौर की टीम के लिए बड़ा झटका है जो लगातार चार मैच हार चुकी है।

### थोनाकल ने एलीट पुरुषों की स्पर्धा जीती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व एशियाई चैंपियन गोपी थोनाकल ने रविवार को नई दिल्ली मैराथन का खिताब जीता लेकिन पेरिस ओलंपिक क्वालीफाइंग स्तर को हासिल करने से चूक गए। एशियाई मैराथन 2017 का खिताब जीतने वाले 35 वर्षीय गोपी ने पुरुष एलीट स्पर्धा में 42 .195 किमी की दूरी दो घंटे 14 मिनट और 40 सेकेंड में पूरी की। वह दो घंटे 8 मिनट 10 सेकेंड के पेरिस ओलंपिक के क्वालीफाइंग स्तर से पीछे रहे। 2017 में भी गोपी दो घंटे 13 मिनट 39 सेकेंड के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से भी पीछे रहे। 2021 में खिताब जीतने वाले श्रीनू बुगाथा दो घंटे 14 मिनट 41 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान पर रहे जबकि अक्षय सैनी ने दो घंटे 15 मिनट 27 सेकेंड के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

### तुर्की महिला कपः भारत ने हांगकांग को 2-0 से हराया

**अलान्या (तुर्की), एजेंसी।** भारत की सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम ने शनिवार को तुर्की महिला कप में हांगकांग को 2-0 से हराकर दक्षिण एशियाई सर्किट के बाहर अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय खिताब जीतने की ओर कदम बढ़ाया। भारत ने पहले 5 बार एसएएफएफ कप और 3 बार एसएएफ गेम्स का स्वर्ण पदक जीता है, लेकिन कभी भी एक और अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप हासिल नहीं कर सका, वह भी तब, जब दो यूरोपीय टीमें उनकी प्रतिद्वंद्वी थीं। टूर्नामेंट के पहले मैच में भारत ने एस्टोनिया को 4-3 से हराया था। गोल्ड सिटी कॉम्प्लेक्स में अंजू तमांग और सौम्या गुगुलोथ ने दो गोल करके भारत के लिए 3 अंक सुरक्षित किए। ब्लू टाइग्रेसेस के अब अपने दो मैचों में छह अंक हैं और 27 फरवरी को अंतिम राउंड - रॉबिन मुकाबले में कोसोवो से भिड़ेंगे, जिसे वस्तुत: फाइनल कहा जा सकता है। कोसोवो ने भी दो मैचों से छह अंक जुटाए हैं और प्रशंसकों को विजेता का फैसला करने के लिए भारत-कोसोवो मैच के नतीजे का इंतजार करना होगा। भारत ग्रुप तालिका में कोसोवो के बाद दूसरे स्थान पर है, जो बेहतर गोल अंतर से आगे है। भारत ने अच्छी शुरुआत की और हांगकांग पर बढ़त बना ली। इंदुमति काथिरेसन, अंजू तमांग और प्यारी ज़ाक्सा, सभी ने 5 मिनट में प्रतिद्वंद्वी गोल पर एक-एक सफलता हासिल की।

# अश्विन-कुलदीप ने इंग्लैंड को 145 रन पर समेटा

## चौथे टेस्ट के तीसरे दिन 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की अच्छी शुरुआत

**रांची, एजेंसी**

भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला



ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव के 9 विकेट से चौथे टेस्ट मैच के तीसरे दिन रविवार को इंग्लैंड की दूसरी पारी को 145 रन पर समेट दिया, जिसके बाद भारत ने 192 रन का पीछा करते हुए बिना विकेट खोए 40 रन बनाकर अपना पलड़ा भारी रखा।

दिन का खेल खत्म होने पर कप्तान रोहित शर्मा 24 जबकि यशस्वी जायसवाल 16 रन पर खेल रहे थे। भारत को जीत के लिए 152 रन की दरकार है। रोहित ने अपनी इस पारी के दौरान टेस्ट क्रिकेट में चार हजार रन पूरे किए। दूसरी पारी में अब तक हुए 8 ओवर में रोहित सकारात्मक नजर आए। वह अब तक 27 गेंद पर 4 चौके मारे चुके हैं। उन्हें जो रूट, टॉम हार्टले और शोएब बशीर का सामना करने में कोई परेशानी नहीं हुई। अश्विन (51 रन पर 5 विकेट) ने इससे पहले 35वीं बार पारी में 5 या इससे अधिक विकेट चटकाए जबकि कुलदीप (22 रन पर 4 विकेट) ने 4 बल्लेबाजों को आउट किया जिससे जैक क्राउली (91 गेंद में 60 रन, 7 चौके) की पारी के बावजूद इंग्लैंड दूसरी पारी में 145 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड के पहली पारी के 353 रन के जवाब में सुबह भारत अपनी पहली पारी में 307 रन पर सिमट गया और 46 रन से पिछड़ गया। ध्रुव जुरेल ने 90 रन की जुझारू पारी खेल टीम का स्कोर 300 रन के पार पहुंचाया। अश्विन ने रविंद्र जडेजा (56 रन पर 1 विकेट) के साथ दूसरी पारी में नई गेंद से शुरुआत की। उन्होंने पांचवें ओवर में बेन डकेट (15) और ओली पोप (00) को आउट किया। डकेट ने शॉर्ट लेग पर सरफराज खान को कैच थमाया जबकि पोप पगबाधा हुए। अश्विन ने अनिल कुंबले (350 विकेट) के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। अश्विन ने जो रूट (11) को पगबाधा करके इंग्लैंड का स्कोर 3 विकेट पर 65 रन किया। मैदानी अंपायर के आउट न देने पर डीआरएस का फैसला भारत के पक्ष में गया। क्राउली ने इस बीच कुछ शॉट खेलकर इंग्लैंड की बढ़त को 150 रन के पार पहुंचाया। उन्होंने अश्विन और जडेजा के खिलाफ रन बटोरे। उन्होंने जॉनी बेयरस्टो (30) के साथ 67 गेंद में 45 रन की साझेदारी की। पहली पारी में 12 ओवर फेंकने वाले कुलदीप ने तीसरे ओवर में क्राउली को बोल्ड कर इंग्लैंड को चौथा झटका दिया। कुलदीप ने इसके बाद कप्तान बेन स्टोक्स (4) को भी बोल्ड करके इंग्लैंड का स्कोर 5 विकेट पर 120 रन किया। जॉनी बेयरस्टो (30) ने जडेजा की गेंद पर शॉर्ट कवर पर रजत पाटीदार को आसान कैच थमाया। टॉम हार्टले (07) ने जडेजा के ओवर में छक्का जड़ा लेकिन कुलदीप की गेंद पर मिड ऑन पर सरफराज के हाथों लपके गए। इसी ओवर में कुलदीप ने ओली रॉबिन्सन (00) को भी पगबाधा किया। बेन फोक्स (17) और शोएब बशीर (नाबाद 1) ने 12 ओवर तक भारतीय गेंदबाजों को सफलता से दूर रखा लेकिन अश्विन ने फोक्स को अपनी ही गेंद पर लपककर 12 रन की इस साझेदारी को तोड़ दिया। अश्विन ने दो गेंद बाद जेम्स एंडरसन (0) को भी जुरेल के हाथों कैच कराके इंग्लैंड की पारी का अंत किया और 35वीं बार पारी में 5 या इससे अधिक विकेट चटकाने का कारनामा किया। इससे पहले जुरेल ने जुझारू अर्धशतक बनाया। जुरेल ने दबाव का सामना करते हुए 90 रन की पारी खेली। उन्होंने कुलदीप (28) के साथ आठवें विकेट के लिए 76 और आकाश दीप (9) के साथ नौवें विकेट के लिए 40 रन की साझेदारी की। जुरेल ने 96 गेंद में अर्धशतक पूरा करने के बाद बशीर (119 रन पर 5 विकेट) और टॉम हार्टले (68 रन पर 3 विकेट) की इंग्लैंड की स्पिन जोड़ी के खिलाफ बड़े शॉट खेले। जुरेल ने हार्टले की गेंद पर एक रन के साथ अर्धशतक पूरा किया। उन्हें 59 रन के स्कोर पर ओली रॉबिन्सन ने जीवनदान दिया जिसके बाद उन्होंने बशीर को चौका और छक्का मारा। हार्टले ने हालांकि उन्हें बोल्ड करके शतक से वंचित किया। वह आउट होने वाले अंतिम बल्लेबाज रहे। इससे पहले बशीर ने आकाश को पगबाधा करके अपने दूसरे टेस्ट में पहली बार 5 विकेट चटकाए।



### सबसे ज्यादा विकेट लेकर अश्विन ने रचा इतिहास



भारत में विकेट **354**

अनिल कुंबले ने 63 टेस्ट मैच में 350 विकेट चटकाए थे

**रांची, एजेंसी।** भारत और इंग्लैंड के बीच जेएससीए क्रिकेट मैदान में खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच के तीसरे दिन आज आर. अश्विन ने सबसे अधिक विकेट लेने का नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। अश्विन ने भारत में खेले अपने 59 टेस्ट मैच में 354 विकेट लेकर यह रिकॉर्ड बनाया है। इससे पहले भारत भूमि पर यह रिकॉर्ड अनिल कुंबले के नाम था जिन्होंने 63 टेस्ट मैच में 350 विकेट चटकाए थे। अश्विन ने आज 35वीं बार टेस्ट मैच की 1 पारी में 5 विकेट लेकर अनिल कुंबले के सबसे अधिक बार पांच विकेट लेने की बराबरी की। विश्व क्रिकेट में अब अश्विन से ज्यादा एक पारी में 5 विकेट लेने का रिकॉर्ड रिचर्ड हैडली, शेन वॉर्न और मुथैया मुरलीधर के नाम है। हैडली ने 36 बार, शेन वॉर्न ने 37 बार और मुथैया मुरलीधरन ने 67 बार 1 पारी में 5 विकेट लिए थे। अनिल कुम्बले ने अपने 132 टेस्ट मैच में 619 विकेट लिए थे जबकि अश्विन ने 99 टेस्ट मैच में 507 विकेट हासिल कर चुके हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवा क्रिकेट टेस्ट मैच 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा और यह अश्विन का 100वां टेस्ट मैच होगा।

### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड (पहली पारी-353) दूसरी पारी | 145/10 (53.5 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| जैक क्राउली बो कुलदीप | 60 | 91 | 7/0 |
| बेन डकेट का सरफराज बो अश्विन | 15 | 15 | 2/0 |
| ओली पोप पगबाधा बो अश्विन | 00 | 01 | 0/0 |
| जो रूट पगबाधा बो अश्विन | 11 | 34 | 0/0 |
| जॉनी बेयरस्टो का पाटीदार बो जडेजा | 30 | 42 | 3/0 |
| बेन स्टोक्स बो कुलदीप | 04 | 13 | 0/0 |
| बेन फोक्स का एवं बो अश्विन | 17 | 76 | 0/0 |
| टॉम हार्टले का सरफराज बो कुलदीप | 07 | 25 | 0/1 |
| ओली रॉबिन्सन पगबाधा बो कुलदीप | 00 | 03 | 0/0 |
| शोएब बशीर नाबाद | 01 | 20 | 0/0 |
| जेम्स एंडरसन का जुरेल बो अश्विन | 00 | 03 | 0/0 |

अतिरिक्त: 00, विकेट पतन: 1-19, 2-19, 3-65, 4-110, 5-120, 6-120, 7-133, 8-133, 9-145,10-145, गेंदबाजी: अश्विन 15 .5-0-51-5, जडेजा 20-5-56-1, सिराज 3-0-16-0, कुलदीप 15-2-22-4

| भारत (पहली पारी) | 307/10 (103.2 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| यशस्वी जायसवाल बो बशीर | 73 | 117 | 8/1 |
| रोहित शर्मा का फोक्स बो एंडरसन | 02 | 09 | 0/0 |
| शुभमन गिल पगबाधा बो बशीर | 38 | 65 | 6/0 |
| रजत पाटीदार पगबाधा बो बशीर | 17 | 42 | 4/0 |
| रविंद्र जडेजा का पोप बो बशीर | 12 | 12 | 0/2 |
| सरफराज खान का रूट बो हार्टले | 14 | 53 | 1/0 |
| ध्रुव जुरेल बो हार्टले | 90 | 149 | 6/4 |
| रविचंद्रन अश्विन पगबधा बो हार्टले | 01 | 13 | 0/0 |
| कुलदीप यादव बो एंडरसन | 28 | 131 | 2/0 |
| आकाश दीप पगबाधा बो बशी | 09 | 29 | 0/1 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 00 | 06 | 0/0 |

अतिरिक्त: 23, विकेट पतन: 1-4, 2-86, 3-112 4-130, 5-161, 6-171, 7-177, 8-253, 9-293,10-307, गेंदबाजी: एंडरसन 18-4-48-2,रॉबिन्सन 13-0-54-0, बशीर 44-8-119-5, हार्टले 27 .2-6-68-3, रूट 1-0-1-0

| भारत (दूसरी पारी) | 40/0 (8 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| यशस्वी जायसवाल खेल रहे | 16 | 21 | 1/0 |
| रोहित शर्मा का खेल रहे | 24 | 27 | 4/0 |

अतिरिक्त: 0, विकेट पतन: 00, गेंदबाजी: बशीर 1-0-1-0, हार्टले 3-0-22-0, रूट 4-0-17-0

# रोज 140 ओवर बल्लेबाजी कर टेस्ट के लिए तैयार हुए जुरेल

**नई दिल्ली, एजेंसी**



इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में प्रभावित करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने रोजाना नेट सत्र में 4 घंटे स्पिन का सामना करने के अलावा सैकड़ों थ्रोडाउन और 14 अलग-अलग गेंदबाजों के खिलाफ खेलकर टेस्ट के लिए खुद को तैयार किया। राजकोट टेस्ट में पदार्पण करने वाले जुरेल ने रविवार को चौथे टेस्ट की पहली पारी में 90 रन की पारी खेली। आगरा के जुरेल ने 18 महीने कड़ी मेहनत करके खुद को तैयार किया और 'महेंद्र सिंह धोनी जैसी खेल की समझ' के लिए सुनील गावस्कर भी उनकी सराहना कर चुके हैं।

मुंबई के पूर्व बल्लेबाज और राजस्थान रॉयल्स के हाई परफॉर्मेंस निदेशक जुबिन भरूचा ने बात की जिसका जुरेल ने टेस्ट श्रृंखला की शुरुआत से पहले तलेगांव में रॉयल्स की हाई परफॉर्मेंस अकादमी (एचपीसी) में ट्रेनिंग के दौरान पालन किया। यशस्वी को भी तैयार कर चुके भरूचा ने कहा कि हम प्रारूप (टी-20, एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय या टेस्ट) पर ध्यान दिए बिना 18 महीनों से तैयारी कर रहे हैं और ध्यान सिर्फ इस पर रहा कि कैसे और कहां रन बनाए जाएं। 1990 के दशक में मुंबई की टीम के लिए रवि शास्त्री, सचिन तेंदुलकर, संजय मांजरेकर और विनोद कांबली के साथ खेलने वाले भरूचा ने बताया कि (पदार्पण) टेस्ट मैच से ठीक पहले वह तलेगांव में राजस्थान रॉयल्स एचपीसी आए और एक दिन में 140 ओवर तक बल्लेबाजी की। स्पिन की अनुकूल सतहों पर 4 घंटे से अधिक समय लगा। यह अभ्यास सत्र जायसवाल के सत्र से मेल खाता था। टेस्ट में 1 दिन में 90 ओवर होते हैं, यानी 540 गेंदें और अतिरिक्त गेंद, लेकिन 140 ओवर में 1 दिन में 840 गेंदें होती हैं। भरूचा ने कहा कि सभी (गेंदबाज और थ्रोडाउन) साथ खड़े होते हैं और गेंद फेंकते हैं। यह फ्लिक के लिए एक थ्रो, फिर कट, पुल, स्ट्रेट ड्राइव के क्रम में होता है। हम कई सतह (स्पिन की अनुकूल, घास वाली, उछाल वाली, गीले सीमेंट वाली) पर कई प्रकार की गेंदों (रबर, टेनिस, क्रिकेट) और कई प्रकार के बल्लों (भारी/हल्के/पतले आदि) के साथ इसे करते हैं। इसके भीतर हमारे पास एक समूह है जो इसे हाथ से करता है और दूसरा समूह इसे वेंजर (थ्रोडाउन उपकरण रोबोआर्म) के साथ करता है।

# इरफान ने आकाशदीप की सराहना की, यशस्वी को बताया 'विशेष'

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने रांची में पदार्पण करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के पहले दिन 3 विकेट चटकाकर तुरंत प्रभाव डालने के लिए रविवार को आकाशदीप की सराहना की। इरफान ने कहा कि एक तेज गेंदबाज के लिए भारत में पदार्पण करना मुश्किल होता है लेकिन आकाशदीप ने गेंदबाजी की और 3 विकेट लिए, उसने उज्ज्वल भविष्य का संकेत दिया।

इरफान ने कहा कि एक बल्लेबाज के रूप में आप चाहते हैं कि आपका पदार्पण भारत में हो लेकिन एक तेज गेंदबाज के रूप में आप इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका या न्यूजीलैंड में पदार्पण करने का सपना देखते हैं। उन्होंने कहा कि मैच के पहले सत्र में उसने जिस तरह से गेंदबाजी की और 3 विकेट लिए वह सराहनीय है। हम उम्मीद करते हैं कि यहां से आकाश के करियर का ग्राफ ऊपर ही जाएगा। इरफान ने सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की भी प्रशंसा की जो किसी टेस्ट श्रृंखला में 600 या इससे अधिक रन बनाने वाले देश के पांचवें खिलाड़ी बन गए। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि यशस्वी जायसवाल बहुत ही खास क्रिकेटर है, उनका भविष्य बहुत उज्ज्वल है। मैराथन में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद इफरान ने कहा कि भारत में एक खेल राष्ट्र बनने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों में भाग लेना वास्तव में विशेष है। मेरा हमेशा से विश्वास रहा है कि भारत एक खेल राष्ट्र बन सकता है।

## बॉलीवुड हलचल

### 'सारिपोधा सनिवारम' का टीजर रिलीज




मुंबई, एजेंसी। नैचुरल स्टार नानी की एक्शन से भरपूर फिल्म 'सारिपोधा सनिवारम' का टीजर रिलीज हो गया है। विवेक आत्रेया द्वारा निर्देशित और डीवीवी दानय्या द्वारा डीवीवी एंटरटेनमेंट के तहत निर्मित, फिल्म 'सारिपोधा सनिवारम' का दूसरा मुख्य शेड्यूल हाल ही में पूरा किया गया था और अब निर्माताओं ने 'सारिपोधा सनिवारम' की आधिकारिक टीज़र कर दिया गया है।मल्टिलिंगग्वल रिलीज, यह फिल्म तेलुगु, तमिल, कन्नड़, हिंदी और मलयालम में रिलीज होगी। 'सारिपोधा सानिवारम' के टीजर में नेचुरल स्टार नानी को 'सूर्या' के रूप में पेश किया गया है, जो एक एक्शन स्टार के रूप में नजर आ रहे हैं।

### सिद्धार्थ की 'योद्धा' का गाना जिंदगी तेरे नाम जारी



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा की आने वाली फिल्म योद्धा का पहला गाना जिंदगी तेरे नाम रिलीज हो गया है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी 'योद्धा' का निर्माण करण जौहर ने किया है। 'योद्धा' का पहला गाना जिंदगी तेरे नाम रिलीज हो गया है। जिंदगी तेरे नाम गाने में सिद्धार्थ मल्होत्रा और राशि खन्ना की रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिली है। इस गाने को विशाल मिश्रा ने गाया और कंपोज भी किया है। लिरिक्स विशाल और कौशल किशोर ने लिखी है। 'ज़िंदगी तेरे नाम' गाना को लेकर सिद्धार्ध मल्होत्रा ने कहा कि यह गाना मेरे लिए बहुत खास है। यह प्यार और समर्पण की भावना को दर्शाता है। मुझे उम्मीद है कि यह गाना दर्शकों को पसंद आएगा और उनके दिलों को छू जाएगा।राशि खन्ना ने कहा कि ज़िंदगी तेरे नाम सिर्फ शब्द नहीं, एक एहसास है। प्यार में डूबे दिल की धड़कन से जुड़ा यह गाना "योद्धा" में प्यार की कहानी बयान करता है।

### करीना और तब्बू की फिल्म 'क्रू' का टीजर रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर,कृति सैनन और तब्बू की आने वाली फिल्म 'क्रू' का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म 'क्रू' के टीजर में करीना कपूर, तब्बू और कृति सैनन एयर होस्टेस बनकर फुल ऑन ड्रामा करती नजर आ रही हैं।फिल्म के टीजर की शुरुआत 'कुर्सी की पेटी बांध लीजिए क्योंकि यहां का तापमान आपके लिए बहुत गर्म होने वाला है' जैसे डायलॉग से होती है। टीजर में दिखाया गया है कि तब्बू, कृति सैनन और करीना कपूर अपनी एयर होस्टेस की नौकरी से बेहद परेशान हो चुकी हैं और इससे पीछा छुड़ाने के लिए कुछ भी करने लग जाती हैं। 'क्रू' के टीजर को कृति सैनन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। उन्होंने कैप्शन में लिखा है, कुर्सी की पेटी बांध लीजिए क्योंकि यहां का तापमान आपके लिए बहुत गर्म होने वाला है। टीजर में कपिल शर्मा भी दिखाई दे रहे हैं।इस फिल्म को बालाजी मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनाया गया है जिसके निर्देशक राजेश कृष्णन हैं। यह फिल्म 29 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### गोल्डी और निकिता का 'देवरा के रंग' जारी

**मुंबई।** गायिका गोल्डी यादव और अभिनेत्री निकिता भारद्वाज का होली सांग 'देवरा के रंग' रिलीज हो गया है। भोजपुरी होली गीत 'देवरा के रंग' को वर्ल्डवाइड रिकॉड्‌र्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। वर्ल्डवाइड रिकॉड्‌र्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'देवरा के रंग' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने को गीतकार आशुतोष तिवारी ने लिखा है, जबकि संगीतकार आर्या शर्मा ने दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन वर्मा, एडिटर आलोक गुप्ता,डिजाइनर बादशाह खान हैं। मिक्स मास्टर अंकित अहीर, डीआई रोहित सिंह, प्रोडक्शन पंकज सोनी ने किया है। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉड्‌र्स के पास है।



### विज्ञापनों से शाहिद ने की थी शुरुआत



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर आज 43 वर्ष के हो गए। 25 फरवरी 1981 को दिल्ली में जन्में शाहिद कपूर को अभिनय की कला विरासत में मिली। शाहिद कपूर के पिता पंकज कपूर जाने-माने अभिनेता है। शाहिद ने कॅरियर की शुरुआत विज्ञापनों से की। बतौर अभिनेता शाहिद ने कॅरियर की शुरूआत 2003 में प्रदर्शित फिल्म इश्क विश्क से की। फिल्म को औसत सफलता मिली। इस फिल्म के लिए शाहिद फिल्म फेयर की ओर से सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के डेब्यू पुरस्कार से सम्मानित किए गए। इश्क विश्क के बाद शाहिद ने फिदा, दिल मांगे मोर, दीवाने हुए पागल, वाह लाइफ हो तो ऐसी, शिखर, 36 चाइना टाउन, चुप चुप के जैसी फिल्मों में काम किया, लेकिन सभी फिल्में टिकट खिड़की पर ढेर हो गई। 2006 में शाहिद को सूरज बड़जात्या की फिल्म विवाह में काम का अवसर मिला। शाहिद ने संजीदा अभिनय कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। फिल्म सुपरहिट साबित हुई। इसके साथ शाहिद फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गए। 2007 में प्रदर्शित फिल्म जब वी मेट शाहिद के करियर की उल्लेखनीय फिल्मों में शुमार की जाती है। इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी इस फिल्म में शाहिद और करीना की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया।

### सेना में काम करना चाहते थे डैनी



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता डैनी 76 वर्ष के हो गए। 25 फरवरी 1948 को जन्में डैनी बचपन के दिनों में सेना में काम करना चाहते थे। डैनी ने पश्चिम बंगाल से सर्वश्रेष्ठ कैडेट का पुरस्कार जीता और गणतंत्र दिवस के मौके पर परेड में भाग भी लिया। बाद में देश के प्रतिष्ठित आर्म फोर्सेज मेडिकल कॉलेज पुणे में उनका चयन भी हो गया लेकिन उन दिनों उनका मन चिकित्सक बनने की बजाय किसी अभिनेता बनने की ओर हो गया और उन्होने पुणे फिल्म इंस्टीच्यूट में अभिनय के प्रशिक्षण के लिये दाखिला ले लिया।अभिनय का प्रशिक्षण लेने के बाद डैनी ने अपने सिने कैरियर की शुरूआत नेपाली फिल्म सलिनो से की जो टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुई। इस बीच उन्होंने नेपाली फिल्मों के लिए पाश्र्वगायन भी किया। सत्तर के दशक में अभिनेता बनने का सपना लिए डैनी मुंबई आ गए। अपने वजूद को तलाशते वह लगभग तीन वर्ष तक संघर्ष करते रहे।इस बीच उन्होंने रॉखी और हथकड़ी, मिलाप, जरूरत, नया नशा, नई दुनिया नए लोग, चालाक और खून-खून जैसी कई बी ग्रेड फिल्मों में काम किया लेकिन ये सभी टिकट खिड़की पर असफल साबित हुई।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

## एक नजर

### महाराष्ट्र राज्य परिवहन बस में लगी आग, बाल-बाल बचे यात्री

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे में रविवार को राज्य परिवहन की एक बस में आग लगने से उसमें यात्रा कर रहे लगभग 45 यात्री बाल-बाल बच गए। यह घटना सुबह के 8 :18 मिनट की है। यह घटना तब घटी जब बस 40-45 यात्रियों को लेकर पड़ोसी रायगढ़ जिले के खोपट बस डिपो से पाली की तरफ जा रही थी। बस में अचानक से आग लग गई। घटना की जानकारी पाकर पुलिस ने आपदा प्रबंधन सेल को इसकी सूचना दी। स्थानीय दमकल और आपदा प्रबंधन सेल के कर्मचारियों ने यात्रियों को बस से बाहर निकाला इस हादसे में किसी के हताहत होने की कोई जानकारी नहीं है। आग लगने का कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।



**आगरा।** विश्व की धरोहर ताजमहल की साए में सालों पुरानी पुष्प प्रदर्शनी को अध्यात्म से सजाया गया है। इस बार प्रदर्शनी ताजमहल के पार्श्व में लगाई गई है। पर्यटक प्रदर्शनी में फूलों से बनाई हनुमान, सीता, जटायु और जामवंत की आकृति के साथ-साथ ताजमहल का भी दीदार कर सकेंगे।

### प्रख्यात फिल्मकार कुमार साहनी का बंगाल के अस्पताल में निधन

**मुंबई।** भारतीय सिनेमा के प्रख्यात फिल्म निर्माता कुमार साहनी का 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया।



उन्होंने माया दर्पण, चार अध्याय और कस्बा जैसी फिल्मों का निर्देशन किया। साहनी की करीबी दोस्त और अभिनेत्री मीता वशिष्ठ ने बताया कि निर्देशक का शनिवार रात कोलकाता के एक अस्पताल में निधन हो गया। कुमार के साथ काम कर चुकीं वशिष्ठ ने कहा, बीमारी के कारण उनका निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे। अभिनेत्री ने कहा साहनी के परिवार में पत्नी और दो बेटियां हैं।

### इजराइल-हमास युद्धविराम के प्रयास में जुटे अमेरिका-अरब देश

**वाशिंगटन।** करीब पांच महीने से जारी गाजा युद्ध में दूसरी बार युद्धविराम की स्थितियां बन रही हैं। यह युद्धविराम भी सीमित समय के लिए होगा और इसका मुख्य उद्देश्य गाजा में बंधक बने करीब 130 इजराइली नागरिकों को मुक्त कराना होगा। इन हमलों के बीच इजराइली सेना ने विस्थापितों के बीच बचकर भाग रहे कई हमास लड़ाकों को पकड़ा है। अमेरिका और अरब देश में युद्धविराम का प्रयास कर रहे हैं। पेरिस में हुई बैठक से युद्ध समाधान होने की संभावना है।

# पाकिस्तान के पंजाब में सीएम का चुनाव आज, मरियम नवाज पर टिकी निगाहें

## नवाज शरीफ की पार्टी के पास पंजाब विधानसभा में है दो-तिहाई बहुमत

**इस्लामाबाद, एजेंसी**



पाकिस्तान के तीन बार के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज पंजाब प्रांत की पहली महिला मुख्यमंत्री बनेंगी। आज मुख्यमंत्री के रूप में निर्वाचित होने जा रही हैं। शरीफ के नेतृत्व वाली पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने पंजाब विधानसभा में स्पीकर और डिप्टी स्पीकर दोनों पद हासिल कर लिए हैं।

पंजाब विधानसभा के सचिव आमेर हबीब ने कहा, 'पंजाब के मुख्यमंत्री का चुनाव सोमवार को होगा। उम्मीदवार रविवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं।

चूंकि, पाकिस्तान के इतिहास में पीएमएल-एन की उपाध्यक्ष मरियम का पहली महिला मुख्यमंत्री बनना तय माना जा रहा है क्योंकि उनकी पार्टी के पास अब पंजाब विधानसभा में दो-तिहाई बहुमत है। इसलिए पद को अपने नाम करने में कोई समस्या नहीं आएगी। बता दें, मुख्यमंत्री पद के लिए चुनाव पीएमएल-एन की मरियम नवाज और पीटीआई समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के उम्मीदवार राणा आफताब अहमद के बीच होगा। पंजाब विधानसभा के मैराथन सत्र में शनिवार को विधायकों ने गुप्त मतदान के जरिए पीएमएल-एन नेता मलिक अहमद खान को सदन का संरक्षक और जहीर इकबाल चन्नार को उपमुख्यमंत्री चुना। मलिक अहमद खान शरीफ के वफादार हैं, जिन्होंने पीटीआई समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के उम्मीदवार मलिक अहमद खान बछार को हराया था।

### खैबर पख्तूनख्वा में लगातार तीसरी बार बनेगी पीटीआई सरकार



पाकिस्तान में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) लगातार तीसरी बार खैबर पख्तूनख्वा (केपीके) में सरकार बनाने को तैयार है। इसके लिए 28 फरवरी को विधानसभा सत्र बुलाया गया है। राज्यपाल के कार्यलय से जारी आदेश के अनुसार 'खैबर पख्तूनख्वा (केपीके) प्रांत के राज्यपाल हाजी गुलाम अली ने शनिवार को प्रांत के मुख्यमंत्री के चुनाव के लिए 28 फरवरी को प्रांतीय विधानसभा का सत्र बुलाया है। केपीके विधानसभा में आरक्षित सीटों पर निर्वाचित 10 महिलाओं और चार अल्पसंख्यकों सहित कुल 145 सदस्य हैं।

### 9 मार्च को होगा राष्ट्रपति चुनाव, आसिफ अली जरदारी रेस में आगे

पाकिस्तान में हुए आम चुनाव में धांधली के आरोप लग रहे हैं। इन आरोपों से बेखबर पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने राष्ट्रपति चुनाव कराने की तैयारी कर ली है। चुनाव आयोग ने 9 मार्च को राष्ट्रपति चुनाव कराने का एलान कर दिया है। पाकिस्तान के उच्च सदन सीनेट से आधे सदस्य अपना छह साल का कार्यकाल पूरा कर जल्द ही रिटायर होने वाले हैं। ऐसे में सीनेटर्स के रिटायरमेंट से दो दिन पहले 9 मार्च को राष्ट्रपति पद का चुनाव कराया जाएगा। पाकिस्तान का राष्ट्रपति बनने की रेस में पीपीपी नेता आसिफ अली जरदारी सबसे आगे हैं। पीपीपी के एक नेता ने बताया कि मौजूदा सीनेटर्स राष्ट्रपति का चुनाव करेंगे। नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएलएन के नेतृत्व में छह पार्टियां आसिफ अली जरदारी को समर्थन दे रहे हैं।

## कुलगाम में आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड चार गिरफ्तार

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। सुरक्षा बलों ने लश्कर-ए-तैयबा के सहयोगी चार आतंकियों को गिरफ्तार कर पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किए हैं।

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रविवार को बताया है कि, गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) यूए (पी) अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले पर कार्रवाई करते हुए, 1 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) और 18 बीएन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के साथ कुलगाम में चार आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार कर, उनके पास से हथियार तथा गोला-बारूद बरामद किया है।

आतंकवादी सहयोगियों की पहचान जहूर अहमद पंडित, बसीर हुसैन पंडित, इम्तियाज गुल और गुलजार अहमद खार के रूप में की गई है। सभी वानपोरा के रहने वाले हैं। पुलिस ने कहा कि उनके कब्जे से एक पिस्तौल, दो पिस्तौल मैगजीन, 20 पिस्तौल राउंड, चार यूबीजी और 24 इंसास राउंड बरामद किए गए हैं। पुलिस ने कहा- मामले की जांच जारी है।

# हूती विद्रोहियों के 18 ठिकानों पर अमेरिका-ब्रिटेन का हमला



रविवार को यमन में अमेरिका-ब्रिटेन के हवाई हमले के बाद ठिकानों से उठता धुआं।

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका और ब्रिटिश सेना द्वारा हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर कार्रवाई जारी है। अमेरिकी और ब्रिटिश सेना ने यमन में हूती विद्रोहियों के 18 ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की है। अमेरिकी और ब्रिटिश सेना ने ये कार्रवाई लाल लागर और अदन की खाड़ी में हूती विद्रोहियों द्वारा जहाजों पर किए जा रहे हमले के जवाब में की है।

अधिकारियों ने बताया कि अमेरिकी और ब्रिटिश सेना ने शनिवार को यमन में एक दर्जन से अधिक हूती ठिकानों को तबाह किया है। अमेरिका ने यमन के सबसे अधिक आबादी वाले हिस्सों पर नियंत्रण रखने वाले हूती विद्रोहियों को निशाना बनाया है। बयान में कहा गया है कि ये सैन्य कार्रवाई यमन में आठ स्थानों पर की गई है, जिसमें हूती विद्रोहियों के 18 ठिकानों को तबाह किया गया है।

इनमें भूमिगत हथियार और मिसाइल भंडारण सुविधाएं, वायु रक्षा प्रणाली, रडार और एक हेलीकॉप्टर शामिल थे। बता दें कि अमेरिका और ब्रिटिश सेना की इस कार्रवाई को ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, कनाडा, डेनमार्क, नीदरलैंड और न्यूजीलैंड का समर्थन मिला है। हूती विद्रोहियों द्वारा संचालित समाचार एजेंसी अल मसीरा टीवी ने शनिवार को कहा कि अमेरिका और ब्रिटेन की सेना ने राजधानी सना में सिलसिलेवार हमले किए हैं।

# मुझे मारना चाहते हैं फडणवीस मनोज जरांगे ने लगाया आरोप

**मुंबई, एजेंसी**

मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने राज्य सरकार पर सरकारी नौकरियों और शिक्षा में समुदाय के लिए आरक्षण के लिए चल रहे उनके आंदोलन को कमजोर करने के लिए साजिश रचने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा- आंदोलन को कमजोर करने के लिए साजिश की जा रही है। मनोज जरांगे ने रविवार को एलान किया कि वह महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के आवास के बाहर प्रदर्शन करेंगे। जालना के अंतरवाली सराटी में जरांगे ने करीब एक घंटे तक भाषण दिया। इस दौरान उन्होंने फडणवीस के खिलाफ कई आरोप लगाए। जरांगे ने कहा, कुछ लोगों को मेरे खिलाफ झूठे आरोप लगाने के लिए लालच दिया जा रहा है।



- कहा आंदोलन को कमजोर करने की साजिश की जा रही

उन पर दबाव डाला जा रहा है। इन साजिशों के पीछे फडणवीस का हाथ है। वह मुझे मारना चाहते हैं। मैं सागर बंगले (मुंबई के मालाबार हिल में फडणवीस का आधिकारिक आवास) तक मार्च करने के लिए तैयार हूं। इस एलान ने उनके समर्थकों को हैरान कर दिया।

इस एलान से सभा स्थल पर अफरातफरी मच गई। जरांगे के समर्थक बड़ी संख्या में एकत्र हुए थे। उनमें से जब कुछ ने उनका माइक्रोफोन छीनने की कोशिश की तो जरांगे ने कहा कि वह अकेले मुंबई तक मार्च करेंगे।

## यूएई में नई भर्ती नीति से भारतीयों की नौकरी में कटौती की आशंका

**दुबई, एजेंसी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में नौकरियों में नई नीति लागू करने से भारतीयों की नौकरियों पर व्यापक असर पड़ने की आशंका पैदा हो गई है। नई नीति के तहत प्रत्येक कंपनी को 20 फीसदी कर्मचारी विविध नागरिकता के रखने होंगे।

यूएई सरकार ने इसे कार्यबल में अधिक विविधता का नाम दिया है। यूएई की सरकार का कहना है कि इससे कार्यक्षेत्र में अलग-अलग देशों के लोगों की भागीदारी में वृद्धि होगी। संयुक्त अरब अमीरात में आम चलन है कि अभी जिस भी नागरिकता के कंपनी मालिक होते हैं उनका प्रयास होता है कि वे अपने देश के नागरिकों ही नौकरी पर रखें। कई भारतीय अथवा यूं कहें कि किसी भी अन्य नागरिकता के मालिक की कोशिश होती है कि अपने ही देश के लोगों को ही रखते हैं। नए नियम से भारतीय उद्यमियों को भी 20% जॉब्स अन्य देशों के लोगों को देने होंगे। यूएई में वर्तमान में 39 लाख भारतीयों में से 35 लाख वर्कफोर्स में हैं।

# बंगाल : लोस चुनाव से पहले तैनात होंगी केंद्रीय बलों की 150 कंपनियां

**कोलकाता, एजेंसी**

बंगाल में कानून व्यवस्था की स्थिति और पूर्व में चुनावी हिंसा के इतिहास को देखते हुए केंद्रीय चुनाव आयोग ने एक अभूतपूर्व फैसले में लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले ही राज्य में केंद्रीय बलों को भेजने का फैसला किया है।

केंद्रीय चुनाव आयोग के अधिकारी ने बताया कि चुनाव की घोषणा से पहले मार्च के पहले सप्ताह में ही केंद्रीय बलों की 150 कंपनियां बंगाल पहुंच जाएगी। इनमें 100 कंपनी एक मार्च को जबकि बाकी 50 कंपनी सात मार्च को पहुंचेगी। चुनाव की तैयारियों के संबंध में स्थिति का जायजा लेने के लिए चुनाव आयोग की पूर्ण पीठ तीन मार्च को बंगाल के दौरे पर आने वाली है, जो पांच मार्च तक यहां रहेगी। उससे पहले ही केंद्रीय बलों को भेजने का निर्णय लिया गया है। 10 मार्च के बाद देश में लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा का



अनुमान है। आयोग के अनुसार, शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने और मतदाताओं में विश्वास जगाने के लिए चुनाव से काफी पहले से ही राज्य के संवेदनशील हिस्सों में केंद्रीय बलों की तैनाती का निर्णय लिया गया है।

बंगाल के चुनावी इतिहास में यह पहली बार है जब चुनाव की घोषणा से पहले ही केंद्रीय बलों की तैनाती होने जा रही है। राज्य में मुख्य विपक्षी भाजपा ने आयोग के इस फैसले का स्वागत किया है।

## आज केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** मानहानि मामले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करेगा।

2018 में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ध्रुव राठी की ओर से जारी एक वीडियो को सोशल मीडिया पर साझा करने से जुड़े आपराधिक मानहानि मामले में जारी समन को हाईकोर्ट के आदेश में बरकरार रखा गया था। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की पीठ इस मामले पर सोमवार को सुनवाई कर सकता है। पांच फरवरी को दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा था कि कथित अपमानजनक सामग्री को दोबारा पोस्ट करने पर मानहानि का कानून लागू होगा।

## किसानों का हंगामा...





**पेरिस :** फ्रांस में किसान आंदोलन तेज होता जा रहा है। किसान लालफीताशाही, खाद्य पदार्थों के आयात और यूरोपीय संघ की पर्यावरण नीतियों का विरोध कर रहे हैं। इस क्रम में कृषि मेले के अंदर किसानों ने हंगामा किया। उनका पुलिस से भी सामना हुआ। उन्होंने राष्ट्रपति मैक्रों के खिलाफ नारेबाजी कर इस्तीफे की मांग की। कई किसानों को गिरफ्तार भी किया गया है। कुछ प्रदर्शनकारियों ने नेताओं के घर के बाहर दीवार बनाकर विरोध जताया। उनका कहना था कि वह भ्रष्ट नेताओं का रास्ता ही बंद कर देंगे। ● एजेंसी

# मणिपुर में छापेमारी के दौरान हथियार-विस्फोटक बरामद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- एक अन्य छापेमारी में पश्चिमी इंफाल जिले के कीसपंत से तीन लोगों को किया गिरफ्तार

मणिपुर पुलिस ने चुराचांदपुर जिले के दो गांवों में तलाशी अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए। सुरक्षा बलों ने हाओलेनजांग गांव के बाहरी इलाके में चार आग्नेयास्त्र, एक मोर्टार और गोला-बारूद जब्त किया। एक अधिकारी ने बताया कि उनके पास से 120 रुपये के नकली नोट भी मिले।

वहीं एक अन्य छापेमारी में पश्चिमी इंफाल जिले के कीसपंत जंक्शन से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से दो एसएलआर राइफलें भी जब्त की गई है। एक अधिकारी ने बताया कि उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और आगे की कार्रवाई जारी है। असम के कर्बी आंगलोंग जिले में तीन लोगों को भारी हथियार और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया गया। गुप्त सूचना मिलने के बाद पुलिस और सीआरपीएफ ने संयुक्त अभियान चलाया, जिसके तहत आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के बाद आरोपी पुलिस को उस स्थान पर ले गए, जहां उन्होंने हथियार छिपाकर रखा था। हथियार प्लास्टिक के पैकेट में लपेटकर रखा हुआ था। हथियार में एके श्रृंखला वाली राइफल्स और मैगजीन्स भी शामिल थी।

## महिलाओं के स्थायी कमीशन मामले में सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) की महिला अधिकारी प्रियंका त्यागी की याचिका पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करेगा, जिसमें भारतीय तटरक्षक बल में महिलाओं को स्थायी कमीशन देने की मांग की गई है।

हालांकि, पहले की सुनवाई में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने से इन्कार करने के लिए केंद्र और भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) को सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई थी। कोर्ट ने कहा था कि आईसीजी में महिलाओं के उत्थान के लिए ऐसी नीति बनानी चाहिए, जो महिलाओं के लिए ईमानदारी से काम करें। कोर्ट ने केंद्र से कहा- सेना और नौसेना महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन दे रही है, तो तटरक्षक बल को अछूता नहीं रखा जा सकता।

# भारत-जापान सैन्य अभ्यास शुरू दो सप्ताह तक दिखाएंगे ताकत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत और जापान ने रविवार को राजस्थान के 'महाजन फील्ड फायरिंग रेंज' में दो सप्ताह का सैन्य अभ्यास शुरू किया। यह अभ्यास आम सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने को लेकर सहयोग बढ़ाने के लिए किया जा रहा है।

अधिकारियों ने कहा कि भारतीय सेना और जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स के बीच अभ्यास 'धर्म गार्जियन' भारत-जापान सामरिक सहयोग के व्यापक ढांचे के तहत आयोजित किया जा रहा है। यह एक वार्षिक सैन्य अभ्यास है और बारी-बारी से भारत व जापान में आयोजित किया जाता है। उन्होंने बताया कि दोनों देशों की टुकड़ी में 40-40 जवान शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया



कि जापानी दल का प्रतिनिधित्व 34वीं इन्फैंट्री रेजिमेंट के जवान कर रहे हैं जबकि भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व राजपूताना राइफल्स की एक बटालियन कर रही है।

भारतीय सेना ने कहा कि अभ्यास का उद्देश्य सैन्य सहयोग और संयुक्त अभियानों को अंजाम देने के लिए दोनों पक्षों की क्षमताओं को बढ़ाना है। उन्होंने आगे कहा कि इस दौरान अस्थायी ऑपरेटिंग बेस को तैयार करना, एक खुफिया-निगरानी और टोही ग्रिड बनाना जैसे अभ्यास किए जाएंगे।

# प्राइमरी चुनाव में ट्रंप की बड़ी जीत, निक्की को दी शिकस्त

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- साउथ कैरोलाइना जीत के बाद राष्ट्रपति पद की दौड़ में एक कदम और आगे बढ़े ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति पद की दौड़ में डोनाल्ड ट्रंप को बड़ी सफलता मिली है। डोनाल्ड ट्रंप ने साउथ कैरोलिना में हुए रिपब्लिकन प्राइमरी चुनाव जीत लिया है। उन्होंने निक्की हेली को उनके गृह राज्य में मात दी है।

मीडिया के मुताबिक, डोनाल्ड ट्रंप ने इससे पहले आयोवा, न्यू हैम्पशायर, नेवादा, यूएस वर्जिन आइलैंड्स और निक्की हेली के गृह राज्य साउथ कैरोलिना में जीत हासिल की है। इस जीत के साथ ही ट्रंप राष्ट्रपति पद की दौड़ में एक कदम और आगे बढ़ गए हैं। डोनाल्ड ट्रंप से साउथ कैरोलिना में मिली हार के बाद निक्की हेली ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि मैंने पहले ही यह साफ कर दिया है कि कैरोलिना में चाहे कुछ भी हो जाए, मैं राष्ट्रपति पद की रेस को आगे भी जारी रखूंगी। मैं अपने शब्दों




पर कायम रहने वाली महिला हूं। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप की जीत से निक्की हेली पर दबाव बढ़ेगा, जो 2011 से 2017 तक साउथ कैरोलिना की पूर्व गर्वनर थीं। हालांकि, उन्होंने साउथ कैरोलिना में मिली हार के बाद 5 मार्च को होने वाले 'सुपर मंगलवार' के जरिये राष्ट्रपति पद की रेस में बने रहने का संकल्प लिया है। निक्की हेली ने हाल के दिनों में कहा था कि वह 5 मार्च को होने वाले रिपब्लिकन प्राइमरी चुनाव के लिए सीधे मिशिगन जाएंगी।

## राष्ट्रपति बाइडन ने शी जिनपिंग को बताया रूस का राष्ट्रपति

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन को उनकी कमजोर याददाश्त और बढ़ती उम्र के चलते कई बार आलोचनाओं का शिकार होना पड़ा है।

- अमेरिकी राष्ट्रपति की याददाश्त पर फिर उठे गंभीर सवाल

अब एक बार फिर जो बाइडन गलती कर गए हैं। दरअसल एक कार्यक्रम में बोलते हुए चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को जो बाइडन ने रूस का राष्ट्रपति बता दिया। बाइडन ने तुरंत ही उन्होंने खुद को सही किया और जिनपिंग को चीन का राष्ट्रपति बताया। बाइडन ने पुराना किस्सा बताते हुए कहा कि 'वह (बराक ओबामा) चाहते थे कि मैं शी जिनपिंग के बारे में जानकारी हासिल करूं क्योंकि ये साफ था कि वे (जिनपिंग) रूस के राष्ट्रपति बनने जा रहे थे, नहीं चीन के।

**आयोजन** मुकेश अंबानी के बेटे अनंत के प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन में एक हजार से ज्यादा वीआईपी मेहमानों को न्योता, बिल गेट्स, इवांका, जुकरबर्ग भी होंगे शामिल

# शाही जश्न... अनंत-राधिका का प्री वेडिंग सेलिब्रेशन 1 से 3 मार्च तक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उद्योगपति मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत, और एनकोर हेल्थकेयर के सीईओ वीरेन मर्चेंट की बेटी राधिका जुलाई को मुंबई में शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। इससे पहले 1 से 3 मार्च तक गुजरात के जामनगर में प्री- वेडिंग सेलिब्रेशन होगा।

रिलायंस टाउनशिप में जश्न की तैयारियां जोरों पर हैं। देश-दुनिया की दिग्गज हस्तियां इस सेलिब्रेशन में शामिल होंगी। सूत्रों के मुताबिक एक हजार मेहमानों को निमंत्रण भेजा गया है। शादी से पहले होने वाले समारोहों में बड़े उद्योगपतियों, फिल्मी सितारों से लेकर क्रिकेटरों को शामिल होने का न्योता दिया गया है। 1 मार्च को सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक मुंबई और दिल्ली से विशेष चार्टर्ड विमान स उपलब्ध



रहेंगे, जो मेहमानों को जामनगर लेकर स पहुंचेंगे। उन्हें 3 घंटे के भीतर लॉन्ड्री सेवा मिल जाएगी। हर मेहमान के लिए अलग हेयर अ स्टाइलिस्ट, साड़ी ड्रेपर और मेकअप सर्विस उपलब्ध रहेगी। मेहमानों को मनपसंद खाने के ने साथ मेडिकल सुविधाएं भी दी जाएंगी। **तीनों दिन की अलग थीम, वैसा ही ड्रेस कोडः** पहले दिन की थीम 'इवनिंग इन एवरलैंड' रखी गई है, इसके लिए ड्रेस कोर्ड 'एलिगेंट कॉकटेल रहेगा।

अगले दिन की थीम 'ए वॉक ऑन द वाइल्डसाइड' है, इसमें ड्रेस कोड थीम जंगल फीवर रखा है। इसमें मेहमानों को सिंपल ड्रेस और आरामदेह फुटवियर पहनने का आग्रह किया जाएगा। इसके बाद मेला रूज इवेंट होगा। इसमें चमकदार भारतीय ड्रेसेस अहम रहेंगी। तीसरे दिन की थीम टस्कर टेल्स रखी गई है। इसमें ड्रेस कोड कैजुअल ठाठ रखा गया है। इस इवेंट में जामनगर की संस्कृति से प्रेरित पारंपरिक ड्रेसेस पर फोकस रहेगा। समापन इवेंट का शीर्षक हस्ताक्षर है। इसमें ड्रेस कोड हेरिटेज वियर रहेगा।





### विदेश के मेहमानों को भी मिला न्योता

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप की बेटी इवांका, मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग, माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स, अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई, एडोब के सीईओ शांतनु नारायण, वॉल्ट डिज्नी के सीईओ बॉब इगर, ब्लैकरॉक के सीईओ लैरी फिंक, एडनोक के सीईओ सुल्तान अहमद अल जाबेर शामिल हैं। भारतीय उद्योग जगत के दिग्गजों गौतम अडाणी, टाटा संस के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन, आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला, गोदरेज परिवार, इन्फोसिस के प्रमुख नंदन नीलेकणि, आरपीएसजी समूह के प्रमुख संजीव गोयनका, विप्रो के ऋषद प्रेमजी, बैंकर उदय कोटक को भी इन समारोहों के लिए आमंत्रित किया गया है।

### बाहुबली की टीम सेट तैयार कर रही

प्री- वेडिंग सेलिब्रेशन के लिए दो महीने से भव्य मुंब सेट का निर्माण चल रहा है। बाहुबली फिल्म ने में सेट डिजाइनर्स इसे तैयार कर रहे हैं। सेट बेट की डिजाइन शीश महल जैसी रखी गई है। इसके अलावा गुजरात की महिलाएं शादी के लिए बांधनी स्कार्फ तैयार कर रही हैं। रिलायंस फाउंडेशन ने इससे जुड़ा वीडियो शेयर किया, चेयरपर्सन नीता अंबानी भी इन महिलाओं के साथ नजर आ रही हैं।